## सिरका परियोजना को मिला नया पानी टैंकर , कर्मियों में खुशी

**गिद्दी।** सिरका परियोजना को पांच हजार लीटर क्षमता वाली नया पानी टैंकर मिला है । इस नये टैंकर का सिरका वर्कशॉप कहुवाबेड़ा में रविवार को सिरका खान अधीक्षक रमेश कुमार एवं प्रोफेक्ट इंजीनियर एक्सवेशन रंजीत कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की गई । साथ ही इन दोनों अधिकारियों ने कहा कि पहले का पानी टैंकर सर्वे ऑ? हो चुका है । अब नया टैंकर सिरका परियोजना को मिलने से कोलियरी में धुलकण नहीं उड़ेगें और कोयले का उत्पादन करने में दिक्कत नहीं होगी। पानी टैंकर मिलने से सिरका परियोजना के कर्मियों में खुशी की लहर है । मौके पर सिरका वर्कशॉप में कार्यरत कर्मियों में ललन यादव , सन्नी महतो , मुन्ना भारद्वाज, सुखदेव सिंह , सतीश दास , बैजनाथ झा , हरबिंदर महतो , मनोज पाल , सुखदेव महतो , चमन महतो आदि उपस्थित थे।

# मनीष जायसवाल का गोला में तुफानी दौरा, 11 पंचायत के 18 गांवों में किया जनसंपर्क

**विजय सिन्हा/रविकान्त बनर्जी**



**रामगढ।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के एनडीए उम्मीदवार मनीष जायसवाल ने रामगढ़ जिले के गोला प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों का तुफानी दौरा भीषण गर्मी के बीच किया और इस क्षेत्र के 11 पंचायतों के 18 गांवों में पहुंचकर जनसंपर्क और जनसंवाद किया। सांसद उम्मीदवार मनीष जायसवाल के गांव में आने की सूचना पाकर उन्हें देखने - सुनने को हरेक जगहों पर लोगों का सैलाब उमड़ पडा। मनीष जायसवाल ने अपने गोला प्रखंड क्षेत्र के दौरे की विधिवत शुरुआत मां छिन्नमस्तिका की पावन धरती रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के गोला प्रखंड स्थित हुप्पु पंचायत स्थित तोयर गाँव के स्व.दशरथ महतो चौक से किया। वहां पहुंचने पर सर्वप्रथम उनका स्थानीय भाजपा एवं आजसू के कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से गाजे बाजे के साथ फूल- माला पहनाकर और पुष्पगुच्छ भेंटकर अभिनंदन किया। तत्पश्चात् हुप्पू, खोखा, बंदा, मूरपा, कोराम्बे, रकवा, सुतरी, मगनपुर बाज़ारटांड़, सोसोकला, कुम्हारदग्गा, डभातु बाज़ार टांड़, बरियातू अखाड़ा, कामता बरवाटांड़, गोला चौक बाज़ार और चाडी हेरमदग्गा पहुंचकर विकास के नाम पर फिर एकबार मोदी सरकार बनाने की अपील करते हुए भाजपा के पक्ष में कमल फूल छाप पर मतदान करने का आग्रह किया। इस दौरान हरेक गांवों में एनडीए सांसद उम्मीदवार मनीष जायसवाल का स्थानीय ग्रामीणों ने बड़े ही उत्साहित होकर जबरदस्त स्वागत किया और पूर्ण समर्थन का भरोसा भी जताया ।

**कोराम्बे बाज़ारटांड़ में खरीदकर खाया खीरा, कैरम पर भी आजमाया हाथ**

हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के एनडीए उम्मीदवार मनीष जायसवाल प्रचंड धूप और गर्मी के बीच जैसे ही रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के गोला प्रखंड स्थित हेसापोडा पंचायत के ग्राम कोराम्बे बाज़ारटांड़ पहुंचे तो यहां उनकी नज़र बाज़ार में बिक रहें खीरा पर गया। गर्मी में स्फूर्ति और ऊर्जा बरकरार रखने हेतु उन्होंने यहां से खीरा खरीदा और खीरा खाकर शरीर को ठंडक पहुंचाने की कोशिश की। चलते-चलते खीरा खाने के उपरांत यहां एक पेड़ की छांव में कैरम बोर्ड खेल रहे कुछ युवाओं के संग उन्होंने भी हाथ आजमाया। उन्होंने चुनाव की व्यस्तता के बीच ऐसे पल को राहत प्रदान करने वाला और स्मरणीय क्षण बताया। सबका साथ-सबका विकास की मोदी की गारंटी को करें स्वीकार, तीसरी बार बनाए मोदी सरकार- मनीष जायसवाल

गोला प्रखंड क्षेत्र के तुफानी दौरे के क्रम में विभिन्न जगहों पर लोगों को संबोधित करते हुए हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के एनडीए उम्मीदवार मनीष जायसवाल ने कहा कि लगातार पिछले करीब 55 दिनों से हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के गांव- गांव के तुफानी दौरे पर ।

## एक-नजर

### मेधावी छात्र-छात्राओं के लिए काफी लाभदायक सिद्ध होगा यह टेस्ट : संतोष कुमार

**भुरकुंडा (रामगढ)।** पटेलनगर भुरकुंडा स्थित कुमार क्लासेस के तत्वावधान में रविवार को बिरसा चौक भुरकुंडा स्थित महात्मा गांधी उच्च विद्यालय में करियर कांउस्लिंग बोर्ड स्कॉलरशिप 2024 के प्रथम टेस्ट परीक्षा का आयोजन हुआ। टेस्ट परीक्षा में 10वीं एवं 12वीं का परीक्षा दे चुके लगभग 60 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। मौके पर कुमार क्लासेस संस्थान के निदेशक संतोष कुमार ने बताया कि यह स्कॉलरशिप 10वीं एवं 12वीं के बाद के मेधावी विद्यार्थियों को टेक्निकल कोर्ष करने के लिये को दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि इस तरह का टेस्ट परीक्षा आगे भी आयोजित की जायेगी। जो बच्चे स्कॉलरशिप के लिए टेस्ट देना चाहते हैं वे कुमार क्लासेस के ऑफिस में आकर फार्म भर सकते हैं। निदेशक श्री कुमार ने कहा कि यह टेस्ट मेधावी छात्र-छात्राओं के लिए काफी लाभदायक सिद्ध होगा। मौके पर करियर कांउस्लिंग बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. एसके सिंह, संस्था के निदेशक संतोष कुमार, शिक्षक संतोष रजक, रिया कुमारी सहित दर्जनों छात्र-छात्राएं मौजूद थें।.

### राष्ट्रीय सेवा मंच ने साप्ताहिक हाट भुरकुंडा में गरीबों को कराया भोजन, कहा- जारी रहेगा सेवाभाव

**भुरकुंडा (रामगढ)।** राष्ट्रीय सेवा मंच समाजसेवी संस्था द्वारा प्रत्येक सप्ताह की भांति इस रविवार को भी साप्ताहिक हाट भुरकुंडा में दूर-दराज ग्रामीण क्षेत्रों से दातुन-पत्तल बचने आने वाले गरीबों को भोजन कराया गया। इस दौरान लगभग 150 गरीब-जरूरतमंदों के बीच पुरी-सब्जी व जलेबी का वितरण करते हुए मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह ने कहा कि गरीबों की सेवा सबसे ब?ा पूण्य का कार्य है, ऐसे नेक व सामाजिक कार्यों में सबों को तन-मन-धन से सहयोग करना चाहिए। उन्होंने बताया की सबों के सहयोग से पिछले आठ वर्षों से प्रत्येक रविवार को साप्ताहिक हाट भुरकुंडा में दातुन-पत्तल बेचने आने वाले गरीबों को मंच द्वारा भोजन कराया जाता रहा है जो आगे भी जारी रहेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह, उमाशंकर जायसवाल, उदयभान दुबे, लखन राम, लालू उरांव, मो. शाहिद आदि का विशेष योगदान रहा।..

### भुरकुंडा पंचायत भवन में जिला स्तरीय राष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा परिषद की हुई बैठक

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा पंचायत भवन मे जिला स्तरीय राष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा परिषद की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता परिषद के महा-सचिव अशोक कुमार चौहान और संचालन रॉकी अग्रवाल ने किया। बैठक में मुख्य रूप से प्रांतीय अध्यक्ष बृज किशोर राम, रामगढ़ जिला के सचिव संजय गोराइ सहित

रामगढ़ जिला के सदस्य शामिल हुए। मौके पर अशोक कुमार चौहान ने सभी सदस्यों को मानवाधिकार के बारे जागरूक करते हुए सभी सदस्यों को राष्टीय मानवा अधिकार सुरक्षा परिषद से जोड़ने की बात कही। मौके पर बृजकिशोर राम ने मतदाता जागरूकता अभियान के बारे में जानकारी देते हुए हर हाल में मतदान करने की अपील की। संजय गोराई ने कहा कि हमें भी सभी सदस्यों के साथ मिलकर परिषद के उद्देश्य को आगे बढ़नाा है। बैठक में सदस्यों को उनका आई कार्ड देकर सम्मानित किया गया। मौके पर अमन चौहान, शहनवा? अंसारी, केपी मुखर्जी, गणेश गंझू, रानी कुमारी गुप्ता , अनुज कुमार सिन्हा, अभिषेक कुमार, कृष्णा कुमार रविदास, तेलेवश्वर शर्मा, हरी शंकर यादव, तेजेन्द्र कुमार, रिंकू दास, राजेश कुमार शर्मा, जीतेन्द्र कुमार, बैभव कुमार, भागीरथ महतो, ती. त्रेहन, सुरजीत सिंह, लक्ष्मी देवी, युगल पासवान, दिलीप अग्रवाल, जैकी कुमार, बजरंग रजवार, मिराज कुरैशी, दसरथ कुमार पासवान, गुरुदयाल ठाकुर, सुभाष करमाली, घनश्याम महतो, सुधांसु मिस्त्री सहित कई सदस्य मौजूद थें।.

### लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर बनाए गए चेकनाकों का अनुमंडल पदाधिकारी ने किया निरीक्षण

**रामगढ।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत 14 लोकसभा क्षेत्र हजारीबाग के लिए मतदान की तिथि 20 मई 2024 निर्धारित है। इस दौरान रामगढ़ जिले में स्वच्छ, स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने के मद्देनजर निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों के आलोक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त, रामगढ़ श्री चंदन कुमार के निर्देश पर रामगढ़ जिले के अलग-अलग सीमाओं को चिन्हित कर कुल 6 चेक नाके बनाए गए हैं। इसी क्रम में रविवार को अनुमंडल पदाधिकारी श्री आशीष गंगवार ने चेकनाकों का निरीक्षण कर प्रतिनियुक्त स्टेटिक सर्विलांस दलों द्वारा किए जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया वहीं उन्होंने स्वयं भी विभिन्न वाहनों की जांच कर नाके पर प्रतिनियुक्त अधिकारियों एवं पुलिस बल के जवानों को निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए जांच अभियान चलाने सहित अन्य आवश्यक दिशा निर्देश दिए। गौरतलब होकि लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर रामग? जिले में प्रवेश करने हेतु निर्धारित अलग-अलग सीमाओं पर कुल 6 चेक नाकें बनाए गए हैं जिनमे पुनदाग टोल प्लाजा के समीप एक, पतरातू प्रखंड के तालाटांड एवं खलारी रोड में एक - एक, गोला प्रखंड अंतर्गत चौपादारू में एक, दुलमी प्रखंड में कुल्हि क्षेत्र में एक तथा मांडू प्रखंड अंतर्गत मांडू थाना के समीप एक, चेक नाके स्थापित किए गए हैं वही स्वतंत्र वह निष्पक्ष निर्वाचन के मध्य नजर प्रतिनिधित्व उड़न दस्ता दलों द्वारा भी जिले के अलग-अलग क्षेत्र में औचक जांच अभियान चलाया जा रहा है। उक्त अवसर पर उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता सहित अन्य उपस्थित थे।

### राहुल गांधी के आगमन को लेकर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने बसिया प्रखंड का दौरा किया



**बसिया**-बसिया प्रखंड में राहुल गांधी के आगमन को लेकर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने बसिया प्रखंड का दौरा।इस दौरान राजेश ठाकुर का कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अंग वस्त्र देकर जोरदार स्वागत किया।साथ ही राजेश ठाकुर ने एन एच् पी सी मैदान कोनबीर में राहुल गांधी द्वारा चुनावी सभा को लेकर कार्यकर्ताओं के साथ एनएचसी मैदान का भी दौरा किया। मौके पर राजेश ठाकुर ने बताया कि मई के पहले सप्ताह में राहुल गांधी का आगमन बसिया प्रखंड के एन एच् पी सी मैदान में होगा। जिसकी तैयारी को लेकर मैं कार्यकर्ताओं से मिलने एवं क्षेत्र का भ्रमण करने आया हूं। इस दौरान उन्होंने बीजेपी पर कड़ा हमला किया। और कहा कि इस बार भारत की जनता कांग्रेस और उनके गठबंधन सहयोगी दलों पर भरोसा जताई है। कांग्रेस और कांग्रेस के सहयोगी दल इस बार देश के लोकसभा सीट के लगभग 75 से 80त्न सीट लेकर आएगी।वही चमरा लिंडा के निर्दलीय लोकसभा का पर्चा दाखिल करने के संबंध में उन्होंने कहा कि झामुमो हमारे सहयोगी दल है और सभी विधायकों को अनुशासन में रहकर गठबंधन धर्म का पालन करना चाहिए। अभी चमरा लिंडा ने सिर्फ नॉमिनेशन किया है अब अंतिम छण में क्या निर्णय लेते हैं यह चमरा लिंडा ही बता पाएंगे। झामुमो सहयोगी दल है वे ईन सब बातों पर जरूर गौर कर रहे होंगे। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर सांसद सह कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बसिया आगमन की तैयारी को लेकर चर्चा कि। मौके पर कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष मानस सिन्हा, पूर्व शिक्षा मंत्री गीता श्री उरांव, झारखंड सरकार कृषि मार्केटिंग बोर्ड अध्यक्ष रविंद्र सिंह, प्रदेश सचिव रोशन बारवा ।

# भाकपा माले की बैठक में चुनाव की तैयारी को लेकर किया गया विचार विमर्श

**उज्ज्वल दुनिया संवाददाता**



**गिद्दी।** चपरी गाँव में भाकपा माले और झारखंड मुक्ति मोर्चा (इंडिया गठबंधन) के द्वारा लोकसभा 2024 चुनाव के लिए बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता लालचंद बेदिया और संचालन सुभाष बेदिया ने किया। इस अवसर पर बैठक में प्रमुख रुप से भाकपा माले से सुभाष बेदिया, लालचंद बेदिया, कामेश्वर बेदिया, जयनंदन गोप, रूपन गोप, बैजनाथ बेदिया, सरजू बेदिया, रमन बेदिया, राजू बेदिया, अभिषेक बेदिया, विनोद बेदिया, असलम अंसारी, जफर अंसारी, बिंदेश बेदिया, राहुल बेदिया, सुरेश बेदिया, इस्तखार अंसारी, आसीन मियां, इमामुल अंसारी, मुस्ताक अंसारी, जियाउल हक, जितेंद्र बेदिया, वासुदेव बेदिया, कौशल्या देवी, ननकी देवी, शीला देवी, रुस्तम अंसारी, योगेन्द्र बेदिया, रामबृक्ष बेदिया, जयनंदन गोप, रुपन गोप व झारखंड मुक्ति मोर्चा से शिवदेव बेदिया, गणित बेदिया, प्रेम बेदिया आदि महिला पुरुष शामिल थे। जिसमें विचार विमर्श किया गया कि आज देश के आदिवासी समेत देश का संविधान, लोकतंत्र, आरक्षण खतरे में है। आदिवासियों की जल जंगल जमीन लगातार छीन कर कारपोरेट के हाथों में दिया जा रहा है। आदिवासियों के हित में बने सीएनटी/एसपीटी एक्ट, पेशा कानून, विलकिल्सन रुल आदि नियमों,आरक्षण को वर्तमान मोदी की भाजपा सरकार एक-एक करके शिथिल कर रही है, और अब तो कह रही है कि यदि मोदी भाजपा की सरकार बनेगी तो पुरी तरह से संविधान को बदल कर मनुस्मृति को संविधान बनाया जाएगा।

इसलिए आज पुरे देश के आदिवासी, दलित, अल्पसंख्यक, मजदूर किसान छात्र-युवा, महिला खतरे में है. इसलिए 2024 के संसदीय चुनाव में भाजपा को हराना जरूरी है। आदिवासियों के अधिकार को बचाना है, लोकतंत्र को बचाना है और संविधान को बचाने का संकल्प लिया गया। इसलिए हजारीबाग लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल को वोट देने की लोगों से अपील की गई।..

# डीएवी गिद्दी ए के विद्यार्थियों का जेईई मैंस - 2024 परीक्षा में रहा शानदार प्रदर्शन



Aditya Singh 93.23 Percentile | Aman Anand Bharti 91 Percentile | Anuj Kumar Rajak 86 Percentile | Satyam Kumar 82 Percentile

**गिद्दी।** डीएवी पब्लिक स्कूल गिद्दी ए के चार विद्यार्थियों ने जेईई मेंस(2023-24) में शानदार प्रदर्शन कर न सिर्फ विद्यालय परिवार का बल्कि पूरे कोयलांचल क्षेत्र को गौरवान्वित किया है।इस शानदार उपलब्धि हासिल करने वाले विद्यार्थियों में आदित्य सिंह(93.23 परसेंटाइल),अमन आनंद भारती (91परसेंटाइल), अनुज कुमार रजक(86 परसेंटाइल) तथा सत्यम कुमार (82 परसेंटाइल) है। इन सभी सफल विद्यार्थियों और उनके अभिभावक जनों को प्राचार्य मनप्रीय चटर्जी ने बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता इन बच्चों के कठिन परिश्रम, अभिभावक जनों के सहयोग और विद्यालय के शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है।उन्होंने विद्यालय परिवार के तरफ से उनके बेहतर भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमारा विद्यालय निश्चित रूप से इस कोयलांचल में शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है। और आने वाले समय मे ज्यादा से ज्यादा नीट और जेईई एडवांस जैसे परीक्षाओं में सफल छात्रों को देगा। उन्होंने सफल विद्यार्थियों के अभिभावकजनो को विशेष शुभकामनाएं दीं, जिनके बिना ये सफलता प्राप्त नहीं की जा सकती थी। उन्होंने विद्यालय के विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए ।

# फोरी पंचायत में गांव की महिलाओं के द्वारा बैठक का आयोजन



**गुमला :** आज दिनांक 28 -4-2024 को गुमला जिला के फोरी पंचायत में गांव की महिलाओं के द्वारा बैठक का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में गुमला नगर अध्यक्ष बालकेश्वर सिंह इसकी अध्यक्षता श्रीमती रामेश्वरी उरांव एवं सभा का संबोधन महिला मोर्चा जिला सोशल मीडिया प्रभारी गुड्डी नंदा( रोमा)ने किया बैठक में उपस्थित महिलाओं ने गांव की विकास एवं उत्थान के लिए भारतीय जनता पार्टी की नीति एवं कार्य शैली से प्रभावित होकर भाजपा का समर्थन करने का अपना मन सुनिश्चित किया क्योंकि मोदी ही वह विकास पुरुष हैं जो गांव के अंतिम पायदान में रहने वाले लोगों की चिंता करते हुए हर तरह की कार्य का गारंटी के साथ पूरा किया है इसीलिए गांव की सभी महिला ने शैक्षिक रूप से फैसला लेते हुए भाजपा में मतदान करने का फैसला किया बैठक में मुख्य रूप से गांव के पहान भी उपस्थित थे। अनीता कुमारी, प्रभा मिंज, रेशनी कुमारी, करीना कुमारी, खुशबू कुमारी, रेशमा कुमारी मानती कुमारी सुमन उरांव ललिता कुमारी संगीता कुमारी नंदनी कुमारी जानकी देवी मनी देवी बोलो देवी करिया देवी यशोदा देवी व्रत मनी देवी फुल मनी देवी फागनी देवी बासी देवी अनीता देवी फूलन देवी बुधमनिया देवी वाकलो देवी बुधाईन देवी पुनीता उरांव तीतरी उरांव घुराईन उरांव सोमरो उरांव मदिया उरांव प्रिया थूया उरांव रीना कुमारी बुधनी उरावरोपनी उरांव सोमारी उरांव और भी ढेर सारी बच्चियों ने भी मोदी जी को धन्यवाद किया.।

# बच्चों का सर्वांगीण विकास ही विद्यालय का उद्देश्य : अंगद राय




**भुरकुंडा (रामगढ)।** जवाहर नगर भुरकुंडा स्थित न्यू डॉन बास्को अकादमी में हैंड वॉश, जल ही जीवन विषय पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान शिक्षक-शिक्षिकाओ ने छोटे बच्चों को खाने से पहले हाथ धोने और समय-समय पर हाथ धाते रहने के फायदों से अवगत कराते कराया। साथ ही ठीक प्रकार से हाथ धोने के तरीके भी बताये। वहीं प्रोजेक्टर के माध्यम से जल बचाव जीवन बचाओ के महत्वपूर्ण बिन्दुओ से बच्चों को अवगत कराया गया। इस दौरान जल की बर्बादी न करने का सामुहिक शपथ भी लिया गया। मौके पर प्राचार्य अंगद राय ने कहा कि बेवजह पानी की बर्बादी न करें। अगर नल खुला दिखे तो बंद कर दें ताकि पानी की बर्बादी न हो। उन्होंने कहा कि जल है तो कल है, जल ही जीवन है। हर हाल में हमसबों को पानी की बचन करने का प्रयास करना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान हरियाणा द्वारा आयोजित अखिल भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के सफल विधार्थियों को प्रमाण-पत्र देकर पुरस्कृत करते हुए प्राचार्य श्री राय ने कहा कि पढाई के साथ-साथ बच्चों को हर क्षेत्र में अव्वल बनाने के प्रति विद्यालय प्रबंधन दृ?संकल्पित है। उन्होंने कहा कि बच्चों का सर्वांगीण विकास ही विद्यालय का उद्देश्य है। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्राचार्य अंगद राय, नेहा परवीन, साक्षी मिश्रा, प्रेरणा कुमारी, प्रीति वर्मा, रिया कुमारी, अंशु कुमारी, रवि, मुस्कान परवीन, अनीश कुमार आदि शिक्षक-शिक्षिकाओं का विशेष योगदान रहा।.

# बलात्कारी अभियुक्त को 20 साल का कठोर सश्रम कारावास और 50,000 जुर्माना

**उज्ज्वल दुनिया संवाददाता**



**गुमला** - उक्त घटना सन् 2021 का हैं , लोहरदगा जिला अंतर्गत कैरो ग्राम निवासी निजामुद्दीन अंसारी ने उक्त पीड़ति नाबालिक लड़की के घर पहुंचकर , और उक्त नाबालिक लड़की के इच्छा के विरुद्ध और घर में अकेले पाकर और उसका फायदा उठाते हुए , उसे अपने बातों के भ्रमजाल में फंसकर ,उसे टेंगरा टुल्लू जंगल ले गया और उक्त नाबालिक लड़की के साथ उनके इच्छा के विरुद्ध , जबरदस्ती बलात्कार किया और बोला की , मैं दिल्ली घूम कर आ गया हूं , तुम्हें मुंबई घुमाने ले जाउंगा और फिर झूठा प्रेम जाल में फंसकर , शादी करने का आश्वासन और प्रलोभन देकर उसके साथ जबरदस्ती बलात्कार किया , इसी क्रम में उक्त नाबालिक लड़की की मां अपने घर पहुंची तो अपनी नाबालिग बेटी को अपने घर में नहीं देखकर वह , अपने दूसरे घर में जहां उसका लड़का रहता था वहां पहुंचकर , उक्त नाबालिक पुत्री के बारे में पूछताछ की तो वह भी कुछ नहीं बता पाया, फिर दोनों मां बेटा मिलकर एक साथ उसे खोजने निकल पड़े , इसी क्रम में उक्त दोनों लोगों ने देखा की उसकी नाबालिग लड़की , एक अंजान युवक के साथ आ रही हैं, जिसे उन्होंने पकड़ा और पूछताछ के क्रम में उक्त युवक ने बताया की वह लोहरदगा जिला अंतर्गत कैरो ग्राम का निवासी हैं और उनका नाम निजामुल अंसारी हैं और वह उक्त ग्राम के मनोहर अंसारी के यहां मेहमानी आए हुए हैं , फिर उक्त नाबालिक लड़की को लेकर अपने घर पहुंचे और उसकी मां ने अपनी बेटी के अस्त-व्यस्त कपड़े को देखकर पुछताछ की तो पीड़ति नाबालिक लड़की ने बताया की अपराह्न लगभग 4.30 उक्त युवक घर आया और बोला की मैं दिल्ली घूम कर आ गया हूं , तुम्हें भी मुंबई ले जाकर घुमाऊंगा और उसके बाद तुमसे शादी करूंगा , कहकर वह टेंगरा टूल्लू जंगल में ले जाकर मेरे पास जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाया है , बाद में अपने माता-पिता के साथ संबंधित थाना में जाकर लिखत आवेदन देकर,आरोपी लोहरदगा थाना स्थित कैरो ग्राम निवासी निजामुल अंसारी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई थी, उक्त प्राथमिकी के आधार पर ही लगभग ढाई साल बाद पीड़ति को न्याय मिलीं हैं।

गुमला व्यवहार न्यायालय के एडीजे फोर ( चार ) संजीव भाटिया की अदालत ने एक बलात्कार के आरोपी को मात्र दो ढाई साल के अंदर एडीजे फोर की अदालत ने बलात्कार के अभियुक्त निजामुल अंसारी को 20 (बीस ) वर्ष का सश्रम कारावास की सजा और 50 हजार रुपया का जुर्माना की सजा सुनाई गई हैं ,

गुमला - गुमला व्यवहार न्यायालय के एडीजे फोर ( चार ) संजीव भाटिया की अदालत ने उक्त बलात्कार के अभियुक्त निजामुल अंसारी को दोनों पक्षों के वकीलों की दलील, गवाहों के बयानात सुनने , समझने के बाद और अदालत में प्रस्तुत साक्ष्यों को देखते हुए , उक्त अभियुक्त निजामुल अंसारी को अदालत ने दोषी करार देते हुए 20 ( बीस ) वर्षों का कठोर सश्रम कारावास और ?50 , 000 हजार रुपया जुर्माना की सजा सुनाई हैं , अभियुक्त निजामुल अंसारी द्वारा अर्थ दंड नहीं देने पर उक्त अभियुक्त को दो वर्ष की अतिरिक्त सश्रम कारावास की कठोर सजा भी अलग से भुगतनी होगी।

बताया जाता है कि घटना सन् 20 21 की है , नाबालिक लड़की अपने घर में अकेले थी , बड़े भाई दूसरे घर में था , जबकि माता-पिता अपने खेत में काम करने गए हुए थे , 4.30 बजे घर पहुंचे, तो देखा की उनकी बेटी घर में नहीं थी फिर दूसरे घर में रह रहे अपने बेटे के पास पहुंचकर उक्त नाबालिक बेटी के बारे में पूछताछ की , तो वह भी कुछ नहीं बता पाया, इसी क्रम में दोनों मां बेटा , नाबालिक लड़की को खोजने निकले , इसी क्रम में संध्या 5=30 बजे उक्त अभियुक्त के साथ टेंगरा टूल्लू जंगल के तरफ से आते देखे और उक्त अनजान लडक़े को पकड़ पूछताछ किया गया तो उसने बताया कि वह लोहरदगा जिला अंतर्गत कैरो ग्राम निवासी निजामुल अंसारी है और वह उक्त गांव के अपने रिश्तेदार मनोहर अंसारी के यहां मेहमानी आए हुए हैं , बाद में पीड़ति नाबालिक लड़की द्वारा अपने माता-पिता के साथ संबंधित थाना में जाकर और लिखित आवेदन देकर अभियुक्त निजामुल अंसारी के विरुद्ध में प्राथमिकी दर्ज कराई गई , उक्त प्राथमिक की के आधार पर ही उक्त अभियुक्त निजामुल अंसारी को 20 वर्ष की साश्रम कारावास की सजा सुनाई गई हैं और 50 , (50 ) हजार रुपया जुर्माना भी लगाया गया हैं , जुर्माने की राशि नहीं देने पर अभियुक्त को अतिरिक्त 2 साल की कठोर सश्रम कारावास की सजा भुगतनी होगी ।

# उदारीकरण में कई राज्यों ने बदली तकदीर लेकिन बदल न सका बिहार : हरिवंश

## राज्यसभा के उपसभापति ने किया किताब ब्रोकन प्रॉमिसेस का विमोचन



उज्जव दुनिया संवाददाता

**रांची।** राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने कहा कि बिहार की बीमारी की शुरूआत आजादी के बाद से शुरू हो चुकी थी। 70-80 के दशक में वहां जाति के आधार पर सांसद, विधायक और सरकारें बनने लगीं। 80 के दशक में देश-दुनिया के अर्थशास्त्रियों ने बिहार को बीमारू राज्य कहना शुरू कर दिया। वर्ष 1957 में बेगूसराय से बूथ कैप्चरिंग की शुरूआत हो गई। हरिवंश रांची के ऑड्रे हाउस में रविवार को भाजपा नेता मृत्युंजय शर्मा की लिखी किताब ब्रोकन प्रॉमिसेस का विमोचन करने के बाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। हरिवंश ने कहा कि उदारीकरण के बाद देश के कई राज्यों ने तकदीर बदली लेकिन बिहार न बदल सका। अब धीरे-धीरे हालात बदल रहे हैं। उन्होंने कहा कि सत्ता में विजनलेस लोगों को लाने पर यही हाल होगा। इसलिए जनता उन्हें ही चुने जिसके पास विजन हो। साथ ही कहा कि वर्ष 1990 से 2005 तक बिहार के पतन का दौर था। यह वो दौर था जब बिहार में राजनीतिक पतन, जातिवाद, हिंसा, नरसंहार चरम पर था। उस वक्त रात छोड़िये दिन के उजाले में भी कोई घर में महफूज नहीं था लेकिन किसी भी मुद्दे पर नैरेटिव तय करने वाली अंग्रेजी मीडिया ने बिहार के हालात को, बिहार के लोगों की पीड़ा को अंग्रेजी में बयां नहीं किया। हरिवंश ने किताब में बिहार के हालात को अंग्रेजी में बयां करने के लिए मृत्युंजय को बधाई दी। साथ ही कहा कि 90 के दशक के नरसंहारों को उन्होंने देखा है। उस वक्त दिन के उजाले में गांवों के घर बंद होते थे। औरतों की पीड़ा आप बयां नहीं कर सकते। हालत इतनी बुरी हो चुकी थी कि लोग घर छोड़कर पलायन कर रहे थे।

## बिहार में 90 के दशक में बिगड़ी कानून-व्यवस्था के कारण हजारों लोगों ने किया पलायन : बाबूलाल



भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झारखंड से बिहार अलग होने के पीछे राजनीतिक कारण है। संयुक्त बिहार में झारखंड खनिज और उद्योगों से भरा हुआ था लेकिन राजनीति में दक्षिण बिहार (झारखंड) के लोगों का प्रतिनिधित्व कम था। बिहार की राजनीति उत्तर बिहार में ही घूमती रहती थी। दक्षिण बिहार की खनिजों का दोहन होता था लेकिन विकास नहीं हो रहा था। ऐसे में अलग झारखंड राज्य की मांग तेज हुई। आंदोलन शुरू हुए और अलग राज्य बना। बाबूलाल ने कहा कि किसी भी राज्य के विकास के लिए जरूरी है कि वहां कानून-व्यवस्था मजबूत हो। अमन-चैन होगा तभी निवेश होगा और प्रदेश संपन्न होगा लेकिन बिहार में 90 के दशक में बिगड़ी कानून-व्यवस्था के कारण संपन्न लोग अपना घर-बार छोड़कर पलायन कर गये।

## बिहार के लोग धीरे-धीरे हो रहे जागरूक : अशोक भगत



पद्मश्री अशोक भगत ने कहा कि वे भी जेपी मूवमेंट के सिपाही रहे हैं। 90 के दशक में बिहार के हालात के गवाह रहे हैं। ब्रोकन प्रॉमिसेस को उन्होंने बिहार के शोषण और पीड़ा की डायरी बताया। उन्होंने कहा कि बिहार राजनीति, अपराध, वामपंथ समेत कई चीजों के प्रयोग की धरती रही है। उस दौर में जनता जागरूक नहीं हुआ करती थी। उन्हें राजनीति, राजनेताओं और देश-दुनिया से सरोकार नहीं रहता था। अब धीरे-धीरे परिवर्तन आया है। लोग जागरूक हो रहे हैं। अब तो स्थिति ये है कि किशोर और युवा पांच-पांच हजार रुपये में बूथ मैनेज करने के लिए तैयार हैं। ब्रोकन प्रॉमिसेस के लेखक मृत्युंजय शर्मा ने कहा कि 90 के दशक में कश्मीर की हालत को लेकर उन्होंने कई किताबें पढ़ीं लेकिन बिहार के हालात पर एक भी किताब उन्हें नहीं मिली, तब जाकर उन्होंने यह किताब लिखी।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रधानमंत्री मोदी झारखंड के चाईबासा, पलामू और लोहरदगा में जनसभाओं को करेंगे संबोधित



**रांची।** राज्य में लोकसभा चुनाव के लिए चौथे चरण से मतदान होना है। राज्य में 13 मई को सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा और पलामू चुनाव होने हैं। एनडीए और इंडी गठबंधनों ने सभी 14 लोकसभा सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा भी कर दी है। साथ ही दोनों गठबंधन ने स्टार प्रचारकों की सूची भी जारी कर दी है। इसी क्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चाईबासा, पलामू और लोहरदगा में जनसभाओं को संबोधित करेंगे। मोदी तीन मई को कोल्हान प्रमंडल के चाईबासा में तीन बजे जनसभा को संबोधित करेंगे। चार मई को सुबह 9:30 बजे पलामू के चियांकी हवाई अड्डे में जनसभा को संबोधित करेंगे। इसी दिन दोपहर 12:30 से लोहरदगा के सिसई में जनसभा को संबोधित करेंगे।

### बौद्धिक संपदा को समझें और संरक्षित करें : विमल किशोर

**रांची।** झारखंड केन्द्रीय विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग ने विश्व बौद्धिक संपदा अधिकार दिवस पर रविवार को विशेष व्याख्यान का आयोजन किया। विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर विमल किशोर ने बौद्धिक संपदा के महत्व पर प्रकाश डाला। किशोर ने कहा कि विश्व बौद्धिक संपदा दिवस का उद्देश्य लोगों को पेटेंट, ट्रेडमार्क, कॉपीराइट और अन्य बौद्धिक संपदा की सुरक्षा के विभिन्न तरीकों के बारे में जागरूक करना है, ताकि वे इस मूल्यवान संपदा को समझें और संरक्षित करें। वर्ष 2024 की थीम पर चर्चा करते हुए शिक्षा स्कूल के डीन, प्रोफेसर तपन कुमार बसंतिया ने कहा कि विश्व बौद्धिक संपदा अधिकार दिवस एक महत्वपूर्ण अवसर है।

### मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव आज चतरा में करेंगे जनसभा

**रांची।** भाजपा के स्टार प्रचारक एवं मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव सोमवार को झारखंड के एक दिवसीय दौरे पर आएंगे। वह चतरा लोकसभा क्षेत्र के हंटरगंज में तीन बजे अपराह्न भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह के पक्ष में जनसभा को संबोधित करेंगे। यह जानकारी रविवार को लोकसभा क्षेत्र प्रभारी एवं प्रदेश महामंत्री सांसद आदित्य साहू ने दी। रांची पहुंचकर यादव हेलीकॉप्टर से तीन बजे अपराह्न चतरा लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत हंटर गंज के खूंटी केवाल मैदान में एनडीए प्रत्याशी कालीचरण सिंह के पक्ष में चुनाव प्रचार करते हुए जनसभा को संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री मोहन यादव देर शाम विमान से रांची से प्रस्थान करेंगे।

# राज्य से जुड़े अहम सवालों के जवाब दें प्रधानमंत्री मोदी :सुप्रियो भट्टाचार्य

उज्जव दुनिया संवाददाता



**रांची।** झामुमो के महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का झारखंड की धरती पर स्वागत है लेकिन यहां हिंदू-मुस्लिम और मंगलसूत्र नहीं चलेगा। राज्य के अपने अहम सवाल हैं, जिनका आदिवासी-मूलवासी ग्रामीण मोदी से जवाब चाहते हैं। सुप्रियो रविवार को कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में बोल रहे थे। भट्टाचार्य ने कहा कि आदिवासी अस्मिता से जुड़े सवालों, जिसमें सरना धर्म कोड प्रमुख है पर प्रधानमंत्री मोदी क्या विचार रखते हैं इसका जवाब उन्हें देना होगा। प्रधानमंत्री को यह बताना होगा कि क्या छत्तीसगढ़ हसदेवा जंगल में अडाणी के प्रवेश के बाद पौंडाहाट, सारंडा और कोल्हान में अडाणी का प्रवेश कराने के लिए वन अधिकार कानून में संशोधन किया गया। इसमें ग्राम सभा के पावर को शिथिल क्यों किया गया। भट्टाचार्य ने कहा कि क्या कोल्हान की धरती पर भी पूंजीपतियों को आर्म्ड फोर्स के साथ उतारा जाएगा और कोल्हान क्षेत्र में अडाणी या अन्य पूंजीपतियों को घुसाकर आदिवासी-मूलवासी और ग्रामीणों को उजाड़ा जाएगा। मोदी को बताना होगा कि कोल वेयरिंग एक्ट में क्यों संशोधन किया गया। इसमें सोशल इंफेक्ट और एनवायरमेंट इंपैक्ट पार्ट को क्यों हटाया गया। क्या उनकी मंशा झारखंड के माइनिंग क्षेत्र का डेमोग्राफी को बदलने की साजिश तो नहीं है। इस एक्ट से भी ग्राम सभा को शिथिल कर दिया गया है। भट्टाचार्य ने कहा कि 10 साल पहले तक एचईसी की स्थिति अच्छी थी। दस साल में ऐसा क्या हुआ कि एचईसी बर्बाद हो गया। एचईसी मनी रत्न इंडस्ट्रीज के रूप में जाना था। यह झारखंड ही नहीं पूरे एशिया की बड़ी कंपनी हुआ करती थी। इसे लेकर केंद्र सरकार का बड़ा प्लान क्या है। इसका खुलासा मोदी को करना होगा। भट्टाचार्य ने कहा कि राहुल गांधी के बयान के जिस मामले में कांग्रेस को नोटिस हुआ है, वह आर्थिक नीति पर था लेकिन प्रधानमंत्री का बयान आपराधिक मामले का था। इसके बावजूद इलेक्शन कमीशन ने सीधे प्रधानमंत्री को नोटिस न करते हुए भाजपा अध्यक्ष को नोटिस भेजा। इलेक्शन कमीशन कितनी भी सहूलियत प्रधानमंत्री को प्रदान कर दें लेकिन प्रधानमंत्री मोदी चुनाव के साथ जनता की नजर में भी हार चुके हैं।

# कल्पना सोरेन गांडेय विस सीट से 29 को करेंगी नामांकन

## सास-ससुर का लिया आशीर्वाद

उज्जव दुनिया संवाददाता



**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन गांडेय विधानसभा क्षेत्र में होने वाले उप चुनाव के लिए 29 अप्रैल को नामांकन पत्र दाखिल करेंगी। इससे पूर्व उन्होंने रविवार को झामुमो पार्टी प्रमुख और सांसद और ससुर शिबू सोरेन तथा सास रूपी सोरेन से आशीर्वाद लिया। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के एक्स पर फोटो पोस्ट करते हुए कल्पना ने लिखा कि आंदोलन, संघर्ष और शहादत से बने विशाल वृक्ष का नाम है झामुमो। झारखंडवासियों के हक-अधिकार के लिए अंतिम सांस तक लड़ने वाले संघर्ष का नाम है झामुमो। झारखंड मुक्ति मोर्चा अध्यक्ष बाबा दिशोम गुरु शिबू सोरेन ने उन्हें गांडेय विधानसभा क्षेत्र से उपचुनाव लड़ने का निर्देश दिया है। उपचुनाव के लिए झामुमो के तीर-कमान की शक्ति के साथ कल (सोमवार) नामांकन पत्र दाखिल करने से पूर्व आज बाबा, मां और दीदी का आशीर्वाद लिया। कल्पना ने लिखा है कि वे झामुमो की सिपाही के रूप में झारखंड और गांडेय विधानसभा क्षेत्र की जनता के हक-अधिकार के लिए जीवनपर्यंत कार्य करेंगी। आप सभी के स्नेह और आशीर्वाद के साथ आने वाले वक्त में गांडेय की तस्वीर बदली जाएगी। उल्लेखनीय है कि गांडेय सीट से झामुमो के सरफराज अहमद विधायक थे। ईडी द्वारा जमीन घोटाला मामले में तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत की गिरफ्तारी के दौरान सरफराज ने इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद पिछले दिनों वे राज्यसभा के लिए निर्वाचित हो गए।

# मोदी सरकार ने सभी वर्गों के विकास के लिए काम किया, उसे फिर सत्ता में लायें:अर्जुन मुंडा

## केंद्रीय मंत्री और भाजपा प्रत्याशी ने मुरहू में चलाया जनसंपर्क अभियान



**खूंटी।** केंद्रीय मंत्री और खूंटी संसदीय सीट के भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा ने रविवार को खूंटी विधानसभा क्षेत्र के मुरहू प्रखंड में जनसंपर्क अभियान के माध्यम से ग्रामीणों से संवाद किया। अपने संबोधन में अर्जुन मुंडा ने पिछले दस सालों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हुए कार्यों से ग्रामीणों को अवगत कराया। मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरे विश्व में भारत का डंका बज रहा है और एक सशक्त नेतृत्व के कारण ही भारत का पूरी दुनिया में नाम हो रहा है। मुंडा ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि आज मोदी ने जो काम किया, वह सबके सामने है। चाहे महिला हो, युवा हो, व्यापारी वर्ग हो, गरीब हो या किसान हो, सबका सम्मान करते हुए मोदी सरकार ने काम किया है। ऐसी सरकार को हमें फिर से केंद्र की सत्ता में लाना है, जो सबके हक की चिंता करती हो। अर्जुन मुंडा ने कहा कि खूंटी लोकसभा क्षेत्र प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिल के करीब है। उन्होंने पिछले साल भगवान बिरसा मुंडा की धरती पर आकर उनके जन्मदिन के अवसर पर माटी का तिलक लगाकर यहां से दो बड़ी योजना विकसित भारत और पीएम जनमन का शुभारम्भ किया था। यह हम सभी के लिए गर्व का पल है, क्योंकि पहली बार भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली पर देश का कोई प्रधानमंत्री आया। आज वीरों की धरती खूंटी का पूरे देश में नाम हो रहा है। जब हम 2025 में भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती मनाएंगे, उस वर्ष को भारतीय जनता पार्टी ने अपने संकल्प पत्र में ह्यजनजातीय गौरव दिवसह्ल के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। पहली बार आदिवासी समाज के लोगों को इतना सम्मान दिया जा रहा है और यह सब मोदी जी के नेतृत्व में ही संभव हो पा रहा है। मौके पर भाजपा मुरहू मंडल कें अध्यख राम बिहारी राम सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। खूंटी के गनालोया गांव की महिलाओं ने भाजपा सांसद और केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा को 1100 रुपये और श्रीफल भेंटकर उन्हें जीत की शुभकामनाएं दी।

## राज सत्ता और प्रशासनिक तंत्र का दुरुपयोग कर रहा इंडी गठबंधन : आदित्य साहू



उज्जव दुनिया संवाददाता

**रांची।** भाजपा के प्रदेश महामंत्री एवं राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू ने कहा कि लोकतंत्र लोकलाज से चलता है। झारखंड में जेएमएम, कांग्रेस और राजद गठबंधन की सरकार स्वार्थ के लिए कानून को ठेंगा दिखाकर हर काम कर रही है। साहू मीडिया सेंटर में रविवार को पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। साहू ने कहा कि इंडी गठबंधन राज सत्ता एवं प्रशासनिक तंत्र का दुरुपयोग कर रही है। सरकार की मंशा और नियत साफ नहीं है। इंडी गठबंधन की सरकार ने चुनाव में हेराफेरी के लिए बड़े पैमाने पर पैसे जमा कर रखे हैं। अलग से हेलिपैड बनाकर इसी से पैसा ले जाया और लाया जा रहा है। चुनाव में बड़े पैमाने पर अवैध आर्थिक हेराफेरी की आशंका है। उन्होंने कहा कि खेलगांव राज्य सरकार की संपत्ति है। चुनाव कार्य के लिए इसका कैसे इस्तेमाल किया जा रहा है, यह स्पष्ट करना चाहिए। किस आधार पर यहां से हेलीकॉप्टर के टेक ऑफ और लैंड करने की अनुमति मिली, इसकी जानकारी देनी चाहिए। साहू ने कहा कि झामुमो को यह बताना चाहिए तो उसने कब एयरपोर्ट अथॉरिटी को हेलीकॉप्टर लैंड करने और टेक ऑफ करने के लिए जगह मांगी और एयरपोर्ट अथॉरिटी ने जगह देने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि चुनाव में हर पार्टी समय प्रबंधन को लेकर हेलीकॉप्टर से चुनाव प्रचार करती है। हेलीकॉप्टर एयरपोर्ट से टेक ऑफ करता है और लैंड भी होता है। आज तक अलग हेलिपैड कभी नहीं बनाया गया। झारखंड मुक्ति मोर्चा ने कानून को दरकिनार कर रांची के खेलगांव में अलग से हेलिपैड बना लिया है। वहीं से पार्टी के पदधारी हेलीकॉप्टर से टेक ऑफ और लैंड करते हैं। प्रदेश महामंत्री ने कहा कि हेलीकॉप्टर से टेक ऑफ करने के दौरान सुरक्षा से गुजरना होता है। पूरी तरह चेकिंग की जाती है लेकिन जेएमएम ने अलग से जो हेलिपैड बनाया है, उसमें अपने चहेते पदाधिकारियों की पोस्टिंग कर दी गई है। वे चेकिंग के दौरान सिर्फ औपचारिकता निभा रहे हैं। हेलीकॉप्टर से क्या ले जाया जा रहा है और क्या लाया जा रहा है, इसपर संदेह है। साहू ने कहा कि रांची के डीसी और एसडीओ की मिलीभगत से यह धांधली की जा रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री आवास से एयरपोर्ट की दूरी मात्र पांच किलोमीटर है। खेलगांव से दूरी आठ से 10 किलोमीटर है। इसके बाद भी खेलगांव में अलग से हेलिपैड बनाना संदेह के घेरे में है। साथ ही कहा कि अधिकारियों को यह बात जान लेनी चाहिए कि सरकार आती-जाती है।

# रांची में आरोपित गिरफ्तार, लूट की बाइक बरामद

उज्जव दुनिया संवाददाता

**रांची।** खलारी थाना पुलिस ने एक आरोपित फैसल अंसारी उर्फ राइडर को गिरफ्तार किया है। इसके पास से लूट का टीवीएस राइडर बाइक और एक मोबाइल फोन बरामद किया है। ग्रामीण एसपी सुमित अग्रवाल ने रविवार को बताया कि अपराधियों ने खलारी के भेलवाटांड गांव के तीन मुहान मेन रोड के पास रमेश गझू और भरत कुमार की टीवीएस राइडर बाइक को लूट लिया था। इस संबंध में खलारी थाने में 21 अप्रैल को प्राथमिकी दर्ज करवाई गई थी। मामले को लेकर थाना प्रभारी विजय कुमार सिंह के नेतृत्व में विशेष छापेमारी टीम ने



लूटी गई बाइक को बरियातु के एदलहातु मां मृत्युंजय मंदिर के नीचे से बरामद किया। साथ ही फैसल अंसारी उर्फ राइडर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपित साथियों के साथ मिलकर अन्य आपराधिक घटनाओं को अंजाम दे चुका है।

# प्रेमी संग मिलकर पत्नी ने की थी पति की हत्या, तीन गिरफ्तार

**रांची।** ओरमांझी थाना पुलिस ने अपने ही पति की हत्या करने के मामले में पत्नी सहित तीन आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में सीता देवी, प्रेमी सनोज कुमार महतो और प्रेमनाथ महतो शामिल है। हत्या में प्रयुक्त हथौड़ा और टांगी सहित अन्य सामान पुलिस ने बरामद किया है। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने रविवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि बताया कि ओरमांझी क्षेत्र के अंतर्गत 23 अप्रैल को दिन के करीब 10 बजे सपाही नदी के शमशान घाट में पुलिस ने एक व्यक्ति का शव बरामद किया था। मृतक की पहचान ओरमांझी स्थित डहु



निवासी अशेश्वर महतो के रूप में की गई थी। मृतक की पत्नी सीता देवी के आवेदन पर ही पुलिस ने अशेश्वर महतो की खोजबीन शुरू की थी। एसएसपी ने बताया कि ओरमांझी थाना में एक महिला ने आवेदन दिया था कि उसका पति गायब है। इसकी सूचना पर पुलिस ने जांच -पड़ताल शुरू की। तलाशी के क्रम में उक्त महिला के पति का शव शमशान घाट के पास से बरामद किया गया। इसके बाद पुलिस ने अनुसंधान शुरू किया तो पता चला कि पत्नी ही अपने पति की हत्या में शामिल थी। उन्होंने बताया कि पत्नी ने ही हथौड़े और टांगी के वार से पति की हत्या की थी। महिला ने ही अपने प्रेमी सनोज महतो और प्रेमी के बहनोई प्रेम नाथ महतो के साथ मिलकर पति के शव को ले जाकर नदी में फेंक दिया था।

## संक्षिप्त खबरें

### 11वीं के छात्र छात्राओं के लिए इंटर विज्ञान की पहली बैच 01 मई से



**बरही।** बरही हजारीबाग रोड स्थित वेक्टर क्लासेस में 11 वीं छात्रों के लिए इंटर विज्ञान एंव आर्ट्स की पहली बैच 1 मई से जारी किया जा रहा है। वेक्टर क्लासेस के निदेशक दीपक कुमार गुप्ता ने बताया कि बीते 10 वर्षो से यह संस्थान बेहतर शिक्षकों की टीम के कारण सभी छात्र-छात्राएं एक बेहतर रिजल्ट करते आ रहे हैं।पिछले साल के कई छात्रों का नामांकन देश राष्ट्रीय शैक्षिक संस्थानों में हुआ हैं। प्रबंधक ने बताया की इस वर्ष राजस्थान कोटा और बिहार के शिक्षकों के साथ बरही में मेडिकल, आईआईटी और इंटर विज्ञान की तैयारी कराई जायेगी। साथ ही छात्रों को सिलेब्स अनुरूप शिक्षा सामग्री भी उपलब्ध होगी। छात्रों के लिए साप्ताहिक सभी विषयों पर जैक एंव सीबीएसई पर आधारित टेस्ट, छात्रों के बीच ग्रुप में चर्चा, संदेश क्लासेस, ऑनलाइन सुविधा के साथ छात्रों को मोटिवेशन की विशेष कक्षा भी दिया जाएगा। फाउंडेशन क्लासेस के रूप में षष्ठम से 10वीं तक भी क्लासेस दी जाएगी।

### प्रवासी मजदूर की महाराष्ट्र के पुणें में मौत



**विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ प्रखंड के प्रवासी मजदूरों की मौत खबर आए दिन दस्तक देती रहती है। प्रवासी मजदूरों की मौत सिलसिला थम नहीं रहा। रोजी रोटी हेतु पलायन को मजबूर प्रवासी मजदूरों की लगातार हो रही है मौत। इसी क्रम में जुड़ती हुई एक और दुर्घटना जिसमें एक मजदूर की मौत महाराष्ट्र के पुणें में हो गई। मिली जानकारी के अनुसार विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत मड़मो निवासी शेखावत अंसारी के 24 वर्षीय पुत्र अफजल अंसारी शुक्रवार को दैनिक कार्य के दौरान ऊंची बिल्डिंग से गिर गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में अस्पताल ले जाया गया जहां ईलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। मौत की सूचना मिलते ही परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। अफजल अंसारी पिछले कुछ महीने पहले अपनी परिवार के भरण पोषण हेतु रोजी रोटी कमाने के लिए पुणे गया था। अफजल अपने पीछे बुढ़े मां-बाप तथा अपनी पत्नी के साथ-साथ दो छोटे- छोटे बच्चों को छोड़ गया। बता दें कि झारखंड राज्य के हजारीबाग, गिरीडीह, बोकारो जिले के अधिकतर लोग पलायन कर दुसरे राज्यों एवं विदेशों में काम करते हैं।

# राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश का बरही में आगमन, कार्यकताओं को दिया जीत का मंत्र

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**बरही।** लोकसभा चुनाव को लेकर रविवार को राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश का आगमन पटना रोड स्थित होटल उज्जैना में हुआ। उन्होंने भाजपा के वरिष्ठ कार्यकताओं से मुलाकात की और हजारीबाग लोकसभा उम्मीदवार मनीष जायसवाल के पक्ष में वोट दिलाने की बात कही। उन्होंने कार्यकताओं को कई निर्देश भी दिया। उन्होंने कहा की भाजपा के सभी कार्यकर्ता अपने अपने पूर्व लिस्ट के अनुसार घर-घर जाकर संपर्क करें। हजारीबाग लोकसभा में कमल का फूल खिलाकर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के हाथो को मजबूत करे। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता गांव-गांव, बूथ बूथ से लेकर घर घर जाकर जनता को प्रधानमंत्री के कार्यों को याद दिलाए और उनसे वोट का आग्रह करे। मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता अंबिका सिंह, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गणेश यादव, विधानसभा विस्तारक जितेंद्र यादव, भाजपा ओबीसी मोर्चा के पप्पू चंद्रवंशी आदि उपस्थित रहे।



## लोकसभा क्षेत्र से सभी वर्गो का समर्थन मिल रहा है: मनीष जायसवाल

**हजारीबाग।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के राजग प्रत्याशी मनीष जायसवाल आजसू पार्टी के लोकसभा प्रभारी सह हजारीबाग जिला अध्यक्ष विकास राणा के बंशीलाल चौक स्थित आवास में मुलाकात कर लोकसभा चुनाव की तैयारी पर चर्चा की ! सभी ने कहा कि आजसू पार्टी और भारतीय जनता पार्टी गठबंधन के लोकप्रिय उम्मीदवार मनीष जायसवाल इस बार रेकार्ड वोट से चुनाव जीतेंगे। राजग प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने कहा कि पुरे लोकसभा क्षेत्र में आजसू कार्यकताओं का भरपूर साथ मिल रहा है। हजारीबाग लोकसभा



### हजारीबाग की जनता के दिल में बैठे हैं मनीष जायसवाल: विकास

को जीतकर केन्द्र में नरेन्द्र मोदी को प्रधानमन्त्री बनाना है ! मुझे अपने लोकसभा क्षेत्र से सभी वर्गों का समर्थन मिल रहा है !

## राजू श्रीवास्तव एवम सुनील अकेला के नेतृत्व में कई लोग हुए भाजपा में शामिल



विष्णुगढ़। विष्णुगढ़ प्रखण्ड अंतर्गत चेडरा स्थित झारखंड मैरेज हॉल में रविवार को भाजपा मिलन समारोह का आयोजन किया गया। आयोजित मिलन समारोह में हजारीबाग लोकसभा प्रभारी शशि भूषण भगत, लोकसभा संयोजक टुन्नू गोप, जिलाध्यक्ष विवेकानंद सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य के.पी ओझा, ज्वाइनिंग कमिटि संयोजक सह जिला उपाध्यक्ष राजेश गुप्ता एवम जिला मंत्री अरविंद कुमार पप्पू की उपस्थिति में विष्णुगढ़ के समाजसेवी राजू श्रीवास्तव एवं सुनील अकेला के नेतृत्व में प्रखण्ड के विभिन्न पंचायतों से 50 की संख्या में लोग भाजपा में शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन विष्णुगढ़ पश्चिमी मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल ने किया। जिलाध्यक्ष विवेकानंद सिंह ने इंडी गठबंधन से नाता तोड़कर राजू श्रीवास्तव एवं सुनील अकेला के साथ आये लोगों का अभिनंदन करते हुए फूलों की माला पहनाकर एवम अंगवस्त्र देकर भाजपा परिवार में स्वागत किया। इस मौके पर अपने विचार व्यक्त करते हुए राजू श्रीवास्तव ने कहा कि हमलोग पूर्व में जिस पार्टी में थे हमारी विचारधारा उस पार्टी के साथ मेल नही खाती थी। उस पार्टी में रहकर ऐसा लगता था जैसे मैं जंजीरों में जकड़ा हूँ। आज मैं भाजपा में शामिल होकर आजाद महसूस कर रहा हूँ। मोदी जिस प्रकार कार्य कर रहे हैं 2047 तक भारत जरूर विकसित राष्ट्र बनेगा यह विश्वास है। सुनील अकेला ने कहा कि मैं झामुमों के प्रखण्ड उपाध्यक्ष पद से इस्तीफा देकर मोदी के सपनों का भारत बनाने में एक गिलहरी की भांति कार्य करता रहूँगा। इस मौके पर साँसद प्रतिनिधि मधुसूदन प्रसाद, साँसद प्रतिनिधि भुवनेश्वर पटेल, राजेश सोनी, जीवन सोनी, संदीप कुमार कसेरा, सुनील कुमार मिश्रा, अनूप कुमार कसेरा, अंजू देवी, गायत्री देवी, दीपक कुमार रजक, कन्हाई यादव समेत काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीण मौजूद थे। विष्णुगढ़ पूर्वी मंडल अध्यक्ष नारायण महतो ने धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम की समाप्ति की घोषणा की।

## लोकसभा चुनाव से संबंधित पूर्व केंद्रीय वित्त मंत्री यशवंत से विचार विमर्श करते हुए संजीव बेदिया



उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**बड़कागांव।** इंडिया गठबंधन के हजारीबाग लोकसभा के प्रत्याशी जेपी पटेल की जीत सुनिश्चित करने को लेकर पूर्व केंद्रीय वित्त मंत्री यशवंत सिन्हा से मिलकर झामुमो केंद्रीय सचिव सह हजारीबाग मुख्य संयोजक संजीव कुमार बेदिया हजारीबाग लोकसभा का सीट इंडिया गठबंधन के खाते में कैसे आए, उसी को लेकर विचार विमर्श किया गया। पूर्व केंद्रीय वित्त मंत्री यशवंत सिन्हा का संजीव बेदिया और संजय सिंह द्वारा गुलदस्ता देखकर स्वागत किया गया। यशवंत सिन्हा ने कहा इडिया गठबंधन के प्रत्याशी जेपी पटेल चुनाव निश्चित तौर पर जीत रहे हैं इसमें किसी प्रकार का कोई शक नहीं है। वहीं पर विचार विमर्श के दौरान संजीव बेदिया ने कहा हमारे तरफ से जितना भी प्रयास है हम पूरा कर रहे हैं हमको विश्वास है कि इस बार हजारीबाग लोकसभा सीट इंडिया गठबंधन के खाते में होगा। मौके पर उपस्थित झामुमो केंद्रीय सचिव संजीव बेदिया, पूर्व जिला सचिव नीलकंठ महतो, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सह झारखंड श्रमिक संघ जिला सचिव संजय सिंह, नयूम राही, झामुमो नेता सह प्रमुख प्रतिनिधि हेमंत भुइयां, जिला सोशल मीडिया प्रभारी संजय भुइयां, पीयूष बेदिया, सफीउल्लाह अंसारी, राकेश मिश्रा, प्रखंड सचिव सरोज मेहता, गुलाब राम, बाबर कुरैशी, विनोद यादव सहित कई लोग उपस्थित थे।

## भारतीय जनता पार्टी सांस्कृतिक प्रकोष्ठ की हुई अहम बैठक, जुड़े हजारीबाग के कई कलाकार



उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**हजारीबाग।** भारतीय जनता पार्टी सांस्कृतिक प्रकोष्ठ की बैठक झंडा चौक स्थित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में हुई बैठक में भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं वर्तमान राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश संस्कृत प्रदेश सहसंयोजक अमित गुप्ता, सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल, जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह, लोकसभा प्रभारी शशि भूषण भगत, लोकसभा संयोजक टुन्नू गोप, प्रदेश कार्य समिति सदस्य अशोक यादव ,अनिल मिश्रा ,सुदेश चंद्रवंशी , केपी ओझा के उपस्थिति में दीपक प्रकाश के द्वारा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ द्वारा बनाया गया। चुनावी प्रचार गाना का लोकार्पण किया गया। बैठक में उपस्थित अतिथियों का स्वागत माला अर्पण एवं भारतीय जनता पार्टी का अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने कहा कि कलाकारों के द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कामों को एवं हजारीबाग के लोकसभा प्रत्याशी मनीष जायसवाल के कामों को जन-जन तक पहुंचाना एवं अपने कला से भारतीय जनता पार्टी का प्रचार प्रसार करने का दायित्व कलाकारों को दी गई है। जायसवाल ने कहा प्रदेश के द्वारा हजारीबाग के लिए सांस्कृतिक प्रकोष्ठ गठन कर हजारीबाग के अच्छे-अच्छे कलाकारों को जोड़ने का बहुत ही सराहनीय कार्य प्रदेश के द्वारा किया गया है। बैठक में उपस्थित कलाकारों को जिला संयोजक सुबोध आकाश सिन्हा के द्वारा भारतीय जनता पार्टी के कामों को जन-जन तक पहुचाने एवं कलाकारों को संस्कृत प्रकोष्ठ से जुड़ने की बात कही गई।इस अवसर पर हजारीबाग आर्ट एंड कल्चरल ट्रस्ट के अध्यक्ष रामकिशोर सावंत ने कहा कि कमल का फूल हजारीबाग में पहले भी खीलते आया है। इस बार भी खीलेगा हम सभी कलाकार एक जुट होकर मनीष जायसवाल को सांसद भवन भेजने का काम करेंगे एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करेंगे। मंच संचालन ट्रस्ट के सचिव प्रदीप पाठक के द्वारा किया गया। मौके पर हजारीबाग जिला के सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के सहसंयोजक बबलू सिन्हा, नगर संयोजक शशिकांत उर्फ चुन्नू सह संयोजक मनोज कुमार पुरी, प्रवीण राठौर, बद्री राम ,राजपाल नारायण ,राजू वर्मा ,अशोक कुमार ,अखिलेश वर्मा ,मोहम्मद इम्तियाज ,मोहम्मद नियाज ,सीमा गुप्ता ,पंकज सिन्हा, पिंकी सिन्हा ,ज्योतिष्ण देवी ,अनिता कुमारी ,सानिया कुमारी ,रोहित कुमार ,सुभाष सेनगुप्ता ,सोनू अभिजीत बहुत सारे कलाकार उपस्थित थे।

## टेबल टेनिस जून में सम्पन्न होगी राज्य स्तरीय रैंकिंग प्रतियोगिता



- सिद्धार्थ सिंह बने जिला टेबल टेनिस संघ के अध्यक्ष
- सालाना वार्षिक आम सभा में लिया गया निर्णय

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**हजारीबाग।** जिला टेबल टेनिस संघ (एच डी टी टी) के सालाना वार्षिक आम सभा बैठक हजारीबाग के मिशन रोड स्थिति आवासीय कैम्प कार्यलय में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर झारखण्ड राज्य टेबल टेनिस संघ के प्रतिनिधि के रूप में पर्यवेक्षक साकेत कुमार सिन्हा वरीय उपाध्यक्ष झारखण्ड राज्य टेबल टेनिस संघ और अजय कु महाजन धनबाद जिला टेबल टेनिस संघ के कोषाध्यक्ष उपस्थित थे। इस बैठक में नये सदस्यों का स्वागत किया गया।

## पैसेंजर ट्रेन से कटकर बरही स्टेशन पर एक महिला की मौत

### ग्रामीणों ने विभागीय लापरवाही का लगाया आरोप

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**बरही।** बीते शनिवार रात्रि बरही रेलवे स्टेशन पर बरकाकाना कोडरमा पैसेंजर ट्रेन से कटकर 38 वर्षीय महिला मुन्नी देवी की मौत हो गई है। महिला डोमचांच थाना अंतर्गत महेशपुर की रहने वाली थी जो अपने 12 वर्षीय पुत्र सौरभ के साथ बरहीडीह स्थिति अपने मायके आ रही थी। जानकारी के अनुसार ट्रेन 16.37 में स्टेशन पर पहुंची और निर्धारित ठहराव के बाद जैसे ही चली महिला ट्रेन से उतरने लगी, पैर फिसला और नीचे चली गई। ड्राइवर इमरजेंसी ब्रेक भी लगाया परंतु तब तक घटना घट चुकी थी। घटना की जानकारी होती ही परिजन और स्थानीय ग्रामीण



स्टेशन पर पहुंचकर विभागीय लापरवाही का आरोप लगाते हुए उचित मुहावजे की मांग करने लगे। मौके पर पहुंचे कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मन्नान वासी ने बताया कि घटना रेलवे की लापरवाही की वजह से हुई है। ट्रेन समय से पूर्व बिना किसी सिग्नल के खुल गई, जिससे यह घटना घटी है। स्टेशन पर कुव्यवस्था का आलम है। जीआरपी पुलिस भी लापरवाह है, नोटिफाइड एरिया का बहाना बनाकर सिर्फ रेलवे की संपत्ति देखने के लिए नियुक्त बताए जाते है।

# बरही में पासवान समाज ने मनाया बाबा चौहरमल की जयंती, कांग्रेस एससी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष हुए शामिल

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**आज बाबा चौहरमल का जीवन त्याग, बलिदान और सामाजिक सद्भाव के रूप में जाना जाता है : केदार पासवान**

बरही। बरही गया रोड स्थित रेलवे स्टेशन रोड के निकट पप्पू होटल के पीछे उत्तरी छोटानागपुर पासवान समाज के लोगों ने बाबा चौहरमल की जयंती सह सामाजिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूजा समिति के अध्यक्ष कार्तिक पासवान व संचालन बैजू गहलौत ने किया। बतौर मुख्य अतिथि कांग्रेस एससी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष केदार पासवान शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान बरही एसडीपीओ सह अपर पुलिस अधीक्षक सुरजीत कुमार भी शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत बाबा चौहरमल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम में शामिल हुए प्रमंडल के सभी अतिथियों को स्थानीय कमिटी के लोगों ने पगड़ी व माला पहनाकर स्वागत किया।



बरही एसडीपीओ सुरजीत कुमार को स्थानीय कमिटी के लोगों ने बाबा साहब भीम राव अंबेडकर द्वारा लिखी संविधान की पुस्तक व उनकी प्रतिमा भेंट स्वरूप प्रदान किया। उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल से आए लोगों को सम्बोधित करते हुए कांग्रेस एससी सेल के प्रदेश अध्यक्ष केदार पासवान ने कहा कि वीर शिरोमणि चौहरमल पासवान समाज के धरोहर थे। उन्होंने समाज के उत्थान में अच्छी भागीदारी निभायी। आज हमलोग वीर गाथा का वर्णन करते आ रहे हैं। श्री पासवान ने कहा कि बाबा चौहरमल का जीवन त्याग, बलिदान एवं सामाजिक सद्भाव के रूप में जाना जाता है। उन्होंने समाज की रक्षा की, आज उनके बताए मार्ग पर चलने की आवश्यकता है। इसके अलावा श्री पासवान ने महिला उत्थान, समाज में कुप्रथा पर चर्चा मरते हुए राजनीतिक रूप से मजबूत होने का संदेश लोगों को दिया। मौके पर प्रकाश पासवान, कुंदन पासवान, मिस इंडिया 2019 परी पासवान, मुकेश पासवान, रामस्वरूप पासवान, शेखर पासवान, श्रीराम पासवान, जयप्रकाश पासवान, जिला परिषद सदस्या शान्ति प्रिया, जीप सदस्या चौपारण आरती कौशल, भानुमति पासवान, सिमरिया प्रभारी राधा देवी, बबलू पासवान, कुंदन पासवान, पूजा समिति अध्यक्ष कार्तिक पासवान, बिरजू लाल पासवान, रेवाली पासवान, डिलो पासवान, सुधीर पासवान, उमेश पासवान, राजू पासवान, गोल्डी पासवान, संजय पासवान, महेश पासवान, उमेश पासवान, अजित पासवान, टिंकू पासवान, भोली पासवान, आशीष पासवान, रिंकू पासवान, पंकज पासवान, गोल्डी पासवान सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

**बाल विवाह के विरुद्ध कार्रवाई**

## प्रशासन ने रूकवाई नाबालिग की शादी

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**विष्णुगढ़।** बढ़ते समय के साथ लोग जागरूक हुए और समझने लगे की बाल विवाह कानूनन अपराध है नतीजन वर्तमान समय में बाल विवाह जैसी घटनाओं में काफी हद तक रोक लगी है। इसी संबंध में विष्णुगढ़ प्रखंड की एक नाबालिग लड़की की शादी होने की सूचना मिलते ही प्रखंड विकास पदाधिकारी अखिलेश कुमार एवं आरक्षी निरीक्षक सह विष्णुगढ़ थाना प्रभारी रामनारायण सिंह ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कानून के विरुद्ध हो रहे विवाह को रुकवाया। जानकारी के अनुसार चाइल्ड हेल्पलाइन हजारीबाग के पत्रांक सीएचएल/38/हजारीबाग 2024, दिनाँक 26 अप्रैल 2024 के द्वारा प्राप्त पत्र के अनुसार विष्णुगढ़ प्रखण्ड की एक नाबालिग लड़की की शादी होने की सूचना प्रखंड विकास पदाधिकारी को मिली जिसपर उन्होंने त्वरित कार्यवाही करते हुए इसकी सूचना विष्णुगढ़ थाना प्रभारी रामनारायण सिंह को दी।स्थानीय प्रशासन के साथ महिला पर्यवेक्षिका वीणा देवी, महेश बरनवाल मामले के सत्यापन को लेकर पुलिस दलबल के साथ उसके घर पहुँची। मामले के सत्यापन के पश्चात विष्णुगढ़ प्रखंड निवासी नाबालिग लड़की हेमलता कुमारी (काल्पनिक नाम) की शादी को रुकवाया गया। थाने में नाबालिग बालिका के माता-पिता ने स्वीकार किया कि हमलोग पढ़े-लिखे नहीं हैं। जिसकी वजह से हमें इस कानून की जानकारी नही थी। आगे से हम अपनी पुत्री की शादी बालिग होने अर्थात 18 वर्ष के बाद ही करेंगे। इस घटना के पश्चात बीडीओ अखिलेश कुमार ने इस कानून की जानकारी देते हुए लोगों को चेतावनी देते हुए कहा कि कम उम्र में जोरजबरदस्ती से शादी कराए जाने पर कानूनी तौर दंड का प्रावधान है। साथ ही कहा कि आप अपने बच्चियों के साथ ऐसा अन्याय ना करें। बेटियां बेटो से कम नही होती इनकीं शिक्षा को बिना किसी भेदभाव के पूरा होने दें। कम उम्र में शादी अपने बच्चियों के साथ एक बर्बरता पूर्ण कार्य है। कम उम्र में ना वो शारीरिक रूप से मजबूत होती है और ना ही मानसिक रूप से मजबूत होती है। ऐसे में उनकी आने वाली पीढ़ी भी कुपोषण से ग्रसित होती है। इसलिए इस कानून को मानते हुए सूझ बूझ और समझधारी से काम लेते हुए ऐसी चीजों के बढ़ावा न दें।

# चोपदार बलिया पंचायत के खराटी जतराहीबागी में नल जल योजना बेहाल

- इस भीषण गर्मी में जलमिनार से नहीं मिल रहा पानी का एक भी बूंद



उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**बड़कागांव।** बड़कागांव प्रखंड के चोपदार बलिया पंचायत अंतर्गत खरांटी गांव मे सरकार द्वारा संचालित पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल हजारीबाग जल जीवन मिशन के तहत सोलर आधारित लघु ग्रामीण जिला पूर्ति योजना जल नल योजना विभाग की लापरवाही एवं ठेकेदार की मनमर्जी के कारण फेल साबित हो रहा है। ग्रामीण क्षेत्र में यह योजना इसलिए संचालित था कि लोगों को शुद्ध पेयजल सबों के घर में मिल सके। चोपदार बलिया पंचायत के खरांटी टोला जतराहीबागी में जल नल योजना में अनिमिययता देखी जा रही है। जल मीनार तो लग गई लेकिन लोगों को इससे एक बूंद भी पानी नसीब नहीं हुआ। जलमिनार बन गए सप्लाई पाइप लगा दी गई घरों में कनेक्शन जोड़कर नल तक लगा दिए गए पर उनमें एक बूंद पानी नहीं आ रहा है। यहां के लोग इस भीषण गर्मी में पेयजल संकट से जूझ रहे हैं। लोगों को पीने की पानी के लिए मस्कत करना पड़ रहा है । लोगों ने बताया कि चोपदार बलिया पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर 10 खराटी के जतराहीबागी चमन गोप के घर के सामने लगा जल मीनार कोई काम का नहीं है। इस जलमिनार से लगभग 40 घरों को कनेक्शन दिया गया है इस बोरवेल में पानी का लेयर सही से पकड़ा ही नहीं तो पानी कैसे सभी को नसीब होगा। ऐसी जगह पर डीप बोरिंग करने पर ही जल मीनार सक्सेस करेगी ।

## बेड़ाहरियारा के तूरी टोला में चापानल खराब होने से हो रही है पानी की घोर किल्लत

विष्णुगढ़। गर्मी अपने प्रचंड स्तर पर है विष्णुगढ़ में पारा 40 डिग्री के नीचे नहीं और ऐसे माहौल में पानी की किल्लत होने लगे तो ग्रामीणों के बीच त्राहिमाम की स्थिति पनप उठेगी। विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत बेड़ाहरियारा पंचायत के तूरी टोला में रामबली तूरी के घर के समीप विगत 5-6 दिनों से चापानल खराब पड़ा है जिससे वहां के लोगों के बीच पानी की घोर किल्लत आन पड़ी है। इस संबंध में पूर्व पंसस दीपक रजक ने जानकारी देते हुए बताया की तूरी टोला में लगभग 30 से 40 घर इस चापानल पर ही आश्रित हैं और ऐसी स्थिति में विगत कुछ दिनों से चापानल खराब होने के कारण पानी को लेकर



त्राहिमाम की स्थिति बनी हुई है। आगे बताया की संबंधित विभाग के जेई दिनेश एक्का को इस मामले से पिछले कुछ दिनों में कई बार अवगत कराया गया और जल्द से जल्द संज्ञान में लेने का आग्रह किया गया। लेकिन इसके बाद भी रविवार के दिन तक चापानल बनाने के लिए कोई कदम नहीं उठाया गया। अब ऐसी परिस्थिति में ग्रामीण पानी के लिए भटकने को मजबूर हैं। इस संबंध में जेई दिनेश एक्का से संपर्क किया गया तो उन्होंने कहा की मामले से अवगत कराया गया है लेकिन मिस्त्री के कहीं और काम करने की वजह से देरी हो रही है। मामले की गंभीरता को समझते हुए उनके द्वारा आश्वासन दिया गया की अगले ही दिन मिस्त्री को भेज तूरी टोला के चापानल को दुरुस्त कर दिया जायेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### चलकुशा प्रखंड में पदस्थापित शारीरिक शिक्षा के शिक्षक अशोक कुमार अब नही रहे



**हजारीबाग।** जिले के चलकूशा प्रखंड के उच्च विद्यालय सलैयाडीह में पदस्थापित शारीरिक शिक्षा के शिक्षक अशोक कुमार अब नही रहे।विगत दो सालो से वे लीवर कैंसर से पीड़ित थे। इनके देहांत की खबर सुन हजारीबाग जिले के साथ पूरे राज्य में शारीरिक शिक्षा शिक्षको के बीच शोक का लहर फैल गया उनके करीबी मित्र शारीरिक शिक्षा शिक्षक अनीश राय ने बताया कि आज सुबह जब उनके बड़े भाई ने बताया कि अशोक अब हम सबों के बीच नही रहे तो में स्तब्ध रह गया वही शारीरिक शिक्षा के शिक्षक सरोज कुमार मालाकार ने बताया कि वे बहुत ही सौम्य, हसमुख मिलनसार,मृदु भाषी और अपने कार्य के प्रति समर्पित रहने वाले थे जब भी बात होती थी हमेशा बच्चे खेल के क्षेत्र में आगे कैसे बढ़े चर्चा किया करते थे। उनका असमय जाना विद्यालय और जिले के साथ राज्य के लिए भी एक अपूरणीय क्षति है। जिले के सभी शारीरिक शिक्षा शिक्षकों में विशाल यादव, दिलीप कुमार, मधुसूदन सिंह, अनूप मेहता, सुनील यादव, सागर कुमार, हरिकांत, रावल प्रताप ,अनिल कुमार, प्रमोद कुमार, अमित शर्मा, राजन गुरुंग, किरण कुमारी,अश्विनी कुमार, विजय दास, वीरेंद्र यादव, प्रिया सिंह, अमित सागर,संजू कुमारी, संतोष पटेल ,सुरेंद्र कुमार,त्रिवेणी, गुलाम बाकी , गोपाल राम, यमुना, कुंवर प्रसाद के अलावा जिले एवं राज्य के सभी शारीरिक शिक्षा शिक्षको के साथ सभी शिक्षकों ने शोक व्यक्त करते हुए उनकी दिवंगत आत्मा के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया है।

### विस्थापित नेता मन्नु टुडू के पत्नी ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**चरही।** चरही थाना क्षेत्र के बहेरा पंचायत अंतर्गत फूसरी गांव के विस्थापित नेता मन्नु टुडू की पत्नी मालती हंसदा ने रविवार को घर मे ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। स्थानीय लोगों के अनुसार मृत महिला का घर में परिजनों के साथ किसी कारण बस विवाद कुछ दिनों से चल रहा था। घटना की जानकारी चरही पुलिस को मिलते ही घटना स्थल पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे कर लिया। साथ ही शव की पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग मेडिकल अस्पताल भेज दिया गया। हालांकि चरही पुलिस इस संबंध में बताया कि पोस्टमार्टम आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

# भाजपा के पूर्व विधायक ने अपनाया बागी तेवर, प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल ने दे दी आजमाइश की खुली चुनौती

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**चतरा।** भाजपा के पूर्व विधायक जयप्रकाश सिंह भोगता ने बागी तेवर अपना लिया है ।श्री भोगता ने चतरा लोकसभा चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी है।श्री भोगता ने कहा है कि वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य को देखते हुए उन्होंने लोकसभा चुनाव लड़ने का निर्णय लिया है।जयप्रकाश का कहना है कि कई लोग उन्हें चुनाव लड़ने की सलाह दे रहे थे। लोगों के मांग पर दो मई को वे नामांकन करेंगे।जयप्रकाश बेहद सरल और सौम्य व्यवहार के व्यक्ति हैं और वे चतरा और सिमरिया से विधायक भी रह चुके हैं । बाबूलाल मरांडी के जेवीएम के टिकट पर सिमरिया और भाजपा के टिकट पर चतरा विधानसभा का वे प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। जयप्रकाश भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के करीबी माने जाते हैं।उनके पिता महेंद्र सिंह भोगता चतरा के विधायक रह चुके हैं।वे चतरा जिले में काफी लोकप्रिय थे।उनके निधन के बाद जयप्रकाश ने राजनीति में कदम रखा। भाजपा जिला अध्यक्ष रामदेव भोगता जयप्रकाश के रिश्ते में भाई हैं।जयप्रकाश ने कहा कि बतौर विधायक किये कार्यों के आधार पर लोगों से आशीर्वाद मांगेंगे। जयप्रकाश को कांग्रेस जिला महासचिव राजवीर का भी समर्थन मिला है।इधर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मामले में बयान दिया है। उन्होंने कहा कि जयप्रकाश को समझाने का पूरा प्रयास करेंगे। नहीं माने तो कर सकते हैं जोर आजमाइश, जनता सबक सीखा देगी।



## लोक सभा निर्दलीय प्रत्याशी हिन्दू राष्ट्र संघ के प्रदेश अध्यक्ष शशि भूषण केशरी 2 मई को करेंगे अपना नामांकन




उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**हजारीबाग।** हिन्दू राष्ट्र संघ के प्रदेश अध्यक्ष एवं लोक सभा निर्दलीय प्रत्याशी शशि भूषण केशरी ने अपने चुनावी कार्यालय में बैठक करते हुए 2 मई को अपना नामांकन करने का घोषणा करते हुए कहा कि हजारीबाग के लोगों का प्यार और विश्वास , समस्त मातृ शक्ति का आशीर्वाद, समस्त क्षेत्रीय हिन्दू संगठनों की एकजूटता और साथ ने मुझे जो बल दिया है। इसके लिए मैं आप सबो का आभार प्रकट करता हूँ ।साथ-ही-साथ मै यह विश्वास दिलाता हूँ कि मैं हमेशा आपके उम्मीदों पर खरा ऊतरूंगा । जिस राजनीति के खिलाफ मेरा संघर्ष और लड़ाई है उसमें मुझे सिर्फ आप सबो की एकजूटता का और आपके आशीर्वाद की जरूरत है ।क्योंकि यह लड़ाई सिर्फ मेरी नही बल्कि हम सब की लड़ाई है। श्री केशरी ने हजारीबाग संसदीय क्षेत्र के सभी लोगों को आह्वान करते हुए 2 मई को अपने नामांकन में आमंत्रित किया है । इस मौके पर समस्त क्षेत्रीय हिन्दू संगठन, मातृ शक्ति, प्रदेश, जिला व नगर कमिटी के पदाधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित हुए ।

## आज एमपी सीएम हंटरगंज में चुनावी सभा को करेंगे संबोधित

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**चतरा।** भाजपा के सांसद उम्मीदवार कालीचरण सिह की जीत सुनिश्चित कराने के लिये चतरा जिले मे स्टार प्रचारको का मेला लगना आरंभ हो जायेगा। इसी कडी मे सोमवार को मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव का कार्यक्रम हंटरगंज प्रखंड मे होगी। भाजपा के जिला महामंत्री मिथिलेश गुप्ता ने बताया कि दो मई को पत्थलगड़ा प्रखंड में उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का दौरा होगा, तो उसी दिन केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर का मयूरहंड प्रखंड में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे।



## के एन त्रिपाठी 30 अप्रैल को दाखिल करेंगे नामांकनः मंत्री

**चतराः-** भाजपा की केंद्र सरकार की ओर से 2014 और 2019 में किये गये वादे महज जुमले साबित हुए हैं। झारखंड की समस्याओं के समाधान के लिए हेमंत सोरेन के नेतृत्व में बनी सरकार ने उल्लेखनीय काम किया है। जनकल्याणकारी कार्यों को प्राथमिकता दी गई। 30 लाख घरों के लिए प्राप्त आवेदनों में से अब तक 20 लाख घरों को मंजूरी दी जा चुकी है।सड़क, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में हेमंत सोरेन सरकार ने उल्लेखनीय काम किया है।लोग इस बार लोकसभा चुनाव में काम को आधार मानकर वोट करने जा रहे हैं।उक्त बातें झारखंड सरकार के कैबिनेट मंत्री सत्यानंद भोगता ने उत्सव प्लेस में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कही।मंत्री सत्यानंद भोगता ने कहा कि चतरा में दस वर्षों तक भाजपा के सांसद रहे। लेकिन गिनाने लायक एक भी काम नहीं है। इंडिया अलायंस की ओर से कांग्रेस



प्रत्याशी केएन त्रिपाठी 30 अप्रैल को अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे।इस मौके पर झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन, मंत्री आलमगीर आलम, मंत्री रामेश्वर उराँव, मंत्री बन्ना गुप्ता, कल्पना सोरेन और राजद के प्रदेश अध्यक्ष मौजूद रहेंगे। उन्होंने कहा कि यह नामांकन कार्यक्रम ऐतिहासिक होगा। उन्होंने आम जनता से इस नामांकन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाग लेने की अपील की। इस मौके पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रमोद दुबे, राजद जिला अध्यक्ष नवलकिशोर यादव, झामुमो जिला अध्यक्ष पंकज कुमार समेत इंडिया एलायंस के नेता व कार्यकर्ता मौजूद थे।

# रामगढ़ जिले के घाटो क्षेत्र के दो दर्जन गांवों में पहुंचे एनडीए उम्मीदवार मनीष जायसवाल

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में गर्मी इनदिनों उफान पर है। लू के थपेड़े लोगों को झूलसा रहें हैं। मौसम की बढ़ती तापमान के बीच लोकसभा चुनाव प्रचार में भी तेजी आने लगी है। रविवार को हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के एनडीए उम्मीदवार मनीष जायसवाल ने मांडू विधानसभा क्षेत्र के घाटो कोलियरी क्षेत्र का 44 डिग्री सेल्सियस तापमान में सघन तुफानी जनसंपर्क अभियान चलाया और जनसंवाद किया। मनीष जायसवाल के तुफानी दौरे के क्रम में इस इलाके के लोगों का उन्हें भरपूर स्नेह, आशिर्वाद और समर्थन मिला। हर जगह पर तादाद में लोगों का सैलाब उमड़ा और गाजे- बाजे ढोल- तासे के साथ आरती उतारकर और तिलक चंदन लगाकर एवं नारा जयकारा बुलंद करते हुए उनका क्षेत्र में हार्दिक अभिनंदन किया और आगामी लोकसभा चुनाव में एनडीए एवं उनके समर्थन में मतदान करने का भरोसा जताया। क्षेत्र भ्रमण के दौरान भाजपा, आजसू और जदयू पार्टी के कार्यकताओं में भी उत्साह देखा गया उन्होंने अपने- अपने पार्टी के झंडों के साथ फूल माला पहनाकर और पुष्पगुच्छ भेंटकर मनीष जायसवाल का इस क्षेत्र में गर्मजोशी से स्वागत किया। एनडीए सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने घाटो भाजपा मंडल क्षेत्र के तापीन 23 नंबर कॉलोनी, पिंडरा 42 नंबर चौक, प्रेम नगर कॉलोनी, परेज चौक, गंझु टोला, रांग टोला, बसंतपुर अटल चौक, चोपड़ा मोड़, मैलगढ़ा, केदला कॉलोनी मोड़, इचाडीह बस्ती, 3 नंबर चौक, 15 नंबर चौक, लाइयो, दूधिबांध, लाइयो बस्ती उपरटोला, महावीर चौक, ढोडा टांड़, तितर मरवा, केदला 9 नंबर टेकर स्टैंड, मुकुंदा बेड़ा और दुनी बस्ती का तुफानी दौरा कर तीसरी बार मोदी सरकार बनाने और हजारीबाग से प्रचंड मतों से कमल खिलाने का आग्रह किया । मौके पर ये गणमान्य लोग रहें मौजूद मौके पर विशेष रूप से भाजपा के लोकसभा संयोजक रंजित सिन्हा, जिला महामंत्री रंजन फौजी,जिला उपाध्यक्ष बलराम महतो, आजसू नेता विजय साहू, तिवारी महतो, जिला परिषद सदस्य भोला तुरी, घाटो भाजपा मंडल अध्यक्ष गिरधारी महतो, आजसू प्रखंड अध्यक्ष नरेश महतो, भाजपा नेता खुशीलाल महतो, शंकर करमाली, पंकज साहा, शिव साहू, मुकेश साहू, संजय कुमार, आजसू नेता लालचंद महतो, गुड्डू सिंह, मदन मेहता, रंजन चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें ।

### समर्थन में उमड़ा हुजूम



### जातिवाद और भ्रष्टाचार का पर्याय है कांग्रेस, 62 सालों तक ठगा, देश को बनाएं कांग्रेस मुक्त, भाजपा को दें बहुमतःमनीष

घाटो क्षेत्र के दौरे के क्रम में एनडीए सांसद उम्मीदवार मनीष जायसवाल ने कहा की संप्रदायवाद, जातिवाद और भ्रष्टाचार की जननी कांग्रेस पार्टी है। इन्हें अंग्रेजों से फूट डालो और राज करो की नीति विरासत में मिली और उन्होंने इसी नीति के जरिए हिंदुस्तान की जनता को बरगलाकर करीब 62 सालों तक राज किया लेकिन आपके वोट की ताकत ने साल 2014 में भाजपा की बहुमत की सरकार बनाई और नरेंद्र मोदी से देश की कमान संभाली तो देश के विकास के साथ समाज के निचले तबके के गरीबों का जीवन स्तर भी ऊंचा उठा। मनीष जायसवाल ने कहा की मतदान से पूर्व कांग्रेस के 62 साल के राज और नरेंद्र मोदी के 10 साल के कार्यकाल का फर्क को एहसास करके ही मतदान करें। मनीष जायसवाल ने यह भी कहा की मांडू विधानसभा क्षेत्र में वर्षों तक जिस परिवार ने राज किया उसके बाद भी इस क्षेत्र को विकास से दूर रखा उसका भी हिसाब करने ही यही सही वक्त है। देश को कांग्रेस मुक्त बनाए, तीसरी बार मोदी सरकार बनाएं ।

**जनसेवा का मिसाल है मनीष जायसवाल, रिकॉर्ड मतों से बनाएं सांसद :तिवारी**

आजसू के केंद्रीय महासचिव सह मांडू विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी तिवारी महतो ने कहा की जनसेवा का जीवंत मिसाल है मनीष जायसवाल, इन्हें रिकॉर्ड मतों से जीताकर सांसद बनाएं और हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र को विकास के पथ पर अग्रसर करें।

## राज्यसभा सांसद सह भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष पहुंचे हजारीबाग, कई बैठकों में शामिल

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से एनडीए प्रत्याशी मनीष जायसवाल भारी मतों से जीतेंगे । जीतने के बाद नरेंद मोदी को प्रधानमंत्री बनाने में हजारीबाग का यह सांसद महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेंगे। उक्त बातें रविवार को हजारीबाग के झंडा चौक स्थित भाजपा के हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के प्रधान चुनाव कार्यालय में पत्रकारों को संबोधित करते हुए राज्यसभा सांसद व पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कहा। प्रकाश ने कहा कि भाजपा के देवतुल्य कार्यकताओं के बदौलत पार्टी सदैव चलायमान है। सच कहा जाय तो पार्टी का सबसे बड़ा चेहरा हमारे बूथ के निष्ठावान कार्यकर्ता ही होते हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी की नीव हमारे कार्यकर्ता ही है। जो विशाल बटवृक्ष का रूप ले लिया है। उन्होंने कहा कि एक मई को प्रत्याशी मनीष जायसवाल के नामांकन के सुअवसर पर ऐतिहासिक भीड़ होगी। इस मौके पर पार्टी के कई बड़े चहरे उपस्थित होकर आयोजित संकल्प सभा मे प्रधानमंत्री मोदी की नीतियों व कार्यप्रणाली को जनता के समक्ष रखेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के 10 वर्षों के शासनकाल



**कहा मनीष जायसवाल प्रचंड मतों से जीतेंगे, तीसरी बार बनेगी मोदी सरकार**

की प्रसंशा चारो दिशा में हो रही है। देश की जनता ने ठान लिया है कि इसबार भी मोदी को ही बागडोर सौपना है। श्री प्रकाश ने कहा कि मनीष जायसवाल हजारीबाग लोकसभा सीट से जीतकर प्रधानमंत्री मोदी के हाथों को मजबूत करेंगे। एक सवाल के जवाब में राज्यसभा सांसद व पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कहा कि दीपक और मनीष दो तन एक जान हैं। कोडरमा जाने के क्रम में हजारीबाग पहुँचने के बाद प्रकाश का जिलाध्यक्ष बिबेकनन्द सिंह के नेतृत्व में बस स्टैंड के समीप कार्यकताओं ने उन्हें माला पहनाकर स्वागत किया।

# इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी जय प्रकाश पटेल का जनसंपर्क कार्यक्रम चंदवारा प्रखंड के डेढ़ दर्जन गांवों में किया दौरा

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में चुनावी महायुद्ध इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल के जनसंपर्क अभियान का तूफानी प्रभाव देखने को मिला। लोगों की भावनाओं और समर्थन को देखते हुए उनके प्रति विश्वास और आकर्षण ने प्रतिस्पर्धी दलों के लिए चिंता का विषय बना दिया है। उरवां चौक, तितिरचांच, पथलगडा सिलाई सेंटर, मदनगुंडी चौक, चंदवारा बजरंग चौक, करौंजिया, खांड़ी - बरगद पेड़ चबूतरा के समीप, थाम-स्टेट बैंक के समीप, पुरनाथाम-मुखिया जी के घर के पास, पीपराही, महुआदोहर, बन्दी, आरागारा, पुतो चौक, भंडो चौक, भोडो पंचायत अंतर्गत (सुटाही यज्ञ में शामिल),



चन्दवारा - मुख्य बाजार में भी तूफानी जनसंपर्क अभियान किया गया। लोकसभा क्षेत्र से महागठबंधन के कांग्रेस उम्मीदवार जय प्रकाश भाई पटेल ने चुनावी जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया है। रविवार को बरही विधानसभा के चंदवारा प्रखण्ड क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान चलाया। उन्होंने सत्रह से ऊपर पंचायतों का भ्रमण कर सैंकड़ों ग्रामीणों से संवाद स्थापित किया। उन्होंने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, भाजपा आज पलटी मार चुकी है। भ्रष्टाचार और महंगाई को मुद्दा बना कर सरकार में आई थी परंतु आज देश में अनेकों मुद्दों ने जन्म ले लिया है। जय प्रकाश भाई पटेल ने भाजपा उम्मीदवार पर भी जम कर निशाना साधा। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि व्यवसाई सिर्फ पूंजी बनाने का काम करते

### कार्यकताओं में दिखा जोश, ग्रामीणों ने किया समर्थन, जनसभाओं में पहुंचे सैंकड़ों ग्रामीणों ने न्यायपत्र को सराहा

हैं। आज सभी तरह के व्यवसाय में अपना सिक्का जमा रहे हैं। कहा, यह देश भी व्यवसायों को बेचा जा रहा है। देश को बचाने की जरूरत है। उन्होंने कांग्रेस सरकार का वक्त याद करते हुए कहा कि किसी जमाने में महंगाई, रोजगार आदि ही मुद्दा हुआ करती थी, परंतु आज मोदी कार्यकाल में संविधान को बचाना भी मुद्दा बन गया है। यह देश बाबासाहेब के दिए गए संविधान से चलता आया है मगर केंद्र की भाजपा सरकार संविधान को अपने फायदे अनुसार बदल देना चाहती है। आरक्षण और मौलिक अधिकारों पर आज खतरा मंडरा रहा है। विपक्ष को एजेंसियों का दुरुपयोग कर कमजोर करने का प्रयास किया जा रहा है, देश ने ऐसा दौर कभी नहीं देखा। उन्होंने अन्य मुद्दों पर भी अपनी बात बेबाकी के साथ रख कर कांग्रेस के पक्ष में वोट करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा आज लोकतंत्र और संविधान को बचाने का मौका मिला है, इसका उपयोग करिए और बीस मई को हाथ पर बटन दबाइए। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के चंदवारा प्रखण्ड अंतर्गत तितिरचांच गांव के अम्बेडकर चौक पर बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। बाबा साहेब द्वारा दिये गए संविधान को बचाने की जरूरत है, देश को बचाने की जरूरत है। बच्चों, युवाओं, महिलाओं समेत सभी वर्गों से लोगों ने उत्साह और सहयोग दिखाया। इस सफल जनसंपर्क अभियान के बाद अब जय प्रकाश भाई पटेल और इंडिया गठबंधन के सभी कार्यकताओं ने अगले चरण में जनता की समर्थन पर पूरा ध्यान केंद्रित करने का निर्णय लिया है।इसके साथ ही प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल ने जनता के संबलित समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया और उनके साथी कार्यकताओं को उनके असीम समर्थन के लिए भी धन्यवाद दिया।

## निःशुल्क चिकित्सा शिविर में दर्जनों रोगियों का मुफ्त में किया गया जांच

**चिंतपूर्णी स्टील प्लांट द्वारा मुफ्त चिकित्सा शिविर का आयोजन**



उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**चरही।** चुरचू प्रखंड के इंदरा पंचायत अंतर्गत 14 माईल स्थित चिंतपूर्णी स्टील प्लांट प्राइवेट लिमिटेड द्वारा रविवार को उत्क्रमित मध्य विद्यालय हेंन्देगढा मैं निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें रांची से आए चिकित्सकों द्वारा निशुल्क दर्जनों रोगियों की जांच की गई। शिविर का शुभारंभ चिंतपूर्णी स्टील प्लांट लिमिटेड के निर्देशक संतु भाई मानिक,पूर्व जिला परिषद सदस्य परमेश्वर महतो,उपमुखिया दशरथ महतो, वनवासी कल्याण केंद्र के जिला सदस्य डॉ रामसेवक प्रसाद, मुखिया व अन्य वनवासी कल्याण केंद्र के सदस्यों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में रांची के कई विख्यात और वरिष्ठ चिकित्सकों की टीम द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर के आयोजन में वनवासी कल्याण केंद्र झारखंड द्वारा अपनी सकारात्मक भूमिकां से ग्रामीण क्षेत्र में सेवा दे रही है। वनवासी कल्याण केंद्र के लोगों ने बताया कि अब तक 303 स्थान पर चिकित्सा शिविर लगाकर हजारों मरीजों की मुक्त में जांच व दवा दिया गया है।

# इंडिया गठबंधन का कोडरमा जिलास्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन, बदलाव का संकल्प

उज्जव दुनिया संवाददाता

## इंडिया गठबंधन समर्थित भाकपा माले प्रत्याशी विनोद सिंह को विजयी बनाने का आह्वान





**झुमरीतिलैया :-** रविवार को इंडिया गठबंधन,कोडरमा का जिलास्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन, झुमरीतिलैया में शिव वाटिका में हुई। सम्मेलन की अध्यक्षता इंडिया गठबंधन के जिला संयोजक सह राजद जिलाध्यक्ष रामधन यादव ने किया।जबकि संचालन माले नेता इब्राहिम अंसारी ने किया। सम्मेलन में भाकपा-माले के राष्ट्रीय महासचिव कॉ. दीपांकर भट्टाचार्य,राजद नेता सह श्रम नियोजन मंत्री सत्यानंद भोक्ता,बड़कागांव कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद,कांग्रेस कोडरमा प्रभारी शहजादा अनवर,माले नेता राजकुमार यादव के अलावे कोडरमा लोकसभा के भाकपा-माले प्रत्याशी विनोद सिंह बतौर वक्ता मुख्य रूप से शामिल हुए। इंडिया गठबंधन के नेताओ और वक्ताओं का इंडिया गठबंधन,कोडरमा ने पुष्पगुच्छ और माला पहनाकर स्वागत किया। सम्मेलन में राजद, कांग्रेस, जेएमएम, भाकपा-माले, सीपीआई, सीपीएम, आम आदमी पार्टी समेत प्रगतिशील संगठन और दलित संगठन, मजदूर यूनियन के नेता मंच पर विराजमान रहें। वहीं सम्मेलन में इंडिया गठबंधन के घटक दलों के कार्यकर्ता भारी संख्या में मौजूद रहें।

### मोदी सरकार ने दलित, आदिवासियों और झारखंडी लोगों के कदमो में कांटे बिछाए : सत्यानंद भोक्ता

झारखण्ड सरकार के मंत्री और राजद नेता सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि कोरोना के समय हवाई चप्पल पहनने वालो को गठबंधन सरकार ने हवाई जहाज से वापस लाया था। सरकार ने जल, जंगल जमीन के मुद्दे पर क्रांतिकारी कदम उठाई। हेमन्त सरकार की लोकप्रियता से भाजपा की केंद्र सरकार बौखला गयी। झारखण्ड में पीएम आवास का पैसा रोक दिया गया। झारखण्ड के रॉयल्टी का पैसा भी रोक कर विकास बाधित करने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने दलित, आदिवासियों और झारखंडी लोगों के कदमो में कांटे बिछाए।लेकिन राज्य सरकार ने अपनी मजबूत दृढशक्ति से झारखण्ड के लोगों तक सरकार की योजना से जोड़ा और उनकी समस्या दूर करने के लिए डोर टू डोर गयी। उन्होंने कहा कहा कि अबुआ आवास के जरिये लोगों को पक्का मकान मिला। उन्होंने कहा कहा कि हेमन्त सरकार को भाजपा वालों ने साजिश रचकर जेल भेजा, लेकिन झारखण्ड झुकेगा नही-इंडिया अब रुकेगा नही। उन्होंने कॉमरेड विनोद सिंह को भारी मतों से जिताने की अपील की।

**स्थानीय नेताओ ने किया सम्मेलन को संबोधित।**

सम्मेलन को इंडिया गठबंधन के घटक दलों के नेताओ ने संबोधित किया।जेएमएम से जिलाध्यक्ष वीरेंद्र पांडेय,जिला सचिव श्यामदेव यादव,राजद से बोकारो विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी अवधेश प्रसाद सिंह,प्रदेश महासचिव डॉ जावेद अख्तर, युवा राजद जिलाध्यक्ष मनोज रजक,संजय दास,घनश्याम सरफुद्दीन अंसारी सरफराज नवाज खान प्रमुख विजय सिंह तुरी,कांग्रेस से जिलाध्यक्ष भागीरथ पासवान,सईद नसीम, लीलावती मेहता, ओबीसी प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष संतोष यादव,आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष दामोदर यादव,सीपीएम से जिला सचिव असीम सरकार,रमेश प्रजापति,सीपीआई के जिला मंत्री प्रकाश रजक, महादेव राम, महेश सिंह के अलावे उदय द्विवेदी,प्रेम पांडेय,बसपा जिलाध्यक्ष प्रकाश अंबेडकर, दलित चिंतक इंद्रदेव राम, मजदूर यूनियन नेता प्रेम प्रकाश राजद महिला जिला अध्यक्ष अमरजीत कौर आदि ने कार्यकताओं को संबोधित किया।

**इंडिया गठबंधन के कार्यकताओं में दिखा उत्साह,शिव वाटिका खचाखच रहा भरा**

कोडरमा लोकसभा चुनाव में बदलाव की उम्मीद को लेकर इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ता शिव वाटिका पहुंचे। शिव वाटिका कार्यकर्ताओ से खचाखच भरा रहा।


### कोडरमा के लोग बिजली पानी और रोजी रोजगार के लिए भी तरस रहे, सांसद बदलें-हालात बदलेंगे : अम्बा



**बड़कागांव** के कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि कोडरमा के लोग बिजली-पानी के लिए भी परेशान है। कोडरमा का मान सम्मान ढिबरा पत्थर, क्रशर पर भाजपा की टेढ़ी नजर है। ढिबरा मजदूरों की हक की बात ना संसद में उठी, ना उनकी आवाज सड़क पर भाजपा ने उठाई। ढिबरा के लिए विनोद सिंह ने विधानसभा में भी आवाज उठाई और सडको पर संघर्ष कर जेल भी गए। उन्होंने कहा की जाति-धर्म के नाम पर लोगों को बांट कर असली मुद्दों से भटकाया जा रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### डीएवी के जलदूतों ने जल संरक्षण के लिए लोगों को किया जागरूक



**झुमरीतिलैया :-** डीएवी पब्लिक स्कूल के बच्चों ने जल है तो कल है इस कथन को जन-जन तक पहुँचाया । सीबीएसई के निदेशानुसार सरकुलर 38 के तहत विद्यालय में जल शक्ति अभियान कैच द रेन के तहत जलदूत प्रोग्राम करवाया गया । इस अभियान में कक्षा आठवीं से बारहवीं के बच्चे अति उत्साहित होकर भाग लिए ।वे जल दूत बनाकर अपने आस-पास के लोगों को जल संरक्षण के प्रति सचेत किया । उन्होंने विशेष तौर पर समाज की महिलाओं को जल के सदुपयोग एवं जल संरक्षण अर्थात व्यर्थ में जल की बबार्दी न करने के लिए प्रेरित किया । डीएवी के जल दूत बनकर अन्वी भदानी,कुमारी अनन्या,सौहार्द सरकार,तन्मय, कपिल,सक्षम आनंद आदि बच्चे घर-घर जाकर जल संरक्षण के प्रति लोगों में चेतना जगाई ।जल शक्ति अभियान 'कैच द रेन 'के पर प्रोजेक्टर के माध्यम से बच्चों को एक अनूठा प्रदर्शन दिखाया गया । कार्यक्रम को सफल बनाने में मौसुमी मल्लिक, श्वेता सिंह, लक्ष्मी कुमारी, सुभाश्री रथ, शिल्पी गुप्ता, आनंदी प्रसाद एवं लक्ष्मी कुमारी नेअपना महत्त्वपूर्ण योगदान दिया ।

### डीएवी कोडरमा में सर्वांगीण विकास प्रक्रिया की शुरूआत

**झुमरीतिलैया :-** डीएवी पब्लिक स्कूल में सतत विकास प्रक्रिया के अंतर्गत नए सत्र में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा एलकेजी से लेकर कक्षा दूसरी तक के बच्चों के बीच 'आकारों से खेलें और रंग भरे'प्रतियोगिता करवाई गई। जिसमें सभी बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। जिसमें सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कृष्णा गुप्ता, सिद्धार्थ विश्वकर्मा, अंशुमन राज, समायरा कुमारी, खुशी कुमारी, रिद्धि शर्मा, प्रियांशु राज,प्रतीक राज, निहाल मेहता वाणी गुप्ता,पुनीत कुमार महतो, और अर्णव राज,वंश वर्णवाल, भूमि कुमारी, राजदीप ,आराधक राज, संगिनी मोदी, वैभव रंजन, शानवी सिन्हा ,सानिध्य सांची, हर्षित निराला ,अनिक देव ,अनाया तहरीन, तृषा सोनकर सौम्या सलूजा ने किया।कक्षा तीसरी से पांचवी के विद्यार्थियों के बीच अंग्रेजी कविता वाचन प्रतियोगिता करवाई गई। इसमें प्रत्येक सदन के चार-चार बच्चों ने भाग लिया। बच्चों ने अलग-अलग विषयों पर बड़े ही मनमोहक ढंग से कविता को प्रस्तुत किया। जिसमें प्रथम स्थान कक्षा पांचवी की रामकृष्ण सदन की कुमुद सिंह और आराध्या कश्यप ने संयुक्त रूप से प्राप्त किया। द्वितीय स्थान राजा राममोहन राय की आरोही गुप्ता ने प्राप्त किया। तृतीय स्थान पर विवेकानंद सदन की अविका भदानी रहीं। इस प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका चांदनी दुबे

# पीठासीन पदाधिकारी, सेक्टर पदाधिकारी व सेक्टर पुलिस पदाधिकारी को दिया प्रशिक्षण



उज्जव दुनिया संवाददाता

### जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया निरीक्षण

### पीठासीन पदाधिकारी, सेक्टर पुलिस पदाधिकारी व सेक्टर पदाधिकारी की भूमिका काफी महत्वपूर्ण,अपने जिम्मेदारियों को अच्छी तरह से समझें: जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज

**कोडरमा :-** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के निमित मतदान केंद्रों पर पीठासीन एवं मतदान पदाधिकारियों के रूप में कार्य करने वाले कर्मियों का जिला स्तरीय प्रशिक्षण के चौथे दिन अभियंत्रण महाविद्यालय, बागीटांड़, कोडरमा भवन में पीठासीन पदाधिकारी, सेक्टर पदाधिकारी व सेक्टर पुलिस पदाधिकारी को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज निरीक्षण करने पहुंचीं। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने पदाधिकारियों को चुनाव कार्य को सफलतापूर्वक और त्रुटिरहित संपन्न कराने के लिए ईवीएम पर अच्छे से हैंड्स ऑन ट्रेनिंग लेने, मास्टर ट्रेनर द्वारा बताई गई हर बिंदुओं पर बारिकी से अध्ययन करने एवं उसका पालन करने का निर्देश दिया। उन्होने कहा कि प्रशिक्षण जितना बेहतर होगा। मतदान प्रक्रिया का संचालन भी उसी अनुरूप और बेहतर तरीके से कर पायेंगे। जहां कोई शंका हो उसे बार-बार पूछें। मतदान दिवस को बूथ पर पीठासीन पदाधिकारी , सेक्टर पुलिस पदाधिकारी व सेक्टर पदाधिकारी की भूमिका काफी महत्वपूर्ण होती है ऐसे में अपने जिम्मेदारियों को अच्छी तरह से समझें। मतदान कार्य से जुड़े सभी पदाधिकारियों व कर्मियों को ईवीएम, वीवी पैट के कनेक्शन, संचालन एवं समस्त मतदान प्रक्रियाओं का गहन प्रशिक्षण दिया गया। पीठासीन पदाधिकारियों के कार्यों एवं दायित्वों के संबंध में मास्टर ट्रेनर द्वारा विस्तृत जानकारी पीपीटी के माध्यम से दी गई। इस मौके पर उप विकास आयुक्त ऋतुराज,अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह,उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रिंस कुजूर, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी गिरिजा, सहायक प्रशिक्षण पदाधिकारी सन्नी दयाल शर्मा व अन्य मौजूद रहे।

# जिले के झुमरी तिलैया में प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र का उद्घाटन



उज्जव दुनिया संवाददाता

**झुमरी तलैया।** कोडरमा जिले के झुमरी तिलैया के ओम नमः शिवाय कंप्लेक्स अप्पर ग्राउंड में रविवार को भारत सरकार रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय औषधि विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का उद्घाटन जिले के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. लूना मित्रा स्त्री एवं प्रसूति विशेषज्ञ तथा डॉ. अभिजीत राय एवं हैंड इन हैंड इंडिया के सहायक महाप्रबंधक बिहार झारखंड रवि रंजन के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। जिले में यह तीसरा जन औषधि केंद्र है । सबसे पहले डोमचांच दूसरा कोडरमा और तीसरा झुमरी तिलैया में खुला है। इसके खुलने से समाज में जो आर्थिक तंगी के कारण अपना इलाज व दवा लेने के लिए असक्षम थे, उनके लिए यह दुकान वरदान साबित होगा क्योंकि इस दुकान में किफायती दरों में महंगे दवाई उपलब्ध है। उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ.लूना मित्र ने बताया कि आज के दौर में महंगे दवाई के कारण लोग अपना इलाज नहीं कर पाते हैं जिसके चलते समय से पहले कई सारे गंभीर बीमारी से ग्रसित हो जाते हैं और उनकी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं रहने के कारण वह अपना सही से इलाज नहीं कर पाते हैं,लेकिन प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र से केंद्र खुलने से उनकी परेशानी कम होगी और उन्हें बेहतर सुविधा मिल पाएगी। मौके पर संचालक नीता देवी, गुरुदेव प्रसाद रिसिका, आराध्या, विनोद कुमार, रामदेव प्रसाद, बबलू पहारी, अमित कुमार, सिकंदर कुमार के अलावे अन्य लोग मौजूद रहे।

# धनबाद मंडल द्वारा चलाया गया मजिस्ट्रेट चेकिंग अभियान के साथ-साथ विभिन्न खण्डों में विशेष टिकट चेकिंग अभियान

उज्जव दुनिया संवाददाता

### 1564 यात्रियों से कुल 7 लाख 98 हजार 205 रुपये की गई वसूली

### चेकिंग अभियान ने कुल 168 कर्मियों को लगाया गया था

**धनबाद।** मंडल में विशेष टिकट चेकिंग अभियान चलाया गय। इस अभियान में धनबाद स्टेशन पर मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में टिकट चेकिंग के साथ- साथ मंडल के विभिन्न खण्डों में विशेष टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें गोमो, कोडरमा, डाल्टनगंज, चोपन, बरकाकाना, सिंगरौली स्टेशनों में गहन टिकट चेकिंग की गई` इस दौरान की गई चेकिंग में 168 टिकट चेकिंग कर्मियों को लगाया गया था` इस विशेष टिकट चेकिंग अभियान के दौरान कुल 1564 यात्रियों को पकड़ा गया एवं उनसे 07 लाख 98 हजार 205 रूपए जुमार्ने के रूप में राशि प्राप्त की गई` इस अभियान के दौरान बिना टिकट यात्रा कर रहे यात्री, बिना उचित प्राधिकार के यात्रा करने वाले यात्री, बिना बुक किये गए सामान के साथ यात्रा कर रहे यात्रियों को पकड़ा गया एवं उनसे जुमार्ने के रूप में राशि प्राप्त की गई व कड़ी हिदायत दी गई क चेकिंग टीमों द्वारा स्टेशनों एवं विभिन्न मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों में भी चेकिंग किया गया क मंडल रेल प्रबंधक के निर्देश पर टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया` इस अभियान का उद्देश्य टिकट काउंटर की बिक्री बढ़ाना, बिना टिकट के यात्रा करने वाले यात्रियों पर लगाम लगाना एवं यात्रियों को टिकट लेने के लिए प्रेरित करना है जिससे कि वो अगली बार टिकट लेकर यात्रा करे।

### हेल्पिंग हैंड्स के तहत जैन समाज के द्वारा जरूरतमंदों के लिए मात्र 10 में उपलब्ध कराए जाएंगे समान

**हेल्पिंग हैंड्स कार्यक्रम का आयोजन दिगम्बर जैन भवन में कल**

झुमरीतिलैया :- श्री दिगंबर जैन समाज के तत्वाधान मेंर हेल्पिंग हैंड्सर के द्वारा जरूरतमंदों को घर में आने वाली उपयोगी सामान मात्र ?10 में दिए जाएंगे। दिनांक 30 अप्रैल मंगलवार को यह कार्यक्रम जैन भवन राजगढ़िया रोड में प्रातः 10:00 बजे से होगा। जैन समाज के द्वारा सेवा के इस कार्यक्रम में प्रत्येक सामान का 10 देकर एक व्यक्ति पांच सामान तक ले सकता है इस अनूठे सेल कार्यक्रम में नए एवं पुराने सामानों का मिश्रण होगा। पुराने सामान भी काम में आने लायक होंगे साड़ी, लेडीज कुर्ती, सूट, जींस, टी-शर्ट कपड़ा, जूता, चप्पल कुर्सी टेबल साइकिल बर्तन आदि घर के दैनिक जीवन में काम आने वाले समान होंगे। एक बार ले जाने के बाद सामान की वापसी या अदला बदली नहीं होगी। जरूरतमंद व्यक्ति को 15 मिनट का समय रहेगा वहां पर हजारों सामान रहेंगे आप एक समान का मात्र 10 देकर अपनी मर्जी से अपने पसंद का अधिकतम पांच सामान तक ले सकते हैं।

# भाजपा कोर कमिटी सहित कई मोर्चा की बैठक सम्पन्न



### भाजपा के प्रमुख कार्यकर्ता बूथों के पन्ना प्रमुख जिम्मेदारियों को बखूबी निभाएं : दीपक प्रकाश

**झुमरीतिलैया :-** भारतीय जनता पार्टी कोडरमा जिला कोर कमेटी जिला पदाधिकारी मंच मोर्चा के जिला अध्यक्ष एवं मंडल अध्यक्षों की एक बैठक केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी के आवास चाराडीह में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अनूप जोशी तथा संचालन जिला महामंत्री शिवेन्द्र नारायण सिन्हा ने किया। बैठक में मुख्य रूप से पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश,प्रदेश उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय,कोडरमा विधायक डॉ. नीरा यादव उपस्थित हुए। दीपक प्रकाश ने सभी मंडल अध्यक्षों से सभी बुथो का वृत लिया। और निर्देश दिया कि आप अपने बुथो पर पन्ना प्रमुख बनाए। सभी प्रमुख कार्यकताओं को भी कहा कि अपने-अपने बुथो पर पन्ना प्रमुख की भूमिका निभाएंगे। सभी नेता एवं वरिष्ठ कार्यकर्ताओ को निर्देश दिया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकास कार्यों को घर-घर जाकर बताने का कार्य करें। और आप अपने प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी को रिकॉर्ड मतों से विजयी बनावे।बालमुकुंद सहाय ने कहा कि मंडल अध्यक्ष अपनी कोर कमेटी बनाएं और उन्हें कार्यभार दें की संयोजक,सह संयोजक बूथ अध्यक्षों के साथ घर-घर जाकर जनसंपर्क अभियान करें और मोदी के जनहित कार्यों को घर-घर पहुंचाएं। और मोदी जी का प्रणाम का संदेश दें। हर बूथ पर 10% वोट बढ़ाने का सफल प्रयास करें। कोडरमा की विधायक डॉ. नीरा यादव ने कहा मोदी जी की लाभार्थी योजनाओं से सभी लोगों को लाभ मिला है,केवल आप लोग जनसंपर्क करके लोगों को बताएं मोदी जी ने जनता के हित के लिए क्या कार्य किया और आगे आने वाली सरकार में जिनका आवास नहीं है पूरे देश में 3 करोड़ नया आवास बना कर दिया जाएगा। जिला अध्यक्ष अनूप जोशी ने कहा 76 वर्ष की आजादी के बाद जो मूलभूत सुविधाएं जनता को मिलनी चाहिए थी वह आज तक नहीं मिली 60 वर्षों के कांग्रेस के कार्यकाल में केवल जनता को ठगने का कार्य हुआ। विकास तो अटल बिहारी वाजपेई की सरकार और मोदी जी की सरकार में ही नजर आए है।

# अखिल भारतीय संत समिति के द्वारा योगी सुषमा सुमन को आयरन लेडी पुरस्कार से किया गया सम्मानित

झुमरीतिलैया :- कोडरमा जिला के लिए बहुत हर्ष का दिन है योग क्रांतिकारी योगी सुषमा सुमन को धनबाद में आयोजित अखिल भारतीय संत समिति झारखंड प्रांतीय बैठक में योगाचार्य योग क्रांतिकारी योगी सुषमा सुमन को आयरन लेडी की उपाधि देकर सम्मानित किया गया।यह सम्मान स्वामी जितेंद्रनंद सरस्वती जी महाराज राष्ट्रीय महामंत्री के द्वारा दिया गया। और एक माला देकर सुषमा सुमन को सम्मानित किया गया। झारखंड प्रांत के महामंत्री पूज्य स्वामी हसानंद गिरी जी महाराज अंग वस्त्र देखकर सुषमा सुमन को सम्मानित किये। सुषमा सुमन ने दोनों महाराज जी को कोटि-कोटि नमन की साथ में स्वामी रामदेव महाराज को भी नमन की आज उनके मार्गदर्शन से इतना बड़ा सम्मान मिला है। सुषमा सुमन ने झुमरी तिलैया कोडरमा वासियों को भी बहुत-बहुत धन्यवाद दिया।खास करके मातृशक्ति से लेकर भाइयों को जो मेरे कार्य जहां-जहां हुआ सभी लोग ने मदद किया।योगी प्रदीप कुमार सुमन ने बताया कि लगातार जो मेहनत हो रहा है वह सफल हुआ है।

**यह सम्मान अखिल भारतीय संत समिति के प्रांतीय बैठक धनबाद में दिया गया।**



# कोडरमा लोकसभा सीट से पूर्व विधायक जयप्रकाश वर्मा का निर्दलीय चुनाव लड़ना तय

उज्जव दुनिया संवाददाता

## इस बार लोग बदलाव चाहते हैं: जय प्रकाश वर्मा





**कोडरमा।** लोकसभा चुनाव में कोडरमा लोकसभा सीट पर कद्दावर नेता जय प्रकाश वर्मा की एंट्री हो चुकी है। उन्होंने रविवार को इस सीट से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में मैदान में उतरने की घोषणा कर दी। वे कुशवाहा समाज से आते हैं और उनके परिवार का वर्चस्व इस लोकसभा सीट पर रहा है। ऐसे में उनके उम्मीदवार बनने से इस सीट पर लड़ाई रोचक होनी तय है। वर्मा के पैतृक गांव भण्डारो में रविवार को उनके समर्थकों और कार्यकताओं का महाजुटान हुआ। उन्होंने कार्यकताओं संग मंथन किया और लोकसभा चुनाव में हर विधानसभा क्षेत्र के लिए अलग-अलग रणनीति बनायी। समर्थकों और कार्यकताओं को सम्बोधित करते हुए पूर्व विधायक जयप्रकाश वर्मा ने कहा कि स्व. रीतलाल वर्मा और स्व. जगदीश कुशवाहा के बाद इलाके के लोग राजनीतिक शून्यता की स्थिति में हैं। वर्मा ने कहा कि भाजपा की वर्तमान सांसद के पास उपलब्धि के नाम पर कुछ नहीं है और लोग बदलाव चाहते हैं। ऐसे में वे जनता के नामित प्रत्याशी के रूप में चुनाव मैदान में रहेंगे। उन्होंने कहा कि जनता जब जागती है तो बदलाव करके रहती है। इस बार कोडरमा में यही स्थिति होने वाली है। कार्यक्रम को कुशवाहा समाज के प्रदेश अध्यक्ष हाकिम वर्मा के अलावा कांग्रेस नेता बासदेव वर्मा, भाजपा नेता देवेंद्र मेहता, कर्जा मुक्ति अभियान के प्रदेश संयोजक विशाल भदानी, झामुमो की ब्यूटी कुमारी सहित अन्य ने भी सम्बोधित किया। संचालन सुरेंद्र कुशवाहा ने किया।


### तेज रफ्तार वाहन ने 15 फिट गढ़े में लगाई छलांग



**सतगावां :-** बिहार के शराबियों ने सतगावां थाना क्षेत्र के पेट्रो जलप्रपात में जम कर शराब पिया और पेट्रो जलप्रपात से आने के क्रम में बदाल गांव के लोगों से उलझते हुए तेज रफ्तार से लापरवाही पूर्वक वाहन को चलाते हुए गया देवघर रोड पर सिहास स्थित पुल के समीप लगभग 15 फिट गढ़े में गाड़ी को छलांग लगा दिया जिससे वाहन पर सवार नशेड़ियों में प्रतीक कुमार पिता विनोद प्रसाद ग्राम मथुरिया जिला नालंदा, रौशन कुमार 17वर्ष पिता लीबू चौधरी बिहार शरीफ जिला नालंदा , शिवम कुमार 16वर्ष पिता विनोद प्रसाद , राहुल कुमार 26वर्ष पिता अर्जुन चौधरी , राहुल कुमार 21वर्ष पिता विजय प्रसाद तीनों रामचन्द्रपुर जिला नालंदा को चोटें भी आई ।

# सब झूमो नाचो आने वाला है पगड़ी बांध रहा है नील चढ़ने वाला है

### श्री श्याम मित्र मंडल का 11 वां श्री श्याम अरदास महोत्सव कल



**झुमरीतिलैया :-** श्री श्याम मित्र मंडल का 11 वां श्री श्याम अरदास महोत्सव बड़े धूमधाम से 30 अप्रैल दिन मंगलवार को संध्या 5:00 बजे से शिव वाटिका बाइपास रोड में मनाया जाएगा। जिसकी तैयारी पूरी कर ली गई है। इस महोत्सव में स्थानीय नागरिक श्रद्धालु सभी धार्मिक सामाजिक संस्थाएं और बाहर से हजारीबाग रोड,आसनसोल,बर्णपुर, धनबाद,बड़ाकर,हजारीबाग, रामगढ़,रांची,गुमला के बाबा श्याम प्रेमी अपनी हाजरी दर्ज कराएंगे । शिव वाटिका में बाबा श्याम का भव्य दरबार,अलौकिक श्रृंगार,ज्योत संग कीर्तन,56 भोग बुंदिया का प्रसाद चूरमा प्रसाद थाली प्रसाद भक्तो द्वारा लगाया जाएगा।गर्मी को देखते हुए विशेष रूप से केवड़ा गुलाब जल की बरसात स्प्रे होगी।स्थानीय नागरिकों के लिए आने-जाने की व्यवस्था झंडा चौक से शिव वाटिका तक की व्यवस्था टोटो द्वारा की गई है। जो संध्या 4:00 बजे से लेकर रात्रि 2:00 बजे तक इसकी सुविधा निःशुल्क प्रदान की जाएगी ।11 वीं महोत्सव में कोलकाता के मशहूर गायक विवेक शर्मा और कटिहार के आदर्श दधीच भजनों से बाबा का गुणगान करेंगे। और प्रचार प्रसार करेंगे।

## भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब जब्त

**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** पाटन थाना के किशुनपुर स्थित एक जेनरल स्टोर से पुलिस ने भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब जब्त की है। इस मामले में स्टोर के मालिक दुकानदार नंदू साव के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। नंदू साव स्टोर छोड कर फरार हो गया है। पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है। पाटन थाना प्रभारी लालजी के नेतृत्व में अवैध शराब कारोबारियों के खिलाफ छापामारी की गयी। छापामारी में 99 बोतल बियर व सात बोतल शराब (बैग पाईपर, आरएस समेत अन्य शराब) को जब्त किया गया। बताया गया कि लोकसभा चुनाव को देखते हुए एसपी रीष्मा रमेसन के निर्देश के आदेश के आलोक में कार्रवाई की गयी है। पुलिस ने कहा है कि लोकसभा चुनाव को देखते हुए यह छापामारी अभियान जारी रहेगा। कुछ दिनों पहले ही पलामू के ही मेदनीनगर में छापेमारी में कि ढाई लाख की शराब जब्त हुई थी।

# भाजपा के दर्जनों नेता हो गये झामुमो में शामिल

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता




**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** भाजपा के दर्जनों नेता झामुमो में शामिल हो गये हैं। झामुमो पलामू के कार्यालय में जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा की अध्यक्षता में आयोजित मिलन समारोह में भजपा के सुनील कुमार और लव कुश कुमार के नेतृत्व में कई भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने झामुमो की सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम का संचालन झामुमो जिला सचिव सन्नू सिद्धिकी ने किया। झामुमो जिला अध्यक्ष श्री सिन्हा ने कहा कि झामुमो की लोकप्रियता पलामू में लगातार बढ ही रही है। इससे इंडिया गठबंधन को भी इस चुनाव में मजबूती मिलेगी। यह भाजपा प्रत्याशी के लिए सुखद संकेत नहीं है। उन्होंने झामुमो की सदस्यता ग्रहण करने वाले सुनील कुमार एवं लव कुश कुमार तथा उनके साथ आए सभी नेताओं का झामुमो परिवार में स्वागत किया। कहा कि आज भाजपा से सभी वर्ग निराश और हताश है। भाजपा की नकारात्मक राजनीति से आम आवाम परेशान है। भाजपा के राज में महंगाई आसमान में पहुंच चुकी है। दवाई-पढाई से ले कर राशन तक के बढते दाम से आम जनता त्रस्त है। आज हम सब लोकसभा का चुनाव लड रहे हैं। पलामू में भी भाजपा के सांसद 10 सालों से सत्ता में हैं। उन्होंने वादा कर चुनाव तो जीत लिया, लेकिन एक भी वादा पूरा नहीं किया। एक भी विकास का ऐसा कार्य नहीं किया है जिसे वो जनता के बीच बता पाएं। मंडल डैम एवं राजहरा कोलियरी का शिलान्यास भी हो गया लेकिन आज तक एक ईंट भी नहीं जुड पायी और न कोलियरी खोली गयी। उन्होंने कहा कि पलामू में इंडिया गठबंधन की राजद प्रत्याशी ममता भुइयां चुनाव लड रही है। इंडिया गठबंधन भारी बहुमत से चुनाव जीत रहा है।

झामुमो में शामिल होने वालों में राजकुमार, सोहन कुमार, अरुण कुमार, अभिषेक कुमार, रामप्रवेश छोटू, सुनील कुमार, संजय राम, शुभम कुमार, राहुल कुमार, बलराम राम, सन्नी कुमार, सुधाकर राज के नाम शामिल हैं।.

## चार मई को पलामू में होगी पीएम मोदी की जनसभा



**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चार मई को चुनावी दौरे पर झारखंड आएंगे। उस दिन वे पलामू में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। 2014 के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पलामू में चैथी बार सभा करेंगे। 2014 और 2019 में दो बार उनकी सभा हो चुकी है। भारतीय जनता पार्टी ने प्रधानमंत्री की चुनावी जनसभा को लेकर पलामू जिला प्रशासन से अनुमति मांगी है। पार्टी ने चुनावी जनसभा के लिए प्रस्तावित स्थल पलामू का चियांकि हवाई अड्डा निर्धारित किया है। प्रधानमंत्री की सुरक्षा से जुड अधिकारी सोमवार या मंगलवार को पलामू में पहुंच जाएंगे। भारतीय जनता पार्टी के पलामू मीडिया प्रभारी शिवकुमार मिश्र ने बताया कि प्रधानमंत्री का दौरा चार मई को निर्धारित किया गया है। पार्टी ने प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर तैयारी करना शुरू कर दिया है. पलामू में चैथे चरण में लोकसभा का चुनाव होना है। मंगलवार से चुनाव प्रचार की शुरुआत होगी। पलामू लोकसभा सीट पर भारतीय जनता पार्टी स्टार प्रचारकों को चुनाव प्रचार के लिए उतारने वाली है। योगी आदित्यनाथ, नितिन गडकरी और मोहन यादव गढवा में जनसभा करेंगे. मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव गढवा के भावनाथपुर में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। भारतीय जनता पार्टी पलामू लोकसभा सीट पर चुनाव सभा की शुरुआत कर रही है। रविवार को भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी किशनपुर में जनसभा को संबोधित करेंगे। बता दें कि पलामू से बीडी राम भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार हैं। वो लगातार तीसरी बार चुनाव लड रहे हैं।.

## पौधा दान कर कौशल ने किया बौद्ध भिक्षु कार्यक्रम का शुभारंभ



**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** छत्तीसगढ के सरगुजा जिले के मैनपाट स्थित तिब्बतिष्या के गांव स्थित भगवान बुद्ध के मंदिर में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने पौधा दान कर किया। उन्होंने इस मौके पर बौद्ध भिक्षुओं को पर्यावरण धर्म की प्रार्थना के साथ ज्ञान मंत्रों की शपथ दिलायी। साथ ही थाईलैंड प्रजाति के बारहमासी आम का पौधा दान किया। मौके पर श्री कौशल ने कहा कि जिस तेजी से लोग अनाधिकृत रूप से आर्थिक लाभ के लिए प्राकृतिक संसाधनों का दोहन कर रहे हैं उससे पृथ्वी का तापमान बेतहासा बढता चला जा रहा है। ग्लेशियर पिघल रहे हैं व पानी समुद्र से वाष्प बनकर आसमान में जा रहा है। इसके कारण जलवायु परिवर्तन हो रहा है। उन्होंने कहा कि इसी जलवायु परिवर्तन के कारण 15 दिनों के अंदर गर्मी के मौसम होने के बाद भी चीन, दुबई, ओमान व इंग्लैंड में मूसलाधार हुई बारिश से कई गांव व शहर जलमग्न हो गए हैं। जलवायु परिवर्तन को रोकना है तो दुनिया के तमाम उम्र के लोगों को अपने धर्म के साथ-साथ पर्यावरण धर्म को अपने जीवन में शामिल करना होगा। कौशल ने कहा कि जबतक वन्य एवं रैयती भूमि पर 33 प्रतिशत सघन वन तैयार न हो जाय तब तक जलवायु परिवर्तन कोई रोक नहीं सकेगा।उक्त मौके पर तिब्बत से आए बौद्ध भिक्षु धर्मगुरु दोरजें तेनगिं और सीतापुर गुतुरमा निवासी क्षेत्र के प्रमुख समाजसेवी भोला प्रसाद गुप्ता ने अपने संबोधन में पर्यावरण के क्षेत्र में एक लंबे अरसे से पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल द्वारा किये गए उल्लेखनीय कार्यों की काफी सराहना की। कार्यक्रम में दोजेंतेनजिम, पेमादोरजें ,तशीवागंडू, करसाडावममो, डाली बाजार पंचायत के उप मुखिया अफजाल अंसारी, दिनेश प्रसाद गुप्ता, रूपेश प्रसाद, मुकेश प्रसाद, दोवेश प्रसाद, राकेश प्रसाद यादव के साथ कई प्रमुख लोग व बौद्ध भिक्षु शामिल थे।.

## मारवाडी युवा मंच ने किया चार पनशाला का शुभारंभ




**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** भीषण गर्मी और बाजार क्षेत्र में पानी की किल्लत को देखते हुए मारवाडी युवा मंच ने चार अस्थाई पनशाला का शुभारंभ किया है। इसके तहत बाजार क्षेत्र के धर्मशाला रोड में डाबर मोड के पास, जय भवानी संघ चैक पर बेनी मंदिर के पास, एवं बसंत बहार रोड में मुकेश उदयपुरी के प्रतिष्ठान के बाहर एवं कनीराम मोड के पास पनशाला खोला गया है। मारवाडी युवा मंच के अमृतधारा प्रभारी राहुल उदयपुरी, मुकेश उदयपुरी व अंकित तुलस्यान ने बताया कि डालटनगंज शहर में जहां भी पनशला की आवश्यकता होगी, वहां पनशाला खोला जायेगा। उन्होंने बताया कि संस्था का लक्ष्य है कुल 10 अस्थाई पनशाला खोलने का है। इनमें चार की शुरुआत आज हो चुकी है। दो से तीन दिनों में बस स्टैंड और तीन कोनिया गैरेज के पास पनशाला शुरू हो जायेगा। अन्य जगहों को चिन्हित किया जा रहा है जहां पनशाना का संचालन अच्छे तरीके से हो सके और अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ पहुंच सके। मंच के सचिव सज्जन शंघाई उर्फ टिंकू ने बताया कि मारवाडी युवा मंच का यह राष्टीय प्रकल्प अमृतधारा है, जिसके तहत हम अस्थाई और स्थाई पनशाला चलाते हैं। शहर में हमारे दो स्थाई पनशाला अमृतधारा एक शहर थाना और दूसरा अग्रसेन भवन के पास चालू है, जिनमें शीतल पेय जल की व्यवस्था है। रेलवे स्टेशन पर हमारी मशीन लगी हुई है जिसमें अभी मरम्मत की आवश्यकता है। इसके अलावा हम अस्थाई पनशाला संचालित करने की ओर अग्रसर हैं जो दो महीने के लिए संचालित होंगे। इस अवसर पर मारवाडी युवा मंच के अध्यक्ष विकास उदयपुरी, सचिव सज्जन शंघई, कोषाध्यक्ष संदीप केजरीवाल, राहुल उदयपुरी, मुकेश उदयपुरी, अंकित तुलसयान, प्रभात अग्रवाल, श्याम पोद्दार, दीपक नेमाला ।

## मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों में फ्री एजुकेशन के लिए 6 मई तक का बढाया गया समय



**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** जिला प्रशासन ने निशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम के तहत शिक्षा विभाग के पोर्टल को बच्चों के निशुल्क नामांकन के लिए 6 मई तक के लिए खोल दिया है। वैसे बीपीएल परिवार से आने वाले अभिभावक या जिनकी वार्षिक आय बहत्तर हजार या इससे काम है तो वे अब मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों में अपने बच्चों का नामांकन मुफ्त करा सकते हैं। निशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम के तहत नामांकन प्रक्रिया मार्च महीने से हीं प्रारंभ थी परंतु अप्रैल में इसका पोर्टल बंद कर दिया गया था। कई ऐसे अभिभावक थे जो ऑनलाइन फॉर्म भरे थे परंतु आय प्रमाण पत्र, स्थानीय निवास प्रमाण पत्र एवं जन्म प्रमाण पत्र जमा नहीं करने के कारण फॉर्म रिजेक्ट हो चुका था। ऐसे अभिभावकों के लिए पुनः एक बार जिला प्रशासन अवसर देते हुए 6 मई तक का समय दिया है। वैसे अभिभावक जिनके बच्चों का फॉर्म किसी एक प्रमाण पत्र के अभाव में रिजेक्ट हो चुका था वे अब पुनः उस फॉर्म सबमिट कर सकते हैं परंतु आवश्यक कागजातों के साथ। कैंब्रिज पब्लिक स्कूल मेदिनीनगर के प्राचार्य ई. नंदकिशोर भारती ने कहा कि वैसे अभिभावक जिनके बच्चों का फॉर्म किसी कारण से रिजेक्ट हो चुका है वे पुनः आवश्यक कागजातों के साथ प्रज्ञा केंद्र या स्कूल में या किसी कंप्यूटर दुकान में जाकर फॉर्म को रिसबमीट कर दें। अभिभावकों को ध्यान रखना होगा की आय प्रमाण पत्र, स्थानीय निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र एवं बच्चों का जन्म प्रमाण पत्र होना आवश्यक है। प्रमाण पत्रों के अभाव में फॉर्म रिजेक्ट हो जाते हैं। अभिभावकों को चाहिए कि प्रशासन के द्वारा 6 मई का जो समय दिया गया है ।

## मतदाता एवं लोकतंत्र विषय पर संगोष्ठी का आयोजन



**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के जिला कार्यालय में मतदाता एवं लोकतंत्र विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर की तस्वीर पर माल्यार्पण के साथ हुआ। मौके पर मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने कहा कि भारत युवाओं का देश है। देश की कुल जनसंख्या का 36 प्रतिशत जनसंख्या किसी भी चुनाव के लिए प्रभावी है। उन्होंने युवाओं से सोच समझकर मतदान करने की अपील की। कहा कि 2024 में युवा अपनी सक्रियता के साथ मतदान का प्रतिशत ब?ाने में अपनी भूमिका निभायें। 13 अप्रैल को पलामू संसदीय क्षेत्र में लोकसभा के लिए होने वाले मतदान में युवा हर हाल में अपने मताधिकार का प्रयोग करें। उन्होंने सभी युवा मतदाताओं से लोकतंत्र की आवाज बनने की अपील की। सनी कुमार ने कहा कि मतदान अधिकार ही नहीं मतदाता का कर्तव्य भी है। युवा मतदाता एक नई लकीर खींचें। भूपेंद्र तिवारी ने कहा कि मतदान से देश का भविष्य तय होता है। इस अवसर पर उमेश कुमार पासवान, गणेश चंद्र, उपेंद्र तिवारी, संजीत कुमार, सनी कुमार पासवान, मिथिलेश कुमार, मुन्ना कुमार रवि, सतीश कुमार चंद्रवंशी, नीतू सिंह, यशवंत कुमार, संजीत कुमार राम सहित कई लोगो ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये।.

# लातेहार में 20 घंटे से बिजली नहीं, सडक पर उतरे लोग

### अज्ञात वाहन ने बिजली के एक पोल में धक्का मार दिया था



**लातेहार (उज्ज्वल दुनिया)।** शहर के एक बडे इलाके में शुक्रवार की राति 12 बजे के बाद से ही बिजली गायब है। गर्मी के मौसम में बिजली नहीं रहने से लोगों का जीना मुहाल हो गया है। शनिवार की शाम तक बिजली विभाग के कर्मी सिर्फ पोल तक गाड पाये थे। इसके बाद उन्होंने कहा कि अब तार रविवार को लगाया जायेगा। इसे बाद लोगों का आक्रोश बढ गया और लोग सडक पर उतर गये। शहर के चट्टी मुहल्ला के पास लोग सडक पर बैठ गये। इस दौरान सडक के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गयी। बाद में पुलिस द्वारा जामकर्ताओं को बिजली विभाग के अधिकारियों से वार्ता के लिए थाना ले जाया गया। बता दें कि शुक्रवार की मध्य रात करबी 12 बजे एक अज्ञात वाहन ने चट्टी मुहल्ला में अशोक कुमार महलका के घर के पास बिजली के एक पोल को धक्का मार दिया था। इसके बाद वाहन ने थोडी दूर जा कर एक और बिजली के खंभे को धक्का मार दिया। इससे कुल तीन पोल क्षतिग्रस्त हो गये और बिजली के तार टूट गये। रात में ही लोगों ने इसकी जानकारी बिजली विभाग को दी। लेकिन सुबह तक कोई नहीं पहुंचा। इसके बाद दोपहर के बाद भी विभाग का कोई मिस्त्री क्षतिग्रस्त पोलों को दुरूस्त करने नहीं पहुंचा। इसके बाद लोगों का आक्रोश बढने लगा। शाम चार बजे के बाद बिजली मिस्त्री वहां पहुंचे। शाम छह बजे तक सिर्फ बिजली के पोल गाडे जा सके। इसके बाद बिजली मिस्त्री यह कह कर चले गये कि अब तार रविवार को लगाया जायेगा। इसके बाद तो लोगों का आक्रोश बढ गया। लोग सडक पर बैठ गये और बिजली सेवा बहाल करने की मांग करने लगे। सूचना मिलने के बाद वे पुलिस अधिकारी वहां पहुंचे और जामकर्ता को समझाया। फिर बिजली विभाग के अधिकारियों से वार्ता करने के लिए थाना ले गये। पोल क्षतिग्रस्त होने के बाद शहर के थाना चैक, शिवपुरी मोहल्ला, तेली मोहल्ला समेत कई इलाकों में बिजली नहीं है। समाचार लिखे जाने तक इन इलाकों में बिजली बहाल नहीं हुई थी।

## एक-नजर

### स्वीप कार्यक्रमों को लेकर नोडल पदाधिकारी ने की वर्चुअल बैठक

**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** पलामू लोकसभा चुनाव 2024 में शत प्रतिशत मतदान करवाने को लेकर स्वीप के नोडल पदाधिकारी सह मेदिनीनगर नगर निगम के नगर आयुक्त जावेद हुसैन ने रविवार को वर्चुअल मोड के माध्यम से जिला कृषि पदाधिकारी,जिला जनसंपर्क पदाधिकारी,जिला समाज कल्याण पदाधिकारी,जेएसएलपीएस के डीपीएम के साथ बैठक कर आने वाले दिनों में स्वीप कार्यक्रम की रूप रेखा पर विचार-विमर्श किया गया।बैठक में स्वीप के नोडल पदाधिकारी श्री हुसैन ने सभी पदाधिकारीयों को उनके अधीनस्थ कार्यरत मैनपॉवर को एक्टिव करते हुए अधिकाधिक लोगों को मतदान करने हेतु जागरूक करने पर बल दिया।उन्होंने जेएसएलपीएस के डीपीएम शांति मार्डी से कहा कि जेएसएलपीएस के लोग प्रखंड से लेकर पंचायत तक हैं इसके अलावे जिले में पंद्रह हजार से अधिक एसएचजी महिलाओं का संगठन सक्रिय है उन सभी का बेहतर उपयोग करते हुए उन्हें गांव-गांव जाकर लोगों से कनेक्टिविटी बढाने व सभी से अपने स्तर से विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम करवाने की बात कही।उन्होंने जेएसएलपीएस के सभी विंग को मतदाता जागरूकता में लगाने हुए आकर्षक कार्यक्रम के जरिए लोगों को मतदान हेतु प्रेरित करने की बात कही।इसी तरह उन्होंने जिला कृषि पदाधिकारी को कृषक मित्रों,एटीएम,बीटीएम,भीएलडब्लू के माध्यम से भी अलग-अलग स्तर पर छोटे-छोटे कार्यक्रम या अन्य माध्यम से या सीधे कृषकों से संपर्क स्थापित कर उन्हें 13 और 20 मई को बूथ पर आने के लिए प्रेरित करने की बात कही।इसी तरह समाज कल्याण पदाधिकारी सेवाराम साहू को सीडीपीओ,एलएस,व आंगनबाडी सेविकाओं के जरिये अधिकाधिक महिलाओं तक पहुंचने व जितने भी समाज कल्याण विभाग के तहत लाभार्थी हैं उन सभी से मतदान करने को लेकर जागरूक करने की बात कही।इसी तरह श्रम अधीक्षक इतवारी महतो को प्रवासी श्रमिकों व अन्य श्रमिकों से बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए उन सभी से 13 वे 20 मई को बूथ कर आने व मतदान करने हेतु प्रेरित करने पर बल दिया।वहीं जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ असीम को सोशल मीडिया के सभी प्लेटफार्म पर ऑडिओ-विसुअल के जरिये लोगों से मदान करने को लेकर जागरूक करने का निर्देश दिया गया।.

### विहंगम योग संस्थान की बैठक संपन्न

**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** विहंगम योग संस्थान की पलामू जिला इकाई की बैठक बैरिया स्थित बनारसी प्रसाद यादव के आवास पर हुई। मुख्य अतिथि संस्थान के झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह एवं अन्य सेवा प्रभारियों ने सद्गुरुदेव की तस्वीर पर माल्यार्पण किया। बैठक की अध्यक्षता जिला संयोजक गिरजा प्रसाद सिंह ने की। बैठक में ब्रह्मविद्या के प्रचार-प्रसार की स्थिति, पत्रिका सदस्यता अभियान सहित आश्रम से जुड अन्य सेवा कार्यों की समीक्षा की गयी। इस दौरान सेवा प्रभारियों को ससमय सेवा कार्यों का निष्पादन करने एवं नियमित रूप से सत्संग गोष्ठी संचालित करने के लिए प्रेरित किया गया। मुख्य अतिथि श्री सिंह ने सदगुरु सेवा की महत्ता पर प्रकाश डाला और भक्तजनों का उत्साहवर्धन किया।
उन्होंने कहा कि ईश्वर की असीम कृपा से दुर्लभ मानव जीवन मिला है। जीवन को व्यर्थ गंवाने के बजाय समरथ सदगुरु की शरण में रहकर पुरुषार्थ करना चाहिए। विहंगम योग की साधना एवं सदगुरु की कृपा से ही जीवन का कल्याण होगा। मौके पर जिला सह संयोजक बनारसी प्रसाद यादव, रामपति राम, ओमकार नाथ पाठक, सुरेंद सिंह, रामगोविंद यादव, अमलेश सिंह, कुबेर गुप्ता,चंदन सिंह, अजय यादव, महेंद्र यादव, दशरथ पासवान, सौगंध मेहता, अमरेंद्र, मनोज, संजय, शंभू कुमार सहित सेवा प्रभारी, प्रचारक, उपदेष्टा मौजूद थे।..

### बारालोटा मंदिर कमिटी की बैठक संपन्न

**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** बारालोटा वार्ड नंबर छह में मंदिर कमिटी की बैठक हुई। बैठक में स्थानीय एवं वार्ड के कई नागरिक शामिल हुए। बैठक में मंदिर के रखरखाव एवं पंडित के मासिक वेतन पर चर्चा हुई। बैठक में सभी लोगों की राय से निर्णय लिया गया कि पंडित ओम प्रकाश तिवारी को चार हजार रुपये मासिक खर्च दिया जायेगा। यह भी निर्णय लिया गया कि आरती का जो पैसा आयेगा वह भी पंडित का ही होगा तथा दान पेटी में जो पैसा आयेगा वह मंदिर की रखरखाव पर खर्च किया जायेगा। निर्णय लिया गया कि पुजारी का वेतन मंदिर कमिटी के पदाधिकारियों, सदस्यों एवं स्थानीय लोगों के सहयोग से दिया जायेगा। बैठक में मंदिर कमिटी के अध्यक्ष सत्येन्द्र तिवारी, उपाध्यक्ष श्रीकान्त तिवारी, सचिव योगेन्द्र दुवे, मीडिया प्रभारी सह संचालक निदेशक रविन्द्र कुमार तिवारी, उपसचिव उपेन्द्र तिवारी, उपकोषाध्यक्ष मनोज तिवारी, भंडार पाल चंद्रमोली तिवारी, समाजसेवी बिनोद तिवारी, सुधीर तिवारी एवं स्थानीय लोगों में जितेन्द्र तिवारी, मनोहर तिवारी, रंजीत तिवारी, मोनू तिवारी, बैजनाथ तिवारी, भूदानकर्ता अरूण तिवारी उर्फ अकलू तिवारी सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। आप सभी नगर वासियों को जानकारी देते हुए कहना है कि जिला स्कूल के पास के टंकी का मेन चाबी खराब होने के कारण कल पानी आप सभी लोगों को सप्लाई नहीं दिया गया.।

### कल से शहर के लोगों को मिलेगा पानीः परषुराम

**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** शहर में पानी के आपूर्ति की व्यवस्था पर नजर रखने वाले भाजपा नेता परशुराम ओझा ने फेसबुक के माध्यम से जानकारी दी है कि लोगों को कल से पानी मिलेगा। उन्होंने कहा है कि आज सुबह 9 बजे पानी निकालने की व्यवस्था की गयी। पानी निकल रहा है, टंकी से पानी निकालने में कम से कम 10 घंटे का समय लग जाता है। उन्होंने कहा कि दो दिन पानी नहीं मिलने से लोगों को काफी कठिनाई का सामना करना पडा है। लोगों की कठिनाई को देखकर ही वे दिन-रात पानी सप्लाई की व्यवस्था का पर ध्यान रखते हैं।..

### रांची में बढा बर्ड फ्लू का प्रकोप

**रांची।** एजेंसियां। रांची में बर्ड फ्लू के प्रकोप के बीच होटवार में क्षेत्रीय पोल्ट्री फार्म के दो डॉक्टरों और छह स्टाफ सदस्यों को रांची के जेएसआईए भवन में अलग कर दिया गया है। अधिकारियों के मुताबिक, जेएसआईए सरकारी भवन को बर्ड फ्लू वार्ड में बदल दिया गया है। रांची से आई मेडिकल विशेषज्ञों की टीम ने संक्रमित लोगों का सैंपल लिया है। लोगों में एच5 एन1 संक्रमण के लगभग सभी मामले संक्रमित जीवित या मृत पक्षियों या एच5 एन1 दूषित वातावरण के निकट संपर्क से जुड हुए हैं। बर्ड फ्लू के प्रकोप की पुष्टि के बाद पशुपालन मंत्रालय के तहत सभी पक्षियों की बिक्री और खरीद पर पूर्ण प्रतिबंध और भूकंप के केंद्र के आसपास सर्वेक्षण करने सहित कई कार्रवाइयां की गई हैं। रांची के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने समाचार एजेंसी एएनआई को बताया कि रांची में बर्ड फ्लू की पुष्टि हुई है। जैसे ही बर्ड फ्लू की पुष्टि हुई, पशुपालन मंत्रालय में उल्लिखित दिशानिर्देशों के तहत कार्रवाई की एक श्रृंखला शुरू हो गई है। पहली कार्रवाई पूर्ण प्रतिबंध है। भूकंप के केंद्र के एक किलोमीटर के दायरे में सभी पक्षियों की बिक्री और खरीद पर। इसके अलावा, अधिकारी ने कहा कि प्रभावित क्षेत्र में सभी पक्षियों का सर्वेक्षण भी किया गया है। बर्ड फ्लू की रोकथाम के लिए जिले की एक मशीनरी भी तैनात की गई है। जिला पशुपालन कार्यालय, नगर निगम, पुलिस और मजिस्ट्रेट को तैनात किया गया है। इस संदर्भ में, समाचार पत्रों में सलाह जारी की गई है, इसके अतिरिक्त, प्रशासन बर्ड फ्लू की रोकथाम के लिए क्षेत्र में सभी प्रकार के एहतियाती उपायों को लागू करना सुनिश्चित करेगा।आरआरटी टीम पोल्ट्री एरिया होटवा में एपिसेंटर के एक किलोमीटर के क्षेत्र को कीटाणुरहित करने का काम करेगी। क्षेत्रीय पोल्ट्री फार्म के डॉ. संतोष कुमार ने एएनआई को बताया एक किमी के दायरे में सभी मुर्गियों और अंडों का निपटान किया जायेगा। हम सभी किसानों और दुकानदारों से कहेंगे कि वे कोई भी बाहरी मुर्गे न लाएं। जब तक हमें नहीं मिलता है ।

संपादकीय

# मोदी ईमानदार हैं या बेईमान है ऐ जनता देगी मत

वोट आपका अधिकार है लेकिन जानिए संसार में अधिकांश लोग अपने-अपने स्वार्थों में फँसे हुए हैं तथा जहाँ भी किसी का कोई स्वार्थ टकराता है, वह आपकी व्यर्थ निन्दा शुरू कर देता है। मनुष्य किस-किस क्षेत्र में कहाँ तक हटे ? कभी-कभी संघर्ष करना जरूरी हो जाता है। संघर्ष से व्यक्तित्व निखरता है और प्रभाव बढ़ता है। संघर्ष में साथी और विरोधी भी परिस्थिति के अनुसार बदलते रहते हैं। जो कल विरोधी था, वह आज साथी हो सकता है और जो कल साथी था, वह आज विरोधी हो सकता है। केवल मित्रता स्थायी होती है, किंतु मित्र तो जीवन में एक-दो ही होते हैं। उदारताजन्य सद्भावना सबके लिए होनी चाहिए, यद्यपि मित्रता तो एक-दो से ही हो सकती है। उदारता अथवा सद्भावना का अर्थ तुष्टीकरण कदापि नहीं होता है।

**संघर्ष में अपराध-वृत्तिवाले (क्रिमिनल) दुष्टों का सहारा लेकर विजय पाने पर भी आपको एक दिन पराजय का मुँह देखना पड़ेगा; क्योंकि वे अंत में आपको भी शिकार बनाये बिना न रह सकेंगे**

संघर्ष में अपराध-वृत्तिवाले (क्रिमिनल) दुष्टों का सहारा लेकर विजय पाने पर भी आपको एक दिन पराजय का मुँह देखना पड़ेगा; क्योंकि वे अंत में आपको भी शिकार बनाये बिना न रह सकेंगे। संघर्ष में यह स्मरण रखना उचित है कि किसी व्यक्ति के प्रति मन में घृणा और क्रोध नहीं बसा लेना चाहिए तथा घृणा और क्रोध से प्रेरित होने के बजाय न्याय एवं सत्य से प्रेरणा लेनी चाहिए। हम समाज-हित में, न्याय के समर्थन में, संघर्ष करें तथा दुष्ट को दण्ड दें, किंतु घृणा अथवा बदले की भावना से किसी को नष्ट करने के लिए उतारु न हो जाएँ। ईश्वर जिसे आयु और आजीविका प्रदान करता है, हमें मूर्खतावश उसके साथ एक क्षणभर में ही उकताहट हो जाती है। जिसे प्रभु जीवन का अवसर दे रहा है, हमें उससे घृणा करने का अधिकार नहीं है। विरोध एवं संघर्ष करते हुए भी हम इंसानिय न खो बैठे तथा संघर्ष एवं विरोध का दायरा सीमित ही रखें।चूंकि अभी तक मोदी जी के बारे में किसी से कुछ भी घोटाला के बारे में नहीं सुने हैं और उनका कोई बाल बच्चा भी नहीं है तथा पूर्ण भारत मोदी का परिवार है तो करें तो जनता के लिए यानि परिवारवाद नहीं है सही में इंतजार करें मोदी ईमानदार हैं या बेईमान है ऐ जल्द ही जनता अपने मत से देगी बस 4जून का इंतजार करें।

# ओ मेरी महुआ..., जी हाँ मैं महुआ हूँ

सुरेश सिंह बैस शाश्वत


महुआ जिसका वानस्पतिक नाम मधूचा लोंगफोलिओ है, एक भारतीय उष्णकटिबन्धीय वृक्ष है जो उत्तर भारत के मैदानी इलाकों सहित मध्यप्रदेश एवं सपूर्ण छत्तीसगढ़ के जंगलों में बड़े पैमाने पर पाया जाता है। यह एक तेजी से बढ़ने वाला वृक्ष है जो लगभग पचीस मीटर की ऊँचाई तक बढ़ सकता है। इसके पत्ते आमतौर पर वर्ष भर हरे रहते हैं। यह पादपों के सपोटेसी परिवार से सम्बन्ध रखता है। यह शुष्क पर्यावरण के अनुकूल ढल गया है, यह मध्य भारत के उष्णकटिबंधीय पर्णपाती वन का एक प्रमुख पेड़ है। सामाजिक कार्यकर्ता राकेश देवड़े बिरसावादी ने बताया कि-ह्यमहुआ के पेड़ और प्राचीन आदिवासी समाज का बहुत गहरा नाता है, जब अनाज नहीं था तब आदिम आदिवासी समाज के लोग महुआ के फल को खाकर अपना जीवन गुजारते थे, आदिवासी समाज के पारंपरिक सांस्कृतिक लोकगीतों में महुआ के गीत गाए जाते हैं। विशेष प्राकृतिक अवसरों पर आज भी महुआ के पेड़ की पूजा की जाती है।

मधुक अथवा महुआ एक कल्पवृक्ष जो इंसान समेत पृथ्वी के अन्य प्राणियों के लिए सबसे ज्यादा फायदेमंद हैं। महुआ के फूल, सुंदर, और मीठी सुगंध वाले, जब पुष्पित होते हैं तो वातावरण में नशीली खुशबू छा जाती है। महुआ, आम आदमी का पुष्प और फल दोनों हैं। आम आदमी का फल होने के कारण यह जंगली हो गया, और जंगल के प्राणियों का भरपूर पोषण किया। आज के शहरी लोग इसे आदिवासियों का अन्न कहते हैं। सच तो यह है कि गांव में बसने वालों उन लोगों के जिनके यहां महुआ के पेड़ है, बैसाख और जेठ के महीने में इसके फूल नाश्ता और भोजन हैं। पांचवे दशक में महुआ ग्रामीण जन-जीवन का आधार होता था। प्रत्येक घर में शाम को महुआ के सूखे फूल को धो-साफ कर चूल्हों में कंडा-उपरी की मंद आंच में पकाने के लिए रख देते थे। रातभर वह पकता, पक कर छुहारे की तरह हो जाता। ठंडा हो जाने पर उसे दही, दूध के साथ खाने का आनन्द अनिर्वचनीय होता। कुछ लोग आधा पकने पर कच्चे आम को छीलकर उसी में पकने के लिए डाल देते। वह खटमिट्ठा स्वाद याद आते ही आज भी मुंह में पानी आ जाता है। लेकिन न वे पकाने वाली दादियां रहीं न, माताएं अब तो सिर्फ उस मिठास की यादें भर शेष हैं। इसे डोभरी कहते, इसे खाकर पटौंहा में कथरी बिछाकर जेठ के घाम को चुनौती दी जाती थी। लगातार दो महीने सुबह डोभरी खाने पर देह की कान्ति बदल जाती थी।

डोभरी का अहसास आज भी जमुहाई ला देता है। महुआ के पेड़ों के नीचे पडे मोती के दाने टप-टप चूते हैं सुबह देर तक, इन्हें भी सूरज के चढ़ने का इन्तजार रहता है। जो फूल कूंची में अधखिले रह जाते है, रात उन्हें सेती है, दूसरे दिन उनकी बारी होती है। पूरे पेड़ को निहारिये एक भी पत्ता नहीं, सिर्फ टंगे हुए, गिरते हुए फूल। दोपहर और शाम को विश्राम की मुद्रा में हर आने-जाने वाले पर निगाह रखते हैं। कुछ इतने सुकुमार होते हैं कि कूंची में ही सूख जाते हैं, वे सूखकर ही गिरते हैं, उनकी मिठास मधु का पूर्ण आभाष देती है। जब वृक्ष के... सारे फूल धरती को अर्पित हो जाते हैं तब ग्रीष्म के सूरज को चुनौती देती लाल-लाल कोपलों से महुआ, अपना तन और सिर ढकता है। कुछ ही दिनों में पूरा वृक्ष लहक उठता है। नवीन पत्तों की छाया गर्मी की लुआर को धता बताती है। फूल तो झर गये लेकिन वृक्ष का दान अभी शेष है। वे कूंचियां जिनसे फूल झरे थे, महीने डेढ़ महीने बाद गुच्छों में फल बन गए। परिपक्व होने पर किसान इनको तोड़-पीटकर इनके बीज को निकाल-फोड़कर बीजी को सुखाकर इसका तेल बनाते है। रबेदार और स्निग्ध, इस तेल को गांव डोरी के तेल के नाम से जानता है। ऐंड़ी की बिवाई, चमडे की पनही को कोमल करने देह में लगाने से लेकर खाने के काम आता है। गांव की लाठी कभी इसी तेल को पीकर मजबूत और सुन्दर साथी बनती थी, जिसे सदा संग रखने की नसीहत कवि देते थे। महुआ गर्मी के दिनों का नाश्ता तो है ही कभी-कभी पूरा भोजन भी होता है।

बरसात के तिथि, त्यौहारों में इसकी बनी मौहरी (पूड़ी) सप्ताह तक कोमल और सुस्वाद बनी रहती है। मात्र आम के आचार के साथ इसे लेकर पूर्ण भोजन की तृप्ति प्राप्त होती है। इस महुए के फूल के आटे का कतरा सिंघाडे के फूल को फीका करता है। सूखे महुए के फूल को खपड़ी (गगरी) में भूनकर, हल्का गीला होने पर बाहर निकाल भुने तिल को मिलाकर, दोनों को कूटकर बडे लड्डू जैसे लाटा बनाकर रख लेने से वर्षान्त के दिनों में पानी के जून में, नाश्ते के रूप में लेने से जोतइया की सारी थकान एक लाटा और दो लोटा पानी, दूर कर देता है। लाटा को काड़ी में छिलका रहित झूने चने के साथ कांड़कर चूरन बना कर सुबह एक छटांक चूरन और एक गिलास मट्ठा पीकर ताउम्र पेट की बीमारियों को दफा किया जा सकता है। संसार के किसी भी वृक्ष के फूल के इतने व्यंजन नहीं बन सकते। व्रत त्यौहार में हलछठ के दिन माताएं महुआ की डोभरी खाती है। ईसका वृक्ष भले सख्त हो फूल और फल तो अत्यंत कोमल हैं। जब आपने नारियल जैसे सख्त फल को अपना लिया है तो महुए ने भला कैसा गुनाह किया है। अपनाईये खाईये और खिलाईये !

# राजनीतिक अस्पष्टता की छाया में बेरोजगारी



नीरज कृष्णा

लोकसभा चुनावों की हलचल में, जहां वादे किए जाते हैं, घोषणापत्रों की प्रशंसा की जाती है, और एजेंडे की जमकर वकालत की जाती है, एक महत्वपूर्ण मुद्दा अक्सर खुद को हाशिए पर धकेल देता है-बेरोजगारी। लाखों लोगों को प्रभावित करने वाली एक गंभीर चिंता होने के बावजूद, ऐसा प्रतीत होता है कि किसी भी राजनीतिक दल के पास इस विकट चुनौती से सीधे निपटने के लिए कोई ठोस नीति नहीं है। जैसा कि देश एक और चुनावी मुकाबले के लिए तैयार है, बेरोजगारी से निपटने के लिए व्यापक रणनीतियों की स्पष्ट अनुपस्थिति हमारे राजनीतिक परिदृश्य की प्राथमिकताओं पर प्रासंगिक सवाल उठाती है।

किसी भी राष्ट्र के सामाजिक-राजनीतिक परिदृश्य में, कुछ ही मुद्दे बेरोजगारी जितनी गहराई से और सार्वभौमिक रूप से गूंजते हैं। यह एक ऐसा भूत है जो व्यक्तियों के सपनों और समाज की स्थिरता को समान रूप से परेशान करता है। फिर भी, इसके व्यापक प्रभाव के बावजूद, राजनीतिक दल जिस गंभीरता से बेरोजगारी को संबोधित करते हैं वह अक्सर उम्मीदों से कम होती है।

**किसी भी राष्ट्र के सामाजिक-राजनीतिक परिदृश्य में, कुछ ही मुद्दे बेरोजगारी जितनी गहराई से और सार्वभौमिक रूप से गूंजते हैं**

सबसे पहले और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि राजनीतिक दल अक्सर दीर्घकालिक समाधानों की तुलना में अल्पकालिक लाभ को प्राथमिकता देते हैं। चुनावी राजनीति के दायरे में, मुद्रास्फीति दर, जीडीपी वृद्धि और सुरक्षा खतरे जैसी तात्कालिक चिंताएँ चर्चा पर हावी रहती हैं। हालाँकि ये मुद्दे निस्संदेह गंभीर हैं, लेकिन ये अक्सर बेरोजगारी की अधिक सूक्ष्म और लगातार बनी रहने वाली समस्या पर हावी हो जाते हैं। पार्टियाँ, जीत की तलाश में, अक्सर लोकलुभावन बयानबाजी और नीतियों का सहारा लेती हैं जो बेरोजगारी के स्थायी समाधान के बजाय त्वरित समाधान या बलि का बकरा पेश करती हैं।

इसके अलावा, आर्थिक संकेतकों पर अदूरदर्शी फोकस अक्सर बेरोजगारी के मानवीय आयाम को अस्पष्ट कर देता है। हर आंकड़े के पीछे संघर्ष, हताशा और टूटे सपनों की एक मानवीय कहानी छिपी होती है। हालाँकि, अमूर्त आंकड़ों और प्रतिशत पर केंद्रित राजनीतिक दल बेरोजगारों की दुर्दशा के प्रति सहानुभूति रखने में विफल रहते हैं। यह अलगाव नीतिगत निर्णयों की ओर ले जाता है जो आम नागरिकों द्वारा सामना की जाने वाली जमीनी हकीकतों से अलग हो जाते हैं।

बेरोजगारी एक दुर्जेय शत्रु के रूप में खड़ी है, जो अनगिनत नागरिकों की आकांक्षाओं और आजीविका पर लंबी छाया डाल रही है।यह क्षेत्रीय सीमाओं, सामाजिक-आर्थिक असमानताओं और शैक्षणिक योग्यताओं को पार कर हमारे समाज के ताने-बाने को कुतर रहा है।फिर भी, चुनावी बयानबाजी के शोर के बीच, इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर चुप्पी बहरा कर देने वाली है।

देश में आई आर्थिक असमानता और बेरोजगारी की रिपोर्ट देखने के बाद यह समझना आसान हो जाता है कि देश



विकास के पायदान पर भले ही कई गुना आगे बढ़ गया हो लेकिन आमजनमानस की स्थिति दिन पर दिन खराब हो रही है। आर्थिक असमानता का आंकड़ा देश में 90 प्रतिशत आमजनमानस की गरीबी का आईना दिखाया है। इसके उपरान्त जब बेरोजगारी के आकड़े पर नजर डाले तो यह देश के लिए क एक तो नीम चढ़ा दूसरा करेला की कहावत को चरितार्थ कर रहा है। सरकार के लाखों प्रयास के बावजूद देश में बेरोगारी का जो जिराफ सा स्वरूप बढ़ रहा है उसके लिएकहीं न कहीं चंद पूंजीपति और नौकरशाह जिम्मेदार है।

सीएमआईई के उपभोक्ता पिरामिड घरेलू सर्वेक्षण के अनुसार, भारत में बेरोजगारी दर जनवरी 2024 में 6.8 प्रतिशत से बढ़कर फरवरी 2024 में आठ प्रतिशत हो गई। जबकि शहरी भारत में बेरोजगारी दर कम हो गई, ग्रामीण भारत में इसमें काफी वृद्धि हुई। ग्रामीण बेरोजगारी दर फरवरी में तेजी से बढ़कर 7.8 फीसदी हो गई, जो जनवरी में 5.8 फीसदी थी। शहरी बेरोजगारी दर 8.9 प्रतिशत से गिरकर 8.5 प्रतिशत हो गई।

श्रम भागीदारी दर (एलपीआर) के साथ-साथ रोजगार दर में वृद्धि के साथ फरवरी में बेरोजगारी दर में वृद्धि हुई। भारत में एलपीआर फरवरी में बढ़कर 41.4 प्रतिशत हो गया, जो पिछले महीने में 40.6 प्रतिशत था। रोजगार दर, जो कामकाजी उम्र की आबादी में नियोजित व्यक्तियों का अनुपात है, फरवरी 2024 में 37.8 प्रतिशत से बढ़कर 38.1 प्रतिशत हो गई।

बेरोजगारी, लाखों लोगों की आकांक्षाओं पर मंडराने वाला एक सतत भूत, केवल एक आँकड़ा नहीं है, बल्कि बहुमुखी उत्पत्ति वाली एक गहन सामाजिक चुनौती है। हालाँकि, भारतीय राजनेताओं की इसकी जड़ों के बारे में स्पष्ट चर्चा में शामिल होने की अनिच्छा सतह के नीचे छिपी जटिलताओं और असुविधाओं के बारे में बहुत कुछ कहती है।

इसके अलावा, बेरोजगारी की जड़ों में जाने के लिए प्रणालीगत विफलताओं और नीतिगत कमियों के बारे में असुविधाजनक सच्चाइयों का सामना करने की आवश्यकता है। सबके लिए शिक्षा प्रणाली में अपर्याप्तताओं, असमानता को बढ़ाने वाले डिजिटल विभाजन और ग्रामीण क्षेत्रों में अवसरों की कमी को स्वीकार करना आवश्यक है - ये सभी सार्थक रोजगार सृजन में बाधा डालते हैं। इस तरह का आत्मनिरीक्षण जांच और जवाबदेही को आमंत्रित करता है, ऐसे तत्व जिनसे राजनेता, लोकलुभावनवाद और अल्पकालिक लाभ के दलदल में फंस जाते हैं, अक्सर बचने की कोशिश करते हैं।

बेरोजगारी का राजनीतिकरण चर्चा को जटिल बनाता है। भारत जैसे विविधतापूर्ण और स्तरीकृत देश में, बेरोजगारी सिर्फ एक आर्थिक मुद्दा नहीं है बल्कि एक शक्तिशाली सामाजिक और राजनीतिक ताकत है। यह राजनीतिक दलों के बीच सत्ता के खेल में असहमति के लिए रैली और सौदेबाजी का साधन बन जाता है। नतीजतन, बेरोजगारी के इर्द-गिर्द होने वाली चचाएं अक्सर दोषारोपण और बयानबाजी की ओर मुड़ जाती हैं, जिससे ध्यान वास्तविक समाधानों से हट जाता है।

वोट बैंक की राजनीति का कायम रहना एक ऐसे माहौल को बढ़ावा देता है जहां दीर्घकालिक संरचनात्मक सुधारों पर अल्पकालिक तुष्टिकरण को प्राथमिकता दी जाती है। राजनेता, चुनावी चक्रों पर केंद्रित होकर, रोजगार सृजन के लिए स्थायी समाधानों में निवेश करने के बजाय तत्काल समर्थन हासिल करने के उद्देश्य से लोकलुभावन उपायों को प्राथमिकता देते हैं। यह अदूरदर्शी दृष्टिकोण बेरोजगारी के चक्र को कायम रखता है, प्रणालीगत परिवर्तन के वास्तविक प्रयासों को राजनीतिक एजेंडे की परिधि में धकेल देता है।

मीडिया परिदृश्य भी बेरोजगारी के इर्द-गिर्द कथा को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। सनसनीखेज और संवेदनात्मकता अक्सर सूक्ष्म चचाओं पर हावी हो जाती है, जिससे महत्वपूर्ण मुद्दे हाशिये पर चले जाते हैं। सुर्खिय़ों और साउंडबाइट्स की निरंतर खोज सार्थक संवाद पर राजनीतिक रुख को प्रोत्साहित करती है, जिससे बेरोजगारी की जड़ों को संबोधित करने के प्रयासों में और बाधा आती है।

इन विकट चुनौतियों के बावजूद, बेरोजगारी की जड़ों का मुकाबला करने की अनिवार्यता को कम करके नहीं आंका जा सकता। यह शासन के प्रति दृष्टिकोण में एक आदर्श बदलाव की मांग करता है - जो पक्षपातपूर्ण हितों पर साक्ष्य-आधारित नीति निर्माण को प्राथमिकता देता है, और विभाजनकारी बयानबाजी पर सामूहिक कार्रवाई को प्राथमिकता देता है। इसके लिए शिक्षा सुधार, कौशल विकास पहल, बुनियादी ढांचे में निवेश और उद्यमिता के लिए समर्थन को शामिल करते हुए एक समग्र रणनीति की आवश्यकता है।

सबसे बढ़कर, बेरोजगारी की जड़ों को संबोधित करने के लिए राजनीतिक साहस और ईमानदारी की आवश्यकता होती है - असुविधाजनक बातचीत में शामिल होने, निहित हितों को चुनौती देने और समावेशी विकास और समृद्धि की दिशा में एक रास्ता तय करने की इच्छा। भारतीय राजनेताओं को चुनावी राजनीति से ऊपर उठना चाहिए और देश के भविष्य के प्रबंधक के रूप में अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए।

भारतीय राजनीति के हलचल भरे चुनावी माहौल में, जब बेरोजगारी की जड़ों को संबोधित करने की बात आती है, तो सार्वजनिक मंचों एवंसदनों में एक स्पष्ट चुप्पी गूँज उठती है।जबकि राजनीतिक चर्चा अक्सर आर्थिक समृद्धि और रोजगार सृजन के वादों के इर्द-गिर्द घूमती है, बेरोजगारी के अंतर्निहित कारण काफी हद तक अछूते रहते हैं।यह स्पष्ट परहेज भारत के राजनीतिक अभिजात वर्ग की प्राथमिकताओं और प्रेरणाओं के बारे में प्रासंगिक सवाल उठाता है।


विभिन्न राजनीतिक दलों द्वारा प्रस्तुत घोषणापत्र उनके प्रस्तावित शासन ढांचे की एक झलक पेश करते हैं। हालाँकि, गहन जाँच से एक स्पष्ट शून्य का पता चलता है जहाँ बेरोजगारी को दूर करने के लिए ठोस उपाय होने चाहिए। जबकि आर्थिक वृद्धि और विकास के ऊंचे वादे राजनीतिक स्पेक्ट्रम के माध्यम से गूंजते हैं, स्थायी रोजगार के अवसर पैदा करने का रोडमैप मायावी बना हुआ है।

एक सुसंगत रणनीति के अभाव में, बेरोजगारी पर चर्चा अक्सर आरोप-प्रत्यारोप में बदल जाती है, जिसमें प्रत्येक गुट दूसरे पर उंगली उठाता है। हालाँकि, इस तरह की उँगलियाँ बेरोजगार जनता की चिंताओं को शांत करने के लिए बहुत कम हैं, जो राजनीतिक नाटकीयता के बजाय व्यावहारिक समाधान के लिए तरसते हैं।

जैसे-जैसे मतदाता अपने लोकतांत्रिक जनादेश का प्रयोग करने की तैयारी कर रहे हैं, राजनीतिक दलों पर पक्षपातपूर्ण विभाजन से ऊपर उठने और राष्ट्र के सामूहिक कल्याण को प्राथमिकता देने की जिम्मेदारी है। खोखली बयानबाजी और खोखले वादों का समय बीत चुका है। जिस चीज की तत्काल आवश्यकता है वह एक सुसंगत और व्यापक दृष्टिकोण है जो बेरोजगारी के मूल कारणों को संबोधित करता है और व्यक्तियों को उनकी पूरी क्षमता का एहसास करने के लिए सशक्त बनाता है।

लोकसभा चुनावों में बेरोजगारी पर ठोस नीतियों की स्पष्ट अनुपस्थिति हमारे राजनीतिक विमर्श में एक स्पष्ट कमी को रेखांकित करती है। अब समय आ गया है कि राजनीतिक दल चुनावी राजनीति की बयानबाजी से आगे बढ़ें और इस गंभीर मुद्दे का स्थायी समाधान तैयार करने की चुनौती को स्वीकार करें। हमारे राष्ट्र का भविष्य संकल्प और सरलता के साथ बेरोजगारी का सामना करने की हमारी क्षमता पर निर्भर करता है, कहीं ऐसा न हो कि हम पीढ़ियों को निराशा और मोहभंग से ग्रस्त भविष्य में सौंप दें।

# कई बार फ्लॉप हो चुकी है दो लड़कों की जोड़ी



अशोक भाटिया

हाल ही में राहुल गांधी और अखिलेश यादव पर हमला करते हुए प्रधान मंत्री मोदी ने कहा कि दो लड़कों की जोड़ी जो कई बार फ्लॉप हो चुकी है, आप उनसे विकास की कोई उम्मीद नहीं कर सकते हैं। उन्होंने यह बात राहुल गांधी और अखिलेश यादव की बढ़ती नजदीकियों पर तंज कसते हुए कही और इस बात को उन्होंने अपनी कई जनसभाओं में दोहराया भी । यह पहली बार नहीं है जब यह जोड़ी बनी है और बुरी तरह फ्लॉप हो चुकी है ।

इस जोड़ी का इतिहास खंगाले तो चूँकि केंद्र की सत्ता पर काबिज होने का रास्ता उत्तर प्रदेश से होकर गुजरता है इसलिए देश के सबसे अधिक लोकसभा सीटों वाले इस राज्य में सभी राजनीतिक दल जीत हासिल करने के लिए अपनी पूरी ताकत झोंकने की तैयारी में जुट गये हैं। एक तरफ जहां सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के करिश्मे और विभिन्न विकास परियोजनाओं के सहारे सभी सीटों पर जीत का दावा कर रही है, वहीं विपक्षी गठबंधन इंडिया को भी राज्य में सम्मानजनक लड़ाई लड़ने की उम्मीद है।

उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी (सपा) और कांग्रेस के साथ-साथ पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ह्यइंडियाह्ण गठबंधन के तहत चुनाव मैदान में है। उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव के सभी सात चरणों के तहत मतदान होगा, जो 19 अप्रैल से शुरू होकर एक जून को समाप्त हो रहा है ।

2019 के आम चुनाव में राज्य की 80 लोकसभा सीटों में से भाजपा ने 62 सीटों पर जीत हासिल की थी, जबकि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के घटक दल अपना दल (सोनेलाल) दो सीटों पर जीत दर्ज करने में कामयाब रहा था।

वहीं कांग्रेस एकमात्र रायबरेली सीट पर जीत हासिल करने में सफल हुई थी, जबकि बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने 10, अखिलेश यादव की समाजवादी पार्टी (सपा) ने पांच सीटों पर जीत हासिल की थी। राष्ट्रीय लोक दल (रालोद) 2019 आम चुनाव में खाता भी नहीं खोल सकी थी।

लोकसभा चुनाव 2024 में भाजपा को नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को राज्य से अधिक उम्मीदें हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस बार भी वाराणसी से चुनाव मैदान में हैं, जहां काशी विश्वनाथ मंदिर के आसपास के क्षेत्र का पुनर्निर्माण सहित कई विकास परियोजनाएं शुरू की गयी हैं।

भाजपा सूबे में मोदी की लोकप्रियता और हिंदुत्व के मुद्दे को भुनाने की तैयारी में है साथ ही राज्य के छोटे दलों के समर्थन से भी पार्टी को मजबूती मिल रही है। ओम प्रकाश राजभर की सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) की राजग में वापसी से भाजपा को पूर्वांचल क्षेत्र में मजबूती मिली है।

राजभर को हाल ही में योगी आदित्यनाथ नेतृत्व की सरकार में मंत्री पद की शपथ दिलाई गयी। इसी तरह, रालोद के नेता जयंत चौधरी के समाजवादी पार्टी को छोड़कर भाजपा के साथ गठबंधन करने के कदम से पश्चिमी उत्तर प्रदेश में राजग का काम आसान होने की उम्मीद है, जहां जाटों और कृषक समुदाय का वर्चस्व है। जयंत चौधरी के दादा और किसान नेता पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को मरणोपरांत भारत रत्न की हालिया घोषणा ने स्पष्ट रूप से इस समीकरण को और मजबूती प्रदान की है।

वहीं विपक्षी गठबंधन इंडिया भी राज्य में अपनी खोई जमान बनाने में जुटा है। सपा और कांग्रेस के बीच आरोप-प्रत्यारोप के दौर के बाद आखिरकार दोनों दलों के बीच सीट-बंटवारे पर समझौता हो गया, जिससे उप्र के लड़कों की पुरानी यादें ताजा हो गईं। राज्य में 2017 विधानसभा चुनाव के लिए अखिलेश यादव और कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बीच गठबंधन के बाद उप्र के दो लड़कों की यह जोड़ी प्रसिद्ध हुई थी हालांकि चुनाव परिणामों में गठबंधन को मुंह की खानी पड़ी थी।

हालांकि उत्तर प्रदेशमें हालिया राज्यसभा चुनावों से संकेत मिला कि सपा के भीतर अभी भी सब कुछ ठीक नहीं है। सपा के आठ से अधिक विधायकों ने राज्यसभा चुनाव में भाजपा के लिए क्रॉस वोटिंग की थी, जिनमें पार्टी के मुख्य सचेतक मनोज पांडेय भी शामिल थे। कुछ राजनीतिक जानकारों का मानना है कि पांडेय को अब रायबरेली से भाजपा का टिकट मिल सकता है, जो लंबे समय से कांग्रेस नेता सोनिया गांधी का गढ़ रहा है। सोनिया के चुनाव न लड़ने के बाद कांग्रेस खेमा चाहता है कि प्रियंका गांधी वाद्रा रायबरेली से चुनाव लड़ें।

सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए एक नया नारा पीडीए दिया है, जिसका मतलब पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक है। उत्तर प्रदेश की राजनीति में इन तीनों वर्गों के बड़ी संख्या में मतदाता हैं। वहीं मायावती ने ऐलान किया है कि उनकी पार्टी किसी भी दल के साथ सीट बंटवारे पर समझौता नहीं करेंगी।

भाजपा ने पिछले कुछ महीनों में विशेष रूप से पिछड़े पसमांदा मुसलमानों को लक्षित करते हुए अल्पसंख्यकों तक पहुंच बनाने के प्रयास किए हैं। मोदी सरकार में तीन तलाक उन्मूलन को भी मुस्लिम महिलाओं की स्थिति में सुधार लाने के प्रयास के रूप में पेश किया गया है। हालांकि अब तक भाजपा द्वारा घोषित 51 उम्मीदवारों की पहली सूची में किसी मुस्लिम उम्मीदवार के नाम की घोषणा नहीं की गयी है।

भाजपा की सूची में प्रधानमंत्री मोदी के अलावा प्रमुख उम्मीदवारों में लखनऊ से रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, अमेठी से स्मृति ईरानी, मथुरा से हेमा मालिनी और खीरी से अजय मिश्र टेनी शामिल हैं। वहीं कांग्रेस ने अभी तक अपने हिस्से की 17 लोकसभा सीटों पर उम्मीदवारों के नामों की घोषणा नहीं की है। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) एक लोकसभा सीट पर चुनाव मैदान में है। वहीं सपा 43 लोकसभा सीटों पर अपने उम्मीदवारों को मैदान में उतार चुकी है व कमी लगी तो खुद भी चिनावी मैदान में उम्मीदवार के रूप कूद पड़े है ।

# 25 मई को उत्साह के साथ करें मतदान, गढ़े नया आयामः डीईओ सह डीसी

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता




**बोकारो** = शहरी क्षेत्र में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर स्वीप कोषांग द्वारा नियमित विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी (डीईओ) सह उपायुक्त (डीसी) विजया जाधव की अध्यक्षता में (वोट वाकाथान) का आयोजन किया गया। वोट वाकाथान का शुभारंभ बोकारो स्टील सिटी के सेक्टर 05 स्थित पत्थरकट्टा चौक से हुआ, जो सेक्टर 02 स्थित राम मंदिर चौक जाकर संपन्न हुआ। इस अवसर पर जिला स्तरीय सभी पदाधिकारीगण, आइएमए एवं निजी नर्सिंग अस्पताल संघ/ड्रगिस्ट एंड केमिस्ट संघ के प्रतिनिधि, काफी संख्या में शहरवासी शामिल हुए। इस अवसर पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी (डीईओ) सह उपायुक्त (डीसी) ने अपने संबोधन में कहा कि जिस उत्साह के साथ सभी इस कार्यक्रम में शामिल हुए हैं, इसी उत्साह के साथ आगामी 25 मई 2024 को मतदान दिवस के दिन सभी घरों से निकलकर मतदान केंद्र पहुंच अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे। उन्होंने मतदान दिवस को शत प्रतिशत मतदान कर बोकारोवासियों से नया आयाम गढ़ने का आह्वान किया। कहा कि मतदान लोकतंत्र का महापर्व है, जो पांच वर्षों में एक बार आता है। इस पर्व में शामिल होने में कोई चूक नहीं करनी है। स्वयं मतदान करें और अपने आस ड्क पास के दूसरे लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करें। जिला निर्वाचन पदाधिकारी (डीईओ) सह उपायुक्त (डीसी) ने चुनाव का पर्व, देश का गर्व सलोग्न को बोला, जिसका सभी ने दोहराव किया। वहीं, आगामी 25 मई को मतदान करने के संदेश संबंधित गुब्बारा को आसमान में छोड़ा। मौके पर निर्वाचन कोषांग के वरीय नोडल पदाधिकारी सह डीडीसी संदीप सिंह ने कहा कि सभी को मतदान करना है। अगर किन्हीं के पास ईलेक्ट्रोल फोटो पहचान पत्र (ईपीक) नहीं है, तो भी वह भारत निर्वाचन आयोग द्वारा स्वीकृत 12 अन्य वैक्लपिक दस्तावेजों (पासपोर्ट, ड्राइविग लाइसेंस, राज्य या केंद्र सरकार सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंकों या डाकघरों द्वारा जारी की गई फोटोयुक्त पासबुक, पेन कार्ड, राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर (एनपीआर) द्वारा जारी किए गए कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड (श्रम मंत्रालय), फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज,आधार कार्ड,सांसद/विधायक पार्षद को जारी कार्ड एवं विशिष्ट दिव्यांगता पहचान पत्र (यूडीआइडी) को प्रस्तुत कर मतदान केंद्र पर जाकर अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर सकते हैं। मौके पर स्वीप कोषांग के नोडल पदाधिकारी प्रभास दत्ता ने कहा कि शहरी क्षेत्र का मतदान प्रतिशत संतोषजनक नहीं है। इसे बढ़ाने को लेकर लगातार मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिला प्रशासन कोई मतदाता छूटे नहीं... इसको लक्ष्य बनाकर काम कर रही है। उन्होंने मतदाता जागरूकता से संबंधित विभिन्न स्लोगन (छोड़ के अपने सारे काम पहले चलो करें मतदान, नहीं करेंगे यदि मतदान होगा बहुत बड़ा नुकसान,।

## एक-नजर

### शोषित वंचित मजदूर और मजलूम के लिए तीसरे विकल्प के रूप में उभर के आयेगी आजाद समाज पार्टी : डा परवेज़ नैय्यर



**बोकारो** = शोषित वंचित मजदूर और मजलूम के लिए तीसरे विकल्प के रूप में उभर के आयेगी आजाद समाज पार्टी (का )। क्योंकि झारखंड में दोनों राष्ट्रीय पार्टी ने एक भी अल्पसंख्यकों को टिकट नहीं देकर छलने का काम किया है। जिसे यहां के मजदूर, विस्थापित,दलित, अल्पसंख्यकों में नाराजगी व्याप्त है। जिसका परिणाम धनबाद लोकसभा में देखने को मिलेगा। उपरोक्त कहना है आसपा के धनबाद लोकसभा प्रत्याशी डॉ परवेज़ नैय्यर का । वे टिकट मिलने के उपरांत पहली बार पत्रकारों से बात करते हुए कही। उन्होंने कहा कि पार्टी के प्रमुख चंद्रशेखर आजाद ने जो उन पर विश्वास जताया है वह उनके विश्वास पर खडा उतरने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि यह पार्टी संविधान पर चलती है और संविधान के लिए लड़ती है। वही पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष काशिफ रजा ने कहा कि झारखंड में पार्टी के प्रति लोगों का रुझान देखते हुए पहले दो लोकसभा सीटों पर उम्मीदवार की घोषणा की गई थी। परंतु पार्टी और लोगों का समर्थन को देखते हुए कुछ और सीटों पर प्रत्याशी उतारने का निर्णय किया जा रहा है। इस मौके पर भीम आर्मी प्रदेश्य अध्यक्ष संजय रविराज, वरीय महासचिव मदुसुदन कुमार, प्रदेश से संगठन सचिव नागमणि रजक, प्रदेश उपाध्यक्ष राम कुमार रवि, प्रदेश महासचिव आकाश मुखी, प्रदेश सचिव नईम खान, प्रदेश उपाध्यक्ष सह सदस्यता प्रभारी विकास कुमार यादव, प्रदेश प्रवक्ता प्रभुनाथ बौद्ध, प्रदेश सचिव अयाजुद्दीन और प्रदेश सचिव प्रोफेसर शकील अहमद और कई जिलों के जिला अध्यक्ष सह ि?ला के कार्यकर्ता मौजूद थे।.

### निरसा पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर लगभग छ टन कोयला जप्त किया।

**निरसा।** निरसा के कंचनडीह बस्ती में निरसा पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर लगभग 6 टन कोयला जप्त किया। छापेमारी का नेतृत्व निरसा थाना प्रभारी मंजीत कुमार दलबल के साथ कर रहे थे। छापेमारी के बाद पुलिस ने बरामद कोयला को सीआईएसएफ के सहयोग से ईसीएल के कोल डिपो में जमा करवा दिया। इस संबंध में निरसा पुलिस कोयला चोरों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की प्रक्रिया चल रही है।.

### फर्टिलाइजर वर्कर्स यूनियन के संतोष चौधरी ने बलियापुर में चलाया जनसंपर्क अभियान



**बलियापुर** रविवार को जनसंपर्क अभियान के तहत इंडिया गठबंधन के पक्ष में संतोष चौधरी ने बलियापुर प्रखंड के पूर्व मुखिया जिन्होंने 47 साल तक बलियापुर में मुखिया थे हांजी।अशरफ अली खान एव उनके पुत्र समाजसेवी अनवर अली खान से मुलाकात करते हुए विश्वास दिलाई और कहे कि हम सभी लोग कांग्रेस के पक्ष में मतदान करेंगे और पूर्ण समर्थन आपको देते हैं और पूर्ण समर्थन और पूर्ण सहयोग आपको करेंगे इसके लिए पूर्व मुखिया हांजी अशरफ अली खान एव उनके पुत्र समाजसेवी अनवर अली खान को पूरे महागठबंधन की तरफ से हार्दिक बधाई बहुत-बहुत शुभकामनाएं उन्होंने कहा कि इस बार महागठबंधन प्रत्याशी अनुपमा सिंह की जीत हर हाल में होगी साथ में फर्टिलाइजर वर्कर्स यूनियन के महामंत्री शह धनबाद जिला कांग्रेस महामंत्री संतोष चौधरी झारखंड प्रदेश का सचिव इंदु सिंह टुल्लू सिंह जयराम यादव वीरेंद्र सिंह राकेश कुमार आदि।

### हरली से लापता बसंत हजारीबाग बस स्टैंड में मिला, कुछ भी बोलने से अभी है असमर्थ : पूर्व मुखिया

**बड़कागांव।** बड़कागांव प्रखंड के ग्राम हरली निवासी टेंट मलिक वसंत कुमार आज शाम हजारीबाग बस स्टैंड में मिला। फिलहाल अभी वह कुछ बोल पाने में असमर्थ है। उक्त बातें हरली पंचायत के पूर्व मुखिया महेंद्र महतो ने कहा कि बसंत महतो अपना गांव आने के लिए हजारीबाग बस स्टैंड में बस पकड़ने के लिए पहुंचा था कि उसे पहचान लिया गया उससे पूछताछ करने पर सिर्फ इतना ही बोल पा रहा है कि मैं तो कहीं नहीं गया हूं। उक्त बातें हरली पंचायत के पूर्व मुखिया महेंद्र महतो ने कहा कि बसंत महतो अपना गांव आने के लिए हजारीबाग बस स्टैंड में बस पकड़ने के लिए पहुंचा था पूर्व मुखिया ने आगे कहा कि अभी आगे कुछ भी बताने से बसंत असमर्थ है। उसे हजारीबाग में ही अपने चचेरा भाई के डेरा में ले जाया गया है। ज्ञात हो कि बसंत महतो की धर्मपत्नी रीता देवी 24 अप्रैल को लापता होने का सनहा बड़कागांव थाना में दर्ज कराई थी, तब से पुलिस सक्रिय होकर कई बिंदुओं पर जांच पड़ताल कर रही थी। साथ ही साथ ग्रामीण भी काफी खोज बीन कर रहे थे। उनके लापता होने पर कई तरह की अफवाहें एवं अटकलें लगाई जा रही थी।

### पूर्व प्रमुख गिरधारीलाल यादव कांग्रेस पार्टी में हुए शामिल

**बरही।** बरही प्रखंड के पूर्व प्रमुख गौरियाकरमा निवासी झारखंड कोऑपरेटिव फेडरेशन के डायरेक्टर गिरधारी लाल यादव शनिवार को विधिवत रूप से कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गए है। जिला कांग्रेस कार्यकारणी की बैठक में गिरधारीलाल यादव को कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष शैलेंद्र कुमार यादव, जिला कांग्रेस प्रभारी अजय सिंह, बरही विधायक उमाशंकर अकेला, बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद साव, एससी डिपार्टमेंट के प्रदेश अध्यक्ष केदार पासवान, महिला मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष गुंजन सिंह, झारखंड प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष भीम सिंह ने पार्टी का पट्टा पहनाकर शामिल करवाया। इस अवसर पर उपस्थित जिला कांग्रेस के पदाधिकारियों ने गिरधारी लाल यादव को बधाई दिया। बधाई देने वालों में कांग्रेस विधायक उमाशंकर अकेला, जिला अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार यादव, जिला कांग्रेस प्रभारी अजय कुमार सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष भीम सिंह, झारखंड प्रदेश एससी डिपार्टमेंट के प्रदेश अध्यक्ष केदार पासवान, जिला उपाध्यक्ष डॉ निजामुद्दीन अंसारी, कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, बरही प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा, बरही प्रखंड अध्यक्ष अल्पसंख्यक विभाग गुलजार अंसारी, विधायक प्रतिनिधि रिजवान अली, परमेश्वर यादव, चौपारण प्रखंड अध्यक्ष मंटू यादव, चंदवारा प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष अज्जु सिंह, राज कुमार यादव, छोटेलाल यादव, ओबीसी जिला अध्यक्ष दीपक गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि बरही सुनील साहु, अनिल मेहता, जिला कांग्रेस महासचिव संजय यादव, जिला मीडिया प्रभारी निसार खान सहित अन्य कांग्रेसी शामिल है।

## चंद्रपुरा में उत्पाद विभाग ने अवैध देशी शराब निर्माण स्थल पर की छापेमारी

**बोकारो** = जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर रविवार को सहायक आयुक्त उत्पाद बोकारो के मार्गदर्शन एवं निरीक्षक उत्पाद के पर्यवेक्षण में जिला उत्पाद टीम ने चंद्रपुरा प्रखंड के दुगदा थाना अंतर्गत जमुनिया नदी किनारे अवैध शराब निर्माण स्थल पर छापेमारी की। मौके से उत्पाद टीम ने 840 केजी जावा महुआ शराब एवं 755 लीटर अवैध चुलाई शराब को जब्त किया। वहीं,अवैध शराब निर्माण में इस्तेमाल किए जाने वाले वस्तुओं को नष्ट किया।छापेमारी के क्रम में अभियुक्तों हरिपद महतो एवं सुरेश महतो पर उत्पाद अधिनियम की सुसंगत धाराओं के आधार पर अभियोग दर्ज किया जा रहा है। छापेमारी दल में निरीक्षक उत्पाद संजीत देव,अवर निरीक्षक सदर कृष्णा प्रजापति,अवर निरीक्षक उत्पाद तेनुघाट दीपिका कुमारी सहित सशस्त्र बल शामिल थे।



जानकारी हो कि, लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को लेकर बोकारो जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर है। उपायुक्त बोकारो ने सहायक आयुक्त उत्पाद को लगातार अभियान चलाकर अवैध शराब के निर्माण ड्क बिक्री पर प्रभावी कार्रवाई करने का निर्देश दिया है. वोट डालने जाना है,अपना फर्ज निभाना है, 25 मई 2024,गिरिडीह/धनबाद लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र,आइए मतदान करें , इस बार दिन भर मतदान, सुबह 07 बजे से अपराह्न 05 बजे तक होगा मतदान..।

## इंडी गठबंधन दिशाहीन, एनडीए के पास विकास को गति देने का संकल्प : सुदेश महतो

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**बोकारो, 28 अप्रैल (हि.स.)।** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कि इस बार का आम चुनाव कई मायनों में अहम है। विकास को गति देने के साथ एक सशक्त राष्ट्र निर्माण के लिए एनडीए प्रतिबद्ध है जबकि नेतृत्व विहीन इंडी गठबंधन नकारात्मकता फैलाने में जुटा है। सुदेश कुमार महतो रविवार को बोकारो के चंद्रपुरा प्रखंड अंतर्गत तेलो, बाजार टांड में आयोजित मिलन समारोह को संबोधित कर रहे थे।



सुदेश कुमार महतो ने कहा कि यह चुनाव देश के नेतृत्व करने वाले को चुनने के लिए भी है। अब तक दो चरणों में हुए मतदान में जो संकेत मिल रहे हैं उससे जनता ने नरेन्द्र मोदी के संकल्प और मंत्र- सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास पर भरोसा किया है। उन्होंने कहा कि गिरिडीह संसदीय क्षेत्र में एनडीए की बड़ी जीत के साथ यहां की जनाकांक्षाओं को पूरे करने के लिए हम सभी को मिलकर जिम्मेदारी और जवाबदेही सुनिश्चित करनी है। झारखंड में सत्तारूढ़ झामुमो और कांग्रेस की विदाई इसी लोकसभा चुनाव में तय हो जाएगी। आजसू ने गिरिडीह के विकास को लक्ष्य माना है और झामुमो-कांग्रेस वालों का काम है पहले अपना-अपना घर भरना। अब जनता इनके छलावे में आने वाली नहीं है।

पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने वाले लखन लाल महतो ने कहा कि सुदेश महतो के विचार, सोच व आजसू पार्टी की नीतियों से प्रभावित होकर आज पार्टी में शामिल हो रहा हूं। पार्टी जो भी जिम्मेदारी देगी उसका निष्ठा पूर्वक निर्वहन करेंगे और पार्टी के नीति-सिद्धान्तों को जन-जन तक पहुचाएंगे।


इस अवसर पर आजसू बुद्धिजीवी मंच के प्रदेश अध्यक्ष डोमेन सिंह मुंडा, उपाध्यक्ष उमाकांत रजक, महासचिव लंबोदर महतो, यशोदा देवी, मुकुंद चंद्र मेहता, अजय सिंह, संतोष महतो (तोपचांची), कसीनाथ सिंह, सचिव संतोष महतो, नवीन महतो, हलधर महतो, जयलाल उर्फ जेली महतो, रिंकी देवी उप प्रमुख चंद्रपुरा इत्यादि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## धनबाद संसदीय क्षेत्र में जीत के फासले का आकलन नामांकन के बाद

हरे राम पंडित

**धनबाद** : अभी तक धनबाद लोकसभा चुनाव के लिए दो मुख्य पार्टियों के साथ दो तीन और पार्टियों के उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की गई है। एक नाम सरयुग राय जी का भी चल रहा है। उनके आ जाने से मुकाबला रोचक हो सकता है परन्तु लगता नहीं है कि वे जमशेदपुर से धनबाद का चुनाव लड़ने आएंगे चूंकि कांग्रेस उम्मीदवार ने उनसे जाकर आशिर्वाद प्राप्त कर लिया है लेकिन राजनीति में हमेशा संभावनाएं बनी रहती है, कुछ कहा नहीं जा सकता है।

टी एम सी भी अपना उम्मीदवार दे सकती है धनबाद से,ऐसी संभावना है चूंकि बंगाल से सटा जिला है और बंगला भाषियों की अच्छी खासी संख्या है धनबाद में। झारखंड पार्टी, कम्युनिस्ट भी यहां उम्मीदवार देंगें ऐसी संभावना है।



कांग्रेस के पुराने नेता पार्टी छोड़ रहे हैं। कांग्रेस ने फिर वही गलती किया है कि एक बिल्कुल ही अपरिपक्व और धनबाद से बाहर के उम्मीदवार का नाम घोषित किया है। ऐसी परिस्थिति में भारत के प्रधानमंत्री की गारंटी वाली पार्टी भाजपा ही जीत का सेहरा पहनेगी, इतना तो तय लगता है। धनबाद संसदीय क्षेत्र के कुल विधानसभा क्षेत्रों में सिर्फ दो गैरभाजपाई विधायक हैं और पांच विधानसभा से भाजपा के ही विधायक हैं।तो स्वाभाविक है कि भाजपा जीतेगी।

वैसे भी भाजपा के उम्मीदवार भाजपा से विधायक हैं,लोकल धनबाद वासी हैं, जुझारू हैं, पिछड़े वर्ग से आते हैं, चरित्रवान हैं, गरीबों की मदद के लिए तत्पर रहते हैं, धनबाद की जन समस्याओं से अवगत हैं,ये सारे गुण उनके के लिए मददगार होंगे। धनबाद की मुख्य समस्याओं के समाधान के लिए में लांग टर्म प्लान तैयार एवं क्रियान्वयन करवाना जल प्रबंधन के लिए, पर्यावरण संरक्षण, झरिया क्षेत्र का सर्वाधिक प्रदूषित होना, धनबाद में हवाई सेवा का शिघ्रातिशिघ्र शुरू होना, नवनिर्मित सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल का शुरू होना, गया पुल का दोहरीकरण, एवं अनेकों फ्लाईओवर का निर्माण होना, धनबाद संसदीय क्षेत्र के लिए विकास हेतु प्रोजेक्ट्स को लाना, ग्रामीण क्षेत्रों में जल जीवन मिशन योजना को क्रियान्वित करवाना आदि आदि।

राजनीति में देखा जाए तो भाजपा कैडर आधारित पार्टी है और इनके कार्यकर्ता पार्टी के प्रति समर्पित देखे जाते हैं। यह बात सही है कि उम्मीदवार घोषित होने पर थोड़ा सा क्षोभ होता है चूंकि उम्मीदवार की पंक्ति में बहुतों को आशा रहती है। लेकिन धीरे-धीरे कैडर आधारित पार्टी में फिर सारे कार्यकर्ता पार्टी के उम्मीदवार के लिए ही काम करते हैं, ऐसा मानना है वरिष्ठ नागरिक व समाजसेवी हरे राम पंडित का। श्री पंडित का यह भी मानना है कि जातीय समीकरण देखा जाए तो पिछड़ों, दलितों, आदिवासियों की आवादी करीब 70त्न से अधिक है धनबाद संसदीय क्षेत्र में। अन्य वर्गों का भी समर्थन भाजपा को है ,यह समीकरण भी भाजपा के पक्ष में जाता दिख रहा है। अब रहा जीत के अन्तर का आकलन तो नामांकन के बाद ही हो पाएगा।

## कौन बचायेगा सिन्दुरपुर की जोडिया को समाजसेवी- अशोक मुखर्जी

**बलियापुर।** सिन्दुरपुर जोडीया इन दिनो जहा घर घर के लोग जल समस्या से जूझ रहे है।वही इन दिनो जोडीया का अस्थीत्व खतरे मे नजर आ रहा है।यहा के दर्जनो गांवो के लोग इस जोडीया पर ही आश्रित है स्नान से लेकर कपडा धोना मवेशियों तथा पालतू जानवर को भी पानी पिलाते है।कई गांव के लोग भी इसी जोडीया पर आश्रित है।बलियापुर के लिए ये लाईफ लाईन कहा जाता है।घर घर जल योजना भी सफल नही हो पाया है,जनप्रतिनिधि इन विषयों पर आवाज कब उठायेंगे।

यह कहना है अशोक मुखर्जी की और उन्होने सिन्दुरपुर की जोड़िया का अस्तित्व को खतरा बताया है इससे पूर्व भी लगातार पत्राचार और धरना कार्य क्रम के माध्यम से विस्तार से जान कारी भी दी जा चुकी है, मगर अभी तक किसी भी स्तर पर जोड़िया की जीर्णोद्धार हेतु



कोई कदम उठाया नही गया है, वर्तमान जलसंकट जैसे भयंकर समस्या से बचने के लिए जोड़िया की साफ सफाई जरुरी है,,एक तरफ जहां ÷घर घर जल योजना के तहत लगी नल से अभी तक गाव तक जल पंहुची नहीं पाई है, वहीं दुसरी ओर कुआं,तालाब चापा कल और इस जोड़िया का सुख जाने से इस क्षेत्र में आनेवाले समय में भारी परेशानी होना तय है, अब देखना यह है,की कौन विभाग समस्या का समाधान के लिए हस्तक्षेप करते हैं या कौन जनप्रतिनिधि आगे आते हैं।क्युकी दस हजार से अधिक लोग जल समस्या से जूझने के बिवश हो जायेगें.।

### चिरकुंडा के पत्रकार भगवान किंकर मालविया के 85 वर्षीय माता श्यामा देवी की निधन

**एग्यारकुंड।** चिरकुंडा के पत्रकार भगवान किंकर मालविया के 85 वर्ष की माता श्यामा देवी की निधन रविवार की सुबह चार बजे हो गयी उनके छ पुत्र व नाती पोते से भरा पुरा परिवार है उनका अंतिम संस्कार बराकर नदी तट पर संध्या पांच बजे रेलवे ओवर ब्रिज स्मशान घाट पर छोटे पुत्र नटवरलाल मालविय द्वारा की गयी प्रमोद मालविय,बिनोद मालविय,मुन्ना मालविय,मनोज मालविय,भगवान किंकर मालविय,नटवरलाल मालविया आदी पुत्र सभी साथ थे। मौके पर शिक्षाविद प्रो अरुण साव,प्रो सुबिर चट्रजी सहित पत्रकार संघ निरसा चिरकुंडा अंचल के अध्यक्ष इन्द्रदेव प्रसाद,पत्रकार आशुतोष मिश्रा,प्रविण चौधरी,पिन्टु चौबे,बिटु सिंह,कृष्णा सिह,प्रिंस राय ।

## भाजपा ने लोगों को ठगने का काम किया - सीता राणा

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद लोकसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह के पक्ष में वोट देने की अपील के साथ धनबाद जिला महिला कांग्रेस कमिटी की जिलाध्यक्ष सीता राणा ने रविवार को धनबाद और झरिया विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न क्षेत्रों में जन संपर्क अभियान चलाया। जन संपर्क अभियान के तहत धनसार में गीता सिंह, गंगा देवी, सविता देवी, सरस्वती देवी, मीना देवी, मुस्कान सिंह, खरीकाबाद में कारो देवी, विमला देवी, शांति देवी, कारकेंद्र स्टेशन के पास साबो देवी, किरण देवी, प्रमिला देवी, सुमित्रा देवी, बोररागढ़ में फुलकुमारी देवी, सविता देवी, सुनैना देवी, संगीता देवी, कलावती देवी, शाहिना बानो, सविता कोड़ा,



जानकी देवी, कलावती देवी, उकैया बीबी, फूलो देवी, नीतू देवी आदि शामिल थी।

धनबाद जिला महिला कांग्रेस कमिटी की जिलाध्यक्ष सीता राणा ने मौके पर कहा कि भाजपा ने विभिन्न योजनाओं के नाम पर लोगों को ठगने का काम किया है। भाजपा सरकार की योजना सिर्फ विज्ञापनों तक सीमित रही है। जन संपर्क अभियान के तहत लोगों से मिलने पर असली सच्चाई सामने आ रही है। जब लोगों ने बताया कि उन्हे सरकारी योजना का लाभ नहीं मिला। शौचालय योजना, आवास योजना, राशन कार्ड जैसी योजना से भी लोग वंचित हैं।

सीता राणा ने कहा कि भाजपा आज मोदी की गारंटी दे रही है जबकि सच्चाई यह है कि योजना का लाभ गरीबों, पिछड़ों तक पहुंचा ही नही। योजना का लाभ लेने के लिए गरीब पिछड़े वर्ग के लोग आज भी भटक रहे हैं।

सीता राणा ने आगे कहा कि कांग्रेस के पांच न्याय के तहत गरीबों और पिछड़ों को उनका हक दिया जायेगा। साथ ही महिलाओं को चाहे वह किसी भी वर्ग से हो को आर्थिक रूप से संबल प्रदान किया जायेगा। महिला सशक्तिकरण को लेकर स्वयं सहायता समूह को आर्थिक सहायता दी जाएगी। सीता राणा ने अपील किया कि कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह को वोट देकर विजई बनाए ताकि धनबाद क्षेत्र में योजनाओं का लाभ गरीबों पिछड़ों वंचितों को मिल सके और उनके साथ न्याय हो सके।.

# जनता का महागठबंधन हमारे साथ :जयप्रकाश

## स्व रीतलाल वर्मा की सपना साकार करने के लिए जेपी वर्मा लाने का लिया संकल्प

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता




**गिरिडीह :** कोडरमा लोकसभा संसदीय क्षेत्र से निर्दलीय उम्मीदवार गांडेय पूर्व विधायक प्रो जय प्रकाश वर्मा ने रविवार को जेपी कुशवाहा कॉलेज भंडारों परिसर में सर्व समाज कार्यकर्ता की साथ बैठक किया जिसमें बगोदर गांडेय,धनावर,जमुआ बरकठ्ठा सतगंवा मरक्च्चो प्रखंड से कार्यकर्ता ने भाग लिया. बैठक में मुख्य रूप से झारखंड प्रदेश कुशवाहा महासभा अध्यक्ष हाकिम महतो, महासचिव सत्यदेव प्रसाद वर्मा,विवेकानंद पाण्डेय, आदि ने भाग लिया एक एक भाषण पर लग रहें थे जय प्रकाश वर्मा जिंदाबाद, बैठक में वक्ताओं ने एक ही बात कह रहे थे. भाजपा ने झारखंड को समय समय पर बेचने का काम किया है चाहे वह रघुवर दास छतीसगढ राज्य सभा सांसद प्रदीप वर्मा ,हरियाणा,नवीन जयसवाल राजस्थान को भाजपा ने आगे किया है .कार्यक्रम में प्रदेश कुशवाहा महासभा अध्यक्ष हाकिम महतो ने कहा की आज झारखंड के सभी लोकसभा क्षेत्र के बदलाव का हवा बह रही है. खासकर कोडरमा में निर्दलीय उम्मीदवार प्रो जय प्रकाश वर्मा के पक्ष में लहर चल रही है. उन्होंने सभी लोगों से अपील किया की 20 दिन तक आप अपने सभी कार्य स्थागित कर कोडरमा लोकसभा सीट पर अपना कब्जा करने को लेकर अपने भाई बेटा प्रो जय प्रकाश वर्मा के पक्ष में कार्य करें . जय प्रकाश की उम्मीवारी सुनकर भाजपा एवं महागठबंधन प्रत्याशी का नीद हराम हो चुका है. वर्तमान सांसद में इस क्षेत्र की एक अभी समस्या लोकसभा सदन में उठाने की जरूरत नही समझी कोडरमा अबरख की जननी है इसके बाद यहाँ के लोग पलायन कर रहें है. भाजपा के लोग कहते घूम रहे कि मोदी के नाम पर वोट दें तो फिर उम्मीवार क्यो देते है चुनाव हर क्षेत्र में मोदी ही चुनाव लडते .।

कार्यक्रम को सम्बोधित करतें कोडरमा लोकसभा संसदीय क्षेत्र से निर्दलीय उम्मीदवार प्रो जय प्रकाश वर्मा ने कहा कि वे जनता की मांग पर चुनावी समर में कमर कसकर कूदने को तैयार हैं.कहा कि हमारे साथ युवाओं,सामाजिक कार्यकर्ताओं,बुद्धिजीवियों एवं विभिन्न दलों को अच्छे कार्यकार्ताओं की बडी फौज है .कहा कि जनता बदलाव चाहती है.जनता के बीच मैं हमेशा रहता हूँ.हर आम एवं खास के सुख दुख में वे सदैव खड रहते हैं।उन्हें जनता का आशीर्वाद जरूर मिलेगा सी प्रत्याशा है.कहा कोडरमा फतह करने तक विश्राम न करने और जन जन तक पहुंचने के सामुहिक सन्कल्प के साथ बैठक का समापन किया गया।तय किया गया कि बडी बडी जनसभा न कर नुक्कड सभा व जनसम्पर्क अभियान के द्वारा जन जन तक पहुंचने का कार्य किया जाएगा कहा कि आगामी 1 मई मजदूर दिवस के दिन नोमनेशन करेंगे ।

मौके पर जिला कुशवाहा संघ अध्यक्ष इन्द्रनारायण प्रसाद वर्मा,कांग्रेस नेता बासुदेव प्रसाद वर्मा ,बाबुमनी सिंह,रामचंद्र प्रसाद वर्मा,दशरथ तिवारी,रामदेव महतो,मुकुंद मुरारी,अजित वर्मा,सुरेश साव,इंद्रजीत वर्मा,नेजाम उदीन राजू महेता, डॉ द्वारिका प्रसाद वर्मा ,महेशवर्मा,राजेश वर्मा,मुंसी वर्मा,दिनेश वर्मा,बैजनाथ प्रसाद वर्मा पवन वर्मा,उमेश प्रसाद, अजय द्विवेदी ,आदिवासी छात्र जिला अध्यक्ष प्रवीण हांसदा, कार्यमुक्त प्रदेश अध्यक्ष विशाल भदानी,मालती चंद्रा, (

## विनोद सिंह अगामी एक मई मजदूर दिवस को करेंगे कोडरमा लोकसभा के लिए नॉमिनेशन

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**गिरिडीह :** इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी बगोदर विधायक विनोद सिंह अगामी एक मई मजदूर दिवस को करेंगे कोडरमा लोकसभा के लिए नॉमिनेशन करेंगे। इस मौके पर राज्य सभा सांसद डॉक्टर सरफराज अहमद के अलावा,सभी घटक दल के जिला अध्यक्षों को माले के जिला सचिव जनार्दन का लिखित आमंत्रण पत्र को दिया गया। लोकसभा नॉमिनेशन के दौरान झारखंड के सीएम चंपई सोरेन,माले के महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य,राज्य सभा सांसद डॉक्टर सरफराज अहमद,सदर विधायक सुदीप्य सोनू,राजधनवार के पूर्व विधायक राजकुमार यादव, निरसा के पूर्व एमएलए अरूप चटर्जी के अलावा गठबंधक दल के सभी घटक दल के अधिकारी,राज्य स्तर के नेता,कार्यकर्ता,समर्थक के साथ माले के जिला कमिटी राज्य कमिटी के सदस्य और राज्य कमिटी के सदस्य,जिला कमिटी के सदस्य, निरसा के पूर्व एमएलए अरूप चटर्जी,जेएमएम के जिला सचिव संजय सिंह,जेएमएम के कई अधिकारी,कांग्रेस के जिला अध्यक्ष धनंजय सिंह के अलावा कांग्रेस के सभी पदाधिकारी कार्यकर्ता , आम आदमी पार्टी के स्टेट प्रवक्ता,कृष्ण मुरारी शर्मा और विभिन्न दल के अधिकारी, माले के राज्य सचिव मनोज भक्त ,जिला परिषद के कई प्रतिनिधि,बेरोजगार स्टूडेंट आदि का बड़ी संख्या के लोग उपस्थित रहेंगे।कोडरमा लोकसभा के प्रत्याशी विनोद सिंह के चुनाव अभिकर्ता राजेश सिन्हा के साथ पार्टी के निशांत भास्कर,शंकर पांडे, मो मजहर ने सभी जिला अध्यक्ष और सभी घटक दल के जिला और राज्य के प्रतिनिधियों से अपील किया है कि कोडरमा लोकसभा,गिरिडीह लोकसभा और गांडेय विधानसभा ही नही पूरे झारखंड से जुमले बाज पार्टी को भगाना है।.

## नकली नोट को लेकर एटीएस ने गिरिडीह में छापेमारी की, नोट गिनने का मशीन बरामद, छानबीन जारी

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**बेंगाबाद :** गिरिडीह जिले में फेक करेंसी को लेकर एटीएस की टीम ने रविवार को बेंगाबाद थाना क्षेत्र चपुआडीह पंचायत के मुंडहरी गांव में मो जफरुल अंसारी के घर में छापेमारी कर नोट गिनने की चार मशीन जब्त किया गया है।हालांकि मौके पर से जफरुल भागने में सफल रहा हैं।

एटीएस को यह सूचना मिली कि बेंगाबाद के मुंडहरी गांव से नकली नोट का धंधा चल रहा है। इस सूचना पर देर रात को एटीएस की टीम पहुंची।गिरिडीह के एसपी दीपक कुमार शर्मा से सम्पर्क किया और फिर जफरुल अंसारी के घर में छापेमारी किया है । इस छापेमारी में जफरुल के घर से नोट गिनने का मशीन बरामद किया गया है। अभी जफरुल की तलाश की जा रही है।सूत्रों के अनुसार जफरुल का सम्बन्ध पश्चिम बंगाल के आसनसोल से है जहा इसके साथी भी है। यहीं से यह नोट डबल करने के कारोबार से जुडा और लोगों को झांसे में देकर नोट डबल करने का काम किया जाता है। पुलिस जफरुल के अलावा इनके सभी साथियों की तलाश कर रही है।.

## गिरिडीह पुलिस ने फिर एक बार चार साइबर अपराधियों को किया गिरफ्तार

### अपराधियों के पास से 19 मोबाइल, 18 सीम, 1 एटीएम कार्ड एवं 1 बाइक जब्त

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**गिरिडीह :** गिरिडीह पुलिस ने फिर एक बार चार साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार साइबर अपराधियों में बेंगाबाद थाना क्षेत्र के मुकेश कुमार मंडल उम्र-32 वर्ष, अहिल्यापुर थाना क्षेत्र के चामलिटी निवासी विकास कुमार मंडल उम्र 23 वर्ष एवं देवघर जिले के सारठ थाना क्षेत्र के बाराटांड निवासी विष्णु कोल उम्र 25 वर्ष वही बुढई थाना क्षेत्र के दारवे निवासी बिरेन्द्र मंडल शामिल हैं।सभी की गिरफ्तारी गिरिडीह पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शर्मा के निर्देश पर की गई है।

गिरिडीह पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सभी साइबर अपराधी पोषण ट्रेकर एप्प के माध्यम से गर्भवती महिलाओं को मातृत्व राशि का लाभ दिलाने के नाम पर एवं फर्जी बैंक अधिकारी बनकर लोगो को फर्जी सीम से लिंक भेजकर पैसे की ठगी करता था। पुलिस ने अपराधियों के पास से 19 मोबाइल, 18 सीम, 01ए0टी0एम0 कार्ड एवं एक बाइक जब्त किया है।

पुलिस अधीक्षक को प्रतिबिम्ब पोर्टल के माध्यम से सुचना प्राप्त हुआ कि कुछ अपराधी मुफ्फसील तथा अहिल्यापुर थाना क्षेत्र में लोगों से ठगी कर रहा है। एसपी के निर्देश पर साइबर डीएसपी आबिद खान के नेतृत्व में एक टीम गठन किया गया। जिसमे साइबर थाना प्रभारी अजय कुमार, पुनित कुमार गौतम, गजेन्द्र कुमार, दामोदर प्रसाद मेहता, जितेन्द्र नाथ महतो शामिल की गई। टीम ने छापामारी कर मुफ्फसिल थाना क्षेत्र एवं अहिल्यापुर थाना क्षेत्र से

कुल 04 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया। इस संदर्भ में साइबर थाना कांड सं0-21/2024 कांड दर्ज कर सभी चारों अपराधियों को जेल भेज गया।.

## जमीन विवाद को लेकर घर मे लगाई आग, थाना में दिया आवेदन

**बिरनी/गिरिडीह :** बिरनी थाना के भरकट्टा ओपी क्षेत्र के नगडी गाँव मे घर मे आग लगाकर घर वाले को जान से मारना के कोशिश किया।। बता दे कि नगडी गाँव निवासी सोमार मिया के पुत्र साबिर अन्सारी के घर मे आग लगा दिया गया।। जिसके बाद आग लगाने वाले को चिन्हित करने उनके खिलाफ आवेदन भरकट्टा ओपी में दिया।।आवेदन में कहा साबिर अन्सारी ने बताया कि सोनेलाल हादंस पिता स्वर्ग हुके माझी,मेरुलाल हादंस पिता सोनालाल हादंस और सोनालाल के पत्नी लक्ष्मी देवी के आरोप लगाया है।। कहा है कि पूर्व में भी जमीनी विवाद चल रहा था।। जो मौका का फायदा उठाकर आग लगाकर जान मारने का कोशिश किया।।उन्होंने ने कहा कि शुक्रवार को आपने जमीन में पत्थर गाड रहा था। फिर वे तीनों लोगो ने पत्थर को उखाड दे रहा था।इसी बात को लेकर झगडा हो गया।।जिसके बाद झगडा को ग्रामीणों द्वारा शांत कराया गया।।फिर दोनों पक्षो के लोग घर चल गया।।आरोपी सोनालाल और मेरुलाल नशे के हालात में रात्रि को मेरा घर आकर दरवाजा खुलवा रहा था।। तभी दरवाजा नहीं खोलने के बाद दोनो बाहर से दरवाजा बंद कर दिया।।साथ मे रात्रि को तीनों लोगो ने बाहर से मेरा गए में आग लगा दिया और फरार हो गया।। जिसके हु हल्ला करने के बाद ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया।।जिसके आग ने खपरैल घर जलकर राख हो गया।। खपरैल घर मे आग के चपेट में मुर्गी समेत बकरी के बच्चे का रख रखा कर रहा था।। जो कि बकरी का बच्चा बच गया।।लेकिन मुर्गी आग में जलकर राख हो गया।।बताया कि अगर ग्रामीणों द्वारा अगर दरवाजा को नहीं खोलवता तो जान बचाने मुश्किल हो जाता।।भरकट्टा ओपो में आवेदन देकर आरोपी को खिलाफ कानूनी कार्यवाही करने की मांग किया गया।।

# कल्पना सोरेन गांडेय विधानसभा उपचुनाव के लिए आज नामांकन करेंगी

## सुबे के मुख्यमंत्री सहित कई मंत्री व इंडी गठबंधन के कई नेता रहेंगे उपस्थित



**गिरिडीह अमित सहाय :** इंडीया गठबंधन से गांडेय विधानसभा उपचुनाव की प्रत्याशी कल्पना सोरेन सोमवार को नामांकन का पर्चा दाखिल करेगी। रविवार की शाम को कल्पना सोरेन हेलीकॉप्टर से गिरिडीह पहुंचेगी और उत्सव उपवन रिसोर्ट में ठहरेंगी। उक्त जानकारी झामुमो जिला अध्यक्ष संजय सिंह और सचिव महालाल सोरेन ने रविवार को पार्टी कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान दी। इस दौरान प्रेसवार्ता में जेएमएम नेता अजीत कुमार पप्पू, अभय सिंह, टुन्ना सिंह, दिलीप मंडल समेत कई नेता मौजूद थे। प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने बताया की सोमवार को नामांकन से पहले कल्पना सोरेन शहर के प्रमुख धार्मिक स्थल में पूजन और दर्शन के लिए जाने वाली थी, लेकिन उनके चाचा ससुर के निधन और सनातन धर्म के छुतका लगने के कारण अब कल्पना सोरेन उत्सव उपवन से निकलकर पपराटांड स्थित समाहरणालय पहुंचेगी। जहां गांडेय उपचुनाव के लिए उप निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला आपूर्ति अधिकारी गुलाम समदानी के समीप नामांकन का पर्चा दाखिल करेगी। इस दौरान सुबे के मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन और मंत्री बसंत सोरेन समेत कई उनके साथ मौजूद होंगे।

बताया कि नामांकन के बाद पपराटां? में इंडी गठबंधन के द्वारा जनसभा का आयोजन किया गया है जिसमें मुख्यमंत्री सहित चंपाई सरकार के कई मंत्री और इंडी गठबंधन के तमाम नेताओं द्वारा संबोधित किया जायेगा। इस दौरान उन्होंने कहा कि सभा के माध्यम से मतदान की अपील के साथ ही मोदी सरकार की नाकामी और उनके द्वारा सांप्रदायिक माहौल खराब करने की भूमिका से जनता को अवगत करायेंगे। जिला अध्यक्ष ने बताया की जनसभा के माध्यम से खुद कल्पना सोरेन और सीएम द्वारा जनता को आगाह किया जाएगा की मोदी सरकार ने झारखंड में कैसे पीएम आवास योजना के फंड को रोका है। जिसके कारण राज्य के 22 लाख लाभुको को पक्का मकान तक नहीं मिला है।.

## एक-नजर

### सरिया पुलिस ने चोरी का ग्लैमर मोटरसाईकिल समेत एक अपराधी को किया गिरफ्तार



**गिरिडीह :** रविवार को सरिया पुलिस ने ग्राम पेठियाटांड स्थित घनश्याम मंडल के बाउण्ड्री से एक चोरी का ग्लैमर मोटरसाईकिल के साथ बड़की सरिया निवासी एक व्यक्ति अजय कुमार पिता जागेश्वर मंडल को गिरफ्तार कर लिया है। एसडीपीओ बगोदर- सरिया धनन्जय प्रसाद राम को मिली गुप्त सूचना पर सरिया पुलिस ने कार्रवाई की। हालांकि जब पुलिस की टीम घटना स्थल पर छापेमारी करने पहुंचा तो टीम को देख कांड में संलिप्त एक अन्य व्यक्ति अंधेरा का लाभ उठाकर मौके से भाग निकलने में सफल रहा। सरिया पुलिस की टीम ने मौके से बिना नम्बर का ब्लु- काला रंग का ग्लैमर मोटरसाईकिल चेचिस नं0-स्न्नछ्व06स्नश्चतस्न08323 एवं इंजन नं0-छ्व06श्वछ्वश्वतस्न0809 को जब्त कर लिया है। इस संदर्भ में पुलिस ने सरिया थाना कांड संख्या 102/24 धारा 414/175/34 भा0द0वि0 अंकित कर गिरफ्तार अपराधी को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। .

### आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा की बैठक सम्पन्न।



**बिरनी/गिरिडीह :** भारतीय जनता पार्टी बिरनी मंडल क्षेत्र के पलौंजिया+2 उच्च विद्यालय के सामने बिरनी मण्डल अध्यक्ष राजदेव साव की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में बिरनी मंडल प्रभारी सह यूवा मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष आशीष बॉर्डर एवं बगोदर विधानसभा विस्तारक रजनीकांत चौधरी उपस्थित थे। बैठक में बूथ जीतो चुनाव जीतो पर रणनीति तैयार करते हुए विचार विमर्श करते हुए पंचायत स्तरीय बैठक कर बूथ कमेटी और पन्ना प्रमुख सत्यापित करने का निर्णय लिया गया। इस मौके पर देवनाथ राणा, लक्ष्मण दास, तुलसी यादव, प्रेमचंद कुशवाहा, मनोज चंद्रवंशी, , किशुन राम, चन्दन बजरंगी,जगदीश मोदी, बालेश्वर विश्वकर्मा, भोला साव सूरज कुमार मोदी समेत कई लोग उपस्थित थे।.

### मतदाताओं को नैतिक मतदान के लिए करें प्रेरितः के. रवि कुमार



**गिरिडीह :** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखंड के. रवि कुमार ने रविवार को गिरिडीह लोकसभा और गाण्डेय विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर चुनाव की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने मध्य विद्यालय अहिल्यापुर स्थित मतदान केन्द्र संख्या 292, उत्क्रमित मध्य विघालय पुतरिया, गांडेय स्थित मतदान केन्द्र संख्या 298, उत्क्रमित मध्य विद्यालय जौरासीमर, गाण्डेय स्थित मतदान केन्द्र संख्या 300 एवं पंचायत सचिवालय, जामजोरी स्थित मतदान केन्द्र संख्या 305 का निरीक्षण किया। मतदान केन्द्रों पर कार्यरत बीएलओ से बातचीत कर बूथ लेवल अवेयरनेस ग्रुप, अबसेंट, शिफ्टेड एवं मृत सूची के अद्यतन किए जाने और वालेंटियर के चयन की जानकारी ली। साथ ही मतदान केन्द्र पर उपस्थित मतदान केन्द्र जागरूकता समूह के सदस्यों, वॉलेंटियर, रसोईया से बात कर मतदान के दिन उनके दायित्वों के संबंध में पूछताछ की। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने उपस्थित सभी लोगों से कहा कि वे मतदाताओं को नैतिक मतदान के लिए प्रेरित करें।

उन्होंने कहा कि सभी मतदान केंद्रों पर वरिष्ठ एवं दिव्यांग मतदाताओं की सहायता के लिए वॉलेंटियर सेवाकार्य में लगाये गये हैं। नैतिक मतदान को बढावा देने के लिए मतदान केन्द्र जागरूकता समूह बनाया गया है। उन्होंने सभी को पूरी संवेदनशीलता के साथ सजग रहते हुए अपनी जिम्मेदारी के निर्वहन का निर्देश दिया। इसके अलावा मतदान केन्द्र पर शौचालय, रैंप आदि न्यूनतम सुविधाओं की जानकारी ली।

निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा, पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार, सदर अनुमंडल पदाधिकारी श्रीकांत विसपुते, निर्वाची पदाधिकारी 31 गांडेय गुलाम समदानी, उप निर्वाचन पदाधिकारी रंथू महतो सहित निर्वाचन कार्य से जु? अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।...

### झारखंड इस्पात के पीछे बाउंड्री निर्माण को ग्रामीणों ने रोका



**गिद्दी।** झारखंड इस्पात प्राइवेट लिमिटेड के पीछे रेलवे मार्ग तालाब के समीप रविवार दोपहर करीब 12:45 बजे उस वक्त अफरा तफरी माहौल व्याप्त हो गया।जब यहां बाउंड्री निर्माण में लगे दर्जनो मजदूरों को कानाटारूहेसला के दर्जनों महिला पुरुषो ने आवाज लगाते हुए खदेरूदिया। ग्रामीणों के आक्रोश की सूचना पर रामगढ़ पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। समाचार लिखे जाने तक हेसला कानाटारूके ग्रामीणो व फैक्ट्री प्रबंधन के बीच खींचतान जारी थी, बताया गया कि करीब 2 एकड़ से अधिक जमीन को लेकर विवाद था। ग्रामीण बतलाते हैं कि फैक्ट्री प्रबंधन के द्वारा गलत तरीके से हम लोगों की 2 एकड़ से भी अधिक जमीन पर चारकोल डंप गिराकर कब्जा जमाया गया था।लेकिन इसे कुछ महीने पहले खाली करवाने के बाद फैक्ट्री प्रबंधन इसे अपना होने का दावा कर रहा है। जिसका एक माह पूर्व विरोध किया गया था। इसे लेकर प्रशासन को भी सूचना दी गई थी। लेकिन फैक्ट्री प्रबंधन उक्त जमीन पर बाउंड्री करवा रहा था, जिसका ग्रामीणों द्वारा विरोध किया गया। मौके पर दर्जनों कानाटारू हेसला के ग्रामीण, पुलिस जवान, फैक्ट्री प्रबंधन के लोग व महिला पुरुष उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### कई दिन अंधेरे में गुजारने के बाद आज मिली गांव में रौशनी, खुशी का माहौल



**उधवा:** प्रखंड क्षेत्र के चांदशहर पंचायत के वार्ड संख्या पांच में ट्रांसफार्मर के जल जाने से पिछले कई दिनों से लोग बिजली की संकट से जूझ रहे थे। जहां रविवार को समाजसेवी मिक्की शेख, हबीब शेख उर्फ बाबुल, जैनुल आबेदीन शेख, महबूब शेख, उप मुखिया प्रतिनिधि बरकत शेख व वार्ड सदस्यों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं नारियल फोड़कर विधिवत नया ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया। इस दौरान मिक्की शेख, हबीब शेख उर्फ बाबुल, जैनुल आबेदीन शेख, महबूब शेख, उप मुखिया प्रतिनिधि बरकत शेख ने बताया कि 63 केवी ट्रांसफार्मर से एक सौ से अधिक घरों को बिजली आपूर्ति की जा रही थी। उधर क्षमता से अधिक लोड होने के कारण ट्रांसफार्मर जल गया था। जहां पिछले कई दिनों से लोग भीषण गर्मी में काफी परेशान थे। वही बिजली नहीं रहने से बच्चों के पढ़ाई लिखाई भी प्रभावित हो गया था जिसके कारण क्षेत्र के लोग अंधेरे में रहने को विवश थे। उधर ट्रांसफार्मर जलने की शिकायत ग्रामीणों द्वारा इन लोगों से की गई थी। जहां ग्रामीणों की समस्या पर पहल करते हुए विभाग को आवेदन देकर शीघ्र ही 100 केवी का नया ट्रांसफार्मर और जर्जर एलटी तार बदलने की मांग किया गया था। हालांकि ट्रांसफार्मर लग गया है जल्द ही जर्जर तार भी बदलते हुए नया लगा दिया जाएगा। आगे कहा कि ग्रामीणों की समस्या का समाधान करना उनलोगों की पहली प्राथमिकता है। वही क्षेत्र के ग्रामीणों से जो भी वादा करते है उसे जरूर पूरा करते है और आगे भी यथासंभव लोगों की समस्या का जरूर निदान किया जायेगा। वहीं ग्रामीणों ने इसके लिए समाजसेवी का आभार प्रकट किया है। इस मौके पर बासेत शेख, केशरुल शेख, सनवार शेख, सरवर हुसैन, मोस्ताकिम उर्फ भदूआ, जहांगीर शेख समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

### बोरियो पुलिस ने एक वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**बोरियो:** बोरियो थाना क्षेत्र की पुलिस ने कोर्ट से जारी वारंट तामीला पर शहरपुर गांव के वारंटी अभियुक्त रोहित साव पिता मंगरा साव को गिरफ्तार करने के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बोरियो में मेडिकल जांच के बाद पंकज कुमार सिंह द्वारा न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। इस बात की जानकारी प्रशिक्षु डीएसपी सह बोरियो थाना प्रभारी रूपक सिंह ने दी।

# मिजाचौकी के ऑक्सफोर्ड कैंब्रिज स्कूल में पढ़ने वाले 7 साल के बच्चें की खिड़की में सिर फसने से हुई मौत

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**साहिबगंज:** मिजाचौकी थाना क्षेत्र के ऊपरबंधा भगैया मुख्य मार्ग पर स्थित ऑक्सफोर्ड कैंब्रिज स्कूल में रविवार को पढ़ने वाले एक बच्चें की मौत खिड़की में सिर फसने से हो गई। वही बताया जा रहा है कि यह स्कूल आवासीय विद्यालय के रूप में कुमार निशांत के द्वारा चलाया जा रहा है जो कांग्रेस पार्टी का मंडल अध्यक्ष भी बताया जा रहा है। वही इसको लेकर स्कूल के प्राचार्य सह प्रबंधक कुमार निशांत ने सदर अस्पताल में बताया कि रविवार को उनके विद्यालय में पढ़ने वाले अधिकतर बच्चें टीवी देख रहे थे जहां खैरबनी गांव का रहने वाला बच्चा ताला बाबू उर्फ इलियास बास्की उम्र सात साल पिता

## परिजनों का बुरा हाल



चार्लिस बास्की टॉयलेट जाने के दौरान विद्यालय के खिड़की में अपना सिर फंसा लिया। उधर जब अन्य बच्चों ने उसे खिड़की में फंसा देखा तो इसकी जानकारी विद्यालय के प्राचार्य कुमार निशांत को दी। उधर घटना की जानकारी मिलने के बाद विद्यालय आए अन्य बच्चों के परिजनों की मदद से खिड़की के छड़ को काटकर बच्चें के सिर को बाहर निकाला। वही विद्यालय प्रबंधक ने फौरन बच्चें की नाजुक हालत को देखते हुए उसे स्थानीय चिकित्सक के पास लेकर गए जहां उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए साहिबगंज सदर अस्पताल ले जाने की बात कहीं। उधर विद्यालय के प्राचार्य व अन्य बच्चों के परिजनों की मदद से गंभीर रूप से घायल बच्चें को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल लेकर आए जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. मोहन मुर्मू ने इलाज के दौरान बच्चें को मृत घोषित कर दिया। वही बच्चें की मौत के घटना की जानकारी विद्यालय के प्राचार्य ने परिजन को भी नही दी। उधर सदर अस्पताल प्रबंधन ने घटना की जानकारी स्थानीय जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र की पुलिस को दी जिसके बाद पुलिस की टीम ने सदर अस्पताल पहुंचकर मामले की छानबीन में जुट गई।

### मृतक बच्चें के पिता गुजरात में रहकर करते हैं मजदूरी का काम

उधर घटना की जानकारी मिलने के बाद बच्चें की मां मेरी मुर्मू आनन फानन में सदर अस्पताल पहुंची जहां अपने बच्चें का शव मृत पड़ा देखकर वो फफक फफक कर रोने लगी। उधर घटना को लेकर मृतक बच्चें की मां ने रोते बिलखते हुए कहा कि उसे घटना की जानकारी स्कूल के द्वारा भी नहीं दी गई है। वही उन्होंने कहा कि उनके पति चार्लिस बास्की पिछले एक साल से गुजरात में रहकर मजदूरी का काम करते हैं। उधर घटना के बाद जिरवाबाड़ी पुलिस सदर अस्पताल पहुंचकर बच्चें का शव अपने कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम की प्रकिया करवाने में जुट गई थी। वही घटना को लेकर पुलिस ने बताया कि मृत बच्चे के परिजनों के द्वारा अगर विद्यालय प्रबंधन के खिलाफ लिखित आवेदन दिया जाता है तो निश्चित रूप से कार्यवाही की जाएगी। उधर पोस्टमार्टम की प्रकिया पूरी करवाने के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया था।

# राजमहल विधायक ने किया भाजपा कार्यकर्त्ताओं के साथ संवाद



उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**साहिबगंज:** रविवार को राजमहल विधायक अनंत ओझा ने भाजपा संगठन मंडल ग्रामीण और राजमहल ग्रामीण मंडल के कार्यकत्ताओं के साथ संवाद कर- के आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर बूथ स्तर की तैयारी को लेकर कार्यकत्ताओं के साथ संवाद किया। इस दौरान उन्होने भाजपा कार्यकताओं से संवाद करते हुए कहा की एक जून को राजमहल लोकसभा सीट पर मतदान होना हैं जहां सभी कार्यकर्त्ता कड़ी मेहनत के साथ नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने और प्रधानमंत्री मोदी के अबकी बार चार सौ पार का संकल्प को पूरा करने के लिए राजमहल लोकसभा सीट पर कमल खिलाने के लिए संकल्पित होकर पार्टी के काम में लग जाए। वही मेरा बूथ सबसे मजबूत ही हमारा लक्ष्य होना चाहिए। आगे उन्होंने कहा कि देश में दो चरणों का मतदान हो चुका हैं जहां तक सभी जगहों से खबर आ रही हैं कि प्रधानमंत्री मोदी के प्रति लोगो में जबरदस्त उत्साह हैं। वही देश की जनता तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प ले लिया हैं। उधर कांग्रेस तुष्टिकरण और वोट बैंक की राजनीति करके लोगो को ठगने का काम किया है। आगे उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के दस सालों के कार्यकाल में गांव, गरीब, किसान, युवाओं और महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए अनेक कार्य हुए हैं। वही देश रक्षा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन रहा हैं। जहां नए तकनीकी के साथ देश आज विश्व के कई विकसित देश से आगे निकल चुका हैं। वही उन्होंने कार्यकत्ताओं से कहा कि घर घर सम्पर्क के माध्यम से प्रधानमंत्री मोदी के जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराएं और केंद्र सरकार की योजनाओं से लाभार्थियों से मिलकर उन्हें प्रधानमंत्री मोदी का प्रणाम बोले। इस अवसर पर रामानन्द साह, जिला उपाध्यक्ष संजीव डे, बिरेन साह, किशोर चौधरी, चांदनी देवी, स्वाधीन घोष, शिवशंकर यादव, रामभजन यादव, सीताराम सिंह, रामचन्द्र पासवान, पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोज यादव, शत्रुघ्न यादव, सहित मंडल कार्यसमिति, मोर्चा पदाधिकारी मौजूद थे।

## फुटानीमोड चेकनाके में ओवरलोड भारी वाहन व एक ओवरलोड ट्रैक्टर जब्त



नसीरुद्दीन शेख उर्फ नासिर

**बरहरवा:-** बरहरवा अंचल प्रशासन व थाना पुलिस आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर लगातार अवैध गतिविधियों पर शिकंजा कसने के लिए कार्यवाही तेज कर दी है। जानकारी के अनुसार रविवार को बरहरवा अंचलाधिकारी सह कार्यपालक पदाधिकारी सन्नी कुमार दास ने बरहरवा थाना क्षेत्र अंतर्गत फूटानी मोड़ चेकनाका के समीप से एक अवैध परिचालित ओवरलोड भारी वाहन संख्या डब्ल्यूबी 57 ई 6123 को जब्त कर बरहरवा थाना पुलिस को प्राथमिकी दर्ज करने हेतु सुपुर्द कर दिया है। वही दूसरी ओर बरहरवा थाना प्रभारी सुमित कुमार सिंह ने चेकनाका में अवैध रूप से परिचालित ओवरलोड गिट्टी लदे ट्रैक्टर को धर दबोचा है। मिली जानकारी के अनुसार धराए ट्रैक्टर प्रशासन की आँखों में धूल झोंककर अवैध रूप से बिना माइनिंग के प. बंगाल पत्थरों की तस्करी करने की फिराक में था जिसकी सूचना पुलिस को भी रोज मिल रही थी। इसी क्रम में थाना प्रभारी ने जांच अभियान चलाकर अवैध परिचालित वाहन को दबोचा है। वही उन्होंने बताया कि वाहन पर अग्रेषित विधिवत कार्यवाही हेतु खनन विभाग को भेजी जाएगी इसके बाद प्राथमिकी दर्ज कर कानूनी कार्यवाही की जाएगी। वही थाना क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी जहां ऐसा करते हुए पकड़े जाने पर कड़ी कानूनी कार्यवाही की जाएगी।वही चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से सुनिश्चित हो इसके लिए भी पुलिस प्रशासन द्वारा जांच अभियान व सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त कर लगातार अभियान संचालित कर रही है।

## आगलगी की घटना में फिर से जले आठ घर, पूरा आशियाना जलकर हुआ खाक

**उधवा:** प्रखण्ड क्षेत्र अंतर्गत दक्षिण पियारपुर पंचायत में रविवार को दोपहर में आग लगने से आठ घर जल कर राख हो गए। मिली जानकारी के अनुसार दक्षिण पियारपुर में बोल टोली के कंटू शेख के घर में खाना बनाने के क्रम में आग लग गई। जहां कन्टु शेख के घर में रखी सामान व 80 हजार रुपए जलकर राख हो गया। वहीं आग इतनी तेज थी कि आसपास के रुहुल अमीन, मन्टु शेख, समाउन शेख, मोतीउर रहमान, एकरामुल शेख, सकनुर बेवा, आलमगीर आलम, केरामुल शेख के घर को आग अपने चपेट में ले लिया। उधर आगलगी की सूचना मिलते ही गांव में अफरातफरी मच गया। वही घटना की सूचना मिलने पर राधानगर थाना से दमकल वाहन पहुंच कर ग्रामीणों के सहयोग से आग को काबू कर पाया। उधर पीड़ित परिवारों के अनुसार आग लगने से पटशन, गेंहू व अन्य रबि फसल जलकर राख हो गए और जमीन का कागजात, आधार कार्ड, वोटर कार्ड, राशन कार्ड और अन्य कागजात जलकर राख हो गए।



### केंद्र सरकार के कार्यो के आधार पर राजमहल में जनता करेगी वोट: राकेश प्रसाद

**बरहेट:** लोकसभा चुनाव को लेकर बरहेट भाजपा मंडल अध्यक्ष मनीष भारती के आवासीय कार्यालय में रविवार को प्रेसवार्ता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजमहल लोकसभा प्रभारी सह प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद, बरहेट विधानसभा प्रभारी गणेश तिवारी, बरहेट विधानसभा संयोजिका सह महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष रमिता तिवारी शामिल हुए। वही राजमहल लोकसभा प्रभारी राकेश प्रसाद ने प्रेसवार्ता कार्यक्रम में जानकारी देते हुए बताया कि मोदी सरकार के 10 साल कार्यकाल में 100 करोड़ से अधिक लोगों को योजनाओं का लाभ मिला है। वही पंचायत के हर गांव मोहल्ले कस्बे तक सरकार की योजनाएं पहुंची है। वही मोदी सरकार में राजमहल लोकसभा में किए गए कार्यों को जनता की उपलब्धियां को गिनाया। वही जानकारी देते हुए बताया कि राजमहल लोकसभा की जनता मोदी सरकार के द्वारा किए गए कार्यों के आधार पर ही कमल को खिलाएगी। जहां मोदी सरकार लोगों की गारंटी वाली सरकार है जो लोगों की विकास के लिए गांव तक गारंटी लेती है।



## गर्मी की शुरूआत में ही सूखने लगे कुआं और तालाब

**कोटालपोखर:-** अप्रैल का महीना चल रहा है और प्रचंड गर्मी भी पड़ने लगी है। जहां सूर्य की तेज तपिश से लोगों को दो चार होना पड़ रहा है इसी के साथ साल दर साल तालाबों की स्थिति भी जर्जर होती जा रही है। जहां गर्मी की शुरूआत में ही तालाब सूखने के कगार पर पहुंचने लगे हैं जबकि पहले ऐसा नहीं था। पहले तो पूरी गर्मी निकल जाती थी, लेकिन कई तालाब ऐसे होते थे, जहां पानी कभी खत्म नहीं होता था इसके कई कारण हैं। अगर इन पर ध्यान नहीं दिया गया तो तालाब गायब हो जाएंगे। एक दौर था जब गांव में जाते थे तो वहां के तालाब जलमग्न होते थे।



वही पानी से तालाब लबालब भरे रहते थे। उधर इन तालाबों में पानी की कोई कमी नहीं रहती थी लेकिन अब साल दर साल गांवों के तालाब भी पानी के लिए तरसने लगते हैं। कई साल पहले तक गांव में कई ऐसे तालाब होते थे, जहां 12 महीने पानी भरा रहता था और उस तालाब से पूरा गांव अपनी दैनिक दिनचर्या के लिए पानी लेता था। वही पशु पक्षी व हर तरह के जीवों के लिए ये तालाब पानी के बड़े श्रोत होते हैं लेकिन अब बदलते वक्त के साथ गांवों के तालाबों की स्थिति भी खराब हो चुकी है?। उधर क्षेत्र के कई तालाब के साथ साथ कुएं भी सूखने लगे हैं। जहां इन तालाबों में अब थोड़ी बहुत ही पानी बचा है जो सूखने की कगार पर हैं। वही इन तालाबों में बचा हुआ पानी मई तक चल जाए तो बहुत है मतलब, गांव में भी इस बार ज्यादातर तालाब सूख जाएंगे। वही ग्रामीण बताते हैं कि जैसे जैसे अब गांव में तालाब सूखने लगे हैं गांव में पानी की कमी होने लगी है। पहले गांव में कुएं नहीं सूखते थे क्योंकि तालाब में पानी रहता था लेकिन अब गांव के तालाब जब सूखने लग गए तो कुओं से भी पानी गायब हो जा रहा है इससे लोगों को जल संकट से जूझना पड़ रहा है। पहले गांव के लगभग हर घर के लोग तालाब से जुड़े रहते थे। कोई स्नान करने के लिए जाता था, कोई अपने मवेशियों को पानी पिलाने के लिए जाता था। मगर जैसे जैसे लोगों के घरों में संपन्नता आ रही है, सुख सुविधाएं बढ़ रही हैं। घरों में ही पानी की सुविधाएं बढ़ गई हैं। उसके बाद से तालाबों से लोगों की निर्भरता कम हुई है और जब मानव जाति की निर्भरता तालाबों से कम हो रही है तो लोग उसके मेंटेनेंस पर भी ध्यान नहीं दे रहे हैं।

## जिला क्रिकेट सीनियर लीग टूनार्मेंट का चैंपियन बना द्रोणाचार्य, माही स्पोर्ट्स येलो बना उपविजेता

- मुख्य अतिथि डीडीसी व एसडीओ ने खिलाड़ियों को किया पुरस्कृत
- कहा, साहिबगंज जिला व राज्य का नाम रोशन करें



**साहिबगंज:** जिला क्रिकेट संघ के तत्वाधान में रविवार को सिद्धो कान्हू स्टेडियम में जिला क्रिकेट सीनियर लीग टूनार्मेंट का फाइनल मुकाबला माही स्पोर्ट्स येलो बनाम द्रोणाचार्य क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया। जहां टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए द्रोणाचार्य क्रिकेट क्लब ने 35 ओवर में 10 विकेट के नुकसान पर 237 रन बनाया। इस दौरान अनिकेत आंनद ने 66, रवि कुमार ने 34, दीपक कुमार दास ने 29 रन बनाया। उधर माही स्पोर्टस के गेंदबाज कुश तिवारी ने 3, प्रिंकेश व रवि पासवान ने 2-2 विकेट लिया। वही जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी माही स्पोर्ट्स की टीम 18.1 ओवर में 134 रन बना कर ऑल आउट हो गई। जहां राहुल राज ने 44, अनाउल्लाह अंसारी ने 31 रनों की पारी खेली। उधर द्रोणाचार्य क्रिकेट क्लब के गेंदबाज प्रीतम ने 6 व रवि कुमार ने 2 विकेट लिया। जहां दोणाचार्या क्रिकेट क्लब ने 103 रनों से जीत हासिल कर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। वही द्रोणाचार्य क्रिकेट क्लब के खिलाड़ी प्रीतम कुमार को मैन ऑफ दी मैच घोषित किया गया। वहीं द्रोणाचार्य क्रिकेट क्लब के खिलाड़ी रवि कुमार को मैन ऑफ दी मैच, बेस्ट बॉलर राशिद अली, बेस्ट बैट्समैन रवि कुमार को घोषित किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा, विशिष्ट अतिथि सदर एसडीओ अंगारनाथ स्वर्णकार व जिला खेल पदाधिकारी राजेश कुमार ने विजेता व उपविजेता टीम व खिलाड़ियों को ट्रॉफी, नकद राशि व प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया। इसके पूर्व अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनकी हौंसला अफजाई की। मुख्यतिथि डीडीसी सतीश चंद्रा ने कहा कि प्रशासन जिले में खेल व खिलाड़ियों के उत्थान के लिए लगातार प्रयासरत है। जहां जिले के खिलाड़ी अपनी मेहनत व हुनर को निखार राज्य व राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर साहिबगंज का नाम रोशन करें। वहींउन्होंने खिलाड़ियों को लोकसभा चुनाव के तहत 1 जून को मतदान करने व इसके लिए दूसरों को प्रेरित करने की अपील की।

### डीडीसी ने दिलाई मतदान की शपथ

**उधर पुरुस्कार वितरण समारोह के दौरान स्वीप कोषांग के मतदाता जागरूकता के तहत खिलाड़ियों के बीच टी शर्ट व टोपी का वितरण किया गया। वहीं डीडीसी सतीश चंद्रा ने खिलाड़ियों को लोकसभा चुनाव में मतदान करने की शपथ भी दिलाई।**

# मनरेगा योजना में की गई धांधली, सिंचाई कूप का पैराफिट 2 साल में ही हो गया ध्वस्त

नसीरुद्दीन शेख उर्फ नासिर

**बरहरवा:** महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना में हर दूसरे दिन घोटाले के मामले सामने आ रहे हैं जहां जिले के बरहरवा प्रखंड में मनरेगा योजना में ऐसा ही एक भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है। यह मामला बरहरवा प्रखंड के बरारी पंचायत के अब्राटोला गांव में बने सिंचाई कूप का है। यहां पर बना सिंचाई कूप का पैराफिट 2 साल में ध्वस्त हो गया है। वही यहां पर सिंचाई कुप का निर्माण घटिया सामग्री से किया गया है जोकि पिछ्ले साल हुई हल्की बारिश के बाद ही ध्वस्त हो गया है।

- **काम में बरती गई थी अनियमितता**



दरअसल, बरहरवा प्रखंड के बरारी पंचायत के अब्राटोला गांव में मनरेगा योजना के तहत मुस्ताफिज अहमद के जमीन पर सिंचाई कूप बनाया गया था। जहां यह कूप हल्की बारिश भी नहीं झेल पाया और पूरी ध्वस्त हो गया। जानकारी के मुताबिक साल 2020-21 में कुप निर्माण के तिथि दशार्या गया है लेकिन योजना कोड संख्या को गुप्त रखा गया है।हालांकि योजना बोर्ड के साथ भी छेड़छाड़ किया गया है। जहां यह सिंचाई कूप को साढ़े चार लाख रुपए की लागत से तैयार किया गया था।

### क्या कहते हैं ग्रामीण

ग्रामीणों के अनुसार पिछले साल हुई हल्की बारिश में कूप का पैराफिट बर्बाद हो गया। जहां ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि काम में भारी अनियमितता बरती गई थी। वही ग्रामीणों ने बताया कि काम के दौरान कूप निर्माण में बंगला भट्ठा की 2 नंबर ईंटों का इस्तेमाल किया गया था। इसके अलावा इसे बनाने के लिए रेत की जगह डस्ट का इस्तेमाल किया गया था जिसके कारण कूप का पैराफिट हल्की बारिश भी झेल नहीं पाया। वही इस कुप की गहराई भी कम देखी जा रही है। उधर कुप को देखने से साफ प्रतीत होता है कि अभियंता एवं संवेदक द्वारा सरकारी पैसों का किस तरह बंदरबांट किया गया है। उधर नाम नहीं छापने की शर्त पर ग्रामीणों ने बताया कि जब इस सिंचाई कूप का निर्माण किया जा रहा था तब भी अभियंता के द्वारा अनियमित बरती गई थी एवं संवेदक अपने मनमाने तरीके से कार्य करवा रहे थे।इस सिंचाई कुप के धंसने पीछे अभियंता, पंचायत सचिव व रोजगार सेवक की लापरवाही मुख्य है जहां संवेदक द्वारा अभियंता को चढ़ावा देकर पूर्ण भुगतान ले लिया गया है।

**ठीक से किया जाए जांच तो कई चौंकाने वाला मामले आएंगे सामने**

खास बात यह है कि इस पंचायत में पिछले तीन सालों में जितना भी सिंचाई कुप बना है सबका अगर गहराई से जांच किया जाए तो कई चौंकाने वाला मामले सामने आएंगे। वही वर्तमान समय में मिजार्पुर, बरारी, कालू व रामनगर पंचायत में बन रहे बकरी शेड व सिंचाई कुप निर्माण में घोर अनियमितता बरती जा रही है।

**जांच कर होगी कार्रवाई**

उधर मामले को लेकर डीडीसी सतीश चंद्रा ने कहा कि सूचना मिली है जांच कराई जाएगी एवं दोषियों के खिलाफ समुचित कार्रवाई की जाएगी।

## ग्रामीणों ने शिव मन्दिर में चोरी करते एक चोर को पकड़कर किया मुफस्सिल पुलिस के हवाले, भेजा



उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**साहिबगंज:** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सकरीगली समदा स्थित शिव मंदिर में रखे दान पेटी से रुपए की चोरी करते हुए ग्रामीणों ने मो. बादशाह पिता मो. जमाल नया टिकर निवासी को रंगे हाथ पकड़ा जिसके बाद ग्रामीणों ने मुफस्सिल थाना क्षेत्र की पुलिस को इसकी सूचना दी। वही शिव मंदिर के दान पेटी से की गई चोरी के छः सौ पचास रुपए भी ग्रामीणों ने उक्त चोर के पास से बरामद किया। जहां मुफस्सिल थाना क्षेत्र की पुलिस सकरीगली समदा पहुंचकर चोर को अपने हिरासत में लेने के बाद आरोपी युवक का सदर अस्पताल में मेडिकल जांच के उपरांत एएसआई ब्रजेश कुमार ने न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

स्वामी वी. आई. इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक विद्या लक्ष्मी द्वारा शिव साई पब्लिकेशन प्रा. लि. , काठी टांड, नियर टेंडर बगीचा, रातू, रांची, झारखंड से मुद्रित एवं एसटी- 663/664, न्यू एसटी चौक, धुर्वा, रांची से प्रकाशित , संपादकः मानवेंद्र कुमार सिंह ( खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी ), प्रबंध निदेशक मानवेन्द्र कुमार सिंहः 8709022665, RNI No.-JHAHIN/ 2014/ 59794

## संक्षिप्त खबरें

### एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट ने लावारिस बालक का किया रेस्क्यू



**हरिद्वार।** एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट हरिद्वार ने भौतिक सत्यापन के दौरान नगर कोतवाली क्षेत्र के शिवमूर्ति चौक से एक साढ़े तीन वर्ष के बालक को रेस्क्यू किया, जो एक नेपाली व्यक्ति के साथ लावारिश घूम रहा था। संदेह होने पर जब पुलिस ने नेपाली व्यक्ति से पूछताछ की तो नेपाली व्यक्ति ने बताया कि बालक की मां उसके साथ ही मजदूरी करती थी, जो एक सप्ताह पूर्व बालक को रात्रि में अकेला छोड़कर ऋषिकेश से कहीं चली गई थी। जिसे उसने काफी खोजा लेकिन उसका कहीं भी पता नहीं चल सका। पेशे से दिहाड़ी मजदूरी कर खानाबदोश जिंदगी जीने को मजबूर वह हरिद्वार में काम की तलाश में आया है। उसका कोई स्थाई ठिकाना नही है, इसलिए वह बालक को भी साथ ही लेकर आया है। मासूम बालक कृष्णा को जिला अस्पताल, बाल कल्याण समिति हरिद्वार भेजा। जहां काउंसलिंग के बाद मासूम को बाल कल्याण समिति हरिद्वार के अध्यक्ष ने उचित सरंक्षण दिलवाया, जहां बालक को सही परवरिश मील सकेगी।

### बद्री-केदार के वीआईपी दर्शनार्थियों से लिया जाएगा निश्चित शुल्क : अजेंद्र अजय



**देहरादून।** बद्री केदार मंदिर समिति के अध्यक्ष अजेंद्र अजय का मानना है कि इस बार भी बद्री-केदार के दर्शन के लिए विशिष्टजनों को विशेष शुल्क चुकाना होगा। गत वर्ष इस व्यवस्था से धाम को 1.55 करोड़ की आय प्राप्त हुई थी। रविवार को भाजपा प्रदेश मुख्यालय में मीडिया से बातचीत में बद्री-केदार मंदिर समिति के अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने कहा कि केदारनाथ और बदरीनाथ धाम में पूजा-पाठ की व्यवस्था बीकेटीसी के माध्यम से की जाती है। यात्रा के दौरान केदारनाथ और बदरीनाथ धाम में आम श्रद्धालुओं के साथ ही प्रोटोकॉल के अनुसार वीआईपी भी दर्शन के लिए पहुंचते हैं। इसको लेकर पिछले वर्ष की तरह इस बार भी बीकेटीसी ने तैयारी की है। बद्रीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने इसपर जानकारी देते हुए बताया की गत वर्ष जब चारधाम यात्रा प्रारंभ हुई थी, तब बद्रीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति ने अपने चार अध्ययन दल देश के प्रमुख मंदिर में भेजे थे।

# लोकसभा चुनावःईवीएम और वीवीपीएटी मशीनों का किया सप्लीमेंट्री रेण्डमाईजेशन

एजेंसी

**बलौदाबाजार।** लोकसभा निर्वाचन की तैयारियों के अनुक्रम में रविवार को जिले की उप विधानसभा क्षेत्रों का सप्लीमेंट्री रेण्डमाईजेशन किया गया। रेण्डमाईजेशन जिला कार्यालय भवन बलौदाबाजार के एनआईसी कक्ष में निर्वाचन आयोग के ईएमएस साफ्टवेयर के माध्यम से किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के एल चौहान ने सर्वमान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के जिला प्रतिनिधियों को रेण्डमाईजेशन की पूरी प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी दी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी आर आर दुबे ने बताया कि, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय से बलौदाबाजार को 28 अप्रैल सुबह 11 बजे का समय दिया गया था। निर्धारित समय पर राजनीतिक दलों के समक्ष पहले जिले की चारों विधानसभाओं के समस्त मतदान केन्द्रों की संख्या की जांच की गई। इसके बाद लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 03- जांजगीर-चांपा के उप विधानसभा क्षेत्रों 43-बिलाईगढ़, 44-कसडोल एवं लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 08-रायपुर के उप विधानसभा क्षेत्रों 45-बलौदाबाजार, 46-भाटापारा की ईव्हीएम मशीन एवं व्हीव्हीपीएटी मशीन का रेण्डमाईजेशन किया गया।

उपस्थित सभी प्रतिनिधियों ने रेण्डमाईजेशन की प्रक्रिया के संबंध में पूर्ण संतुष्टि व्यक्त की। सर्वमान्यता प्राप्त राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों को रेण्डमाईजेशन पश्चात ईव्हीएम मशीन तथा व्हीव्हीपीएटी की सूची भी दी गई। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी आर आर दुबे,एसडीएम बलौदाबाजार अमित गुप्ता, सूचना अधिकारी एनआईसी सत्यनारायण प्रधान,भारतीय जनता पार्टी से शिव नरेश मिश्रा इंडियन नेशनल कांग्रेस से लखेश साहू,आप से भुवनेश्वर सिंह उपस्थित थे। उल्लेखनीय है की उक्त मशीनों का सेप्लिमेंट्री रेण्डमाईजेशन दोनों लोकसभा में प्रत्याशीयों की अधिकता के कारण अतिरिक्त बैलेट यूनिट की आवश्यकता है। जिसमें लोकसभा क्षेत्र जाजंगीर चांपा के लिए 1 एवं रायपुर के लिए 2 है। इसके साथ ही 16 प्रतिशत रिजर्व के लिए आरक्षित रखा गया है।




## लोकसभा चुनावः राधेश्याम विरूद्ध मेनका सिंह, आम आदमी राजमहल पर भारी

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ लोकसभा सीट पर आगामी 7 मई को मतदान होना है। रायगढ़ सीट पर भाजपा और कांग्रेस के बीच सीधा मुकाबला है। ऐसा पहली बार हुआ है जब रायगढ़ लोकसभा से जशपुर की बजाय रायगढ़ को प्रतिनिधित्व का मौका दिया है। भाजपा ने राधेश्याम राठिया को अपना उम्मीदवार बनाया है, वहीं कांग्रेस ने सारंगढ़ राज परिवार की मेनका सिंह को उम्मीदार बनाया है।

**रायगढ़ भाजपा का गढ़**

छत्तीसगढ़ गठन के बाद से ही रायगढ़ लोकसभा क्षेत्र में भाजपा लगातार जीत का झंडा लहराते आ रही है। इसलिए रायगढ़ लोकसभा सीट बीजेपी का गढ़ माना जाता है। इसके पूर्व वर्तमान मुख्यमंत्री विष्णु देव साय (20 वर्ष) और विधायक गोमती साय (5 वर्ष) पिछले 25 वर्षों से रायगढ़ संसदीय सीट पर काबिज रहे हैं। ऐसे में कांग्रेस को इस सीट से जीत हासिल करना कड़ी चुनौती है।

**प्रचार प्रसार में कमी**

एक तरफ भाजपा प्रत्याशी राधेश्याम राठिया की नामांकन रैली से लेकर प्रचार प्रसार में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से लेकर वित्त मंत्री और विधायक ओपी चौधरी सहित कई शीर्ष नेताओं ने उनके पक्ष में मोर्चा संभाला, वहीं दूसरी ओर मेनका सिंह के नामांकन रैली में खरसिया विधायक उमेश पटेल सहित रायगढ़ के कांग्रेसी नेता मौजूद रहे, बावजूद इसके उनके पक्ष में प्रचार-प्रसार में कमी देखी जा रही है। राधेश्याम राठिया प्रतिदिन आम लोगों से मुलाकात कर सघन दौरा कर रहे हैं, तो वहीं मेनका सिंह सारंगढ़ तक ही सीमित नजर आ रही हैं।

### आदिवासी होने पर सवाल

कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने भी रायगढ़ में प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए मेनका सिंह के आदिवासी होने पर सवाल उठाए थे, हालांकि मेनका सिंह की ओर से इस सवाल का खण्डन करते हुए कहा गया था कि वह मूलतः आदिवासी परिवार की बेटी हैं। बहरहाल मेनका सिंह के सामने बीजेपी के अनुभवी नेता राधेश्याम राठिया हैं। जिन्हें चुनाव में हराने के लिए कांग्रेस को एड़ी चोटी का जोर लगाना होगा। 7 मई को मतदान है जिसके लिए केवल कुछ ही दिन बाकी हैं, ऐसे में कांग्रेस प्रत्याशी मेनका सिंह राजपरिवार से निकलकर आम जनता के बीच भरोसा जीत पाएंगी यह तो चुनाव परिणाम के दिन ही साबित हो पाएगा।

## कोरबाः भाजपा प्रत्याशी सरोज पांडेय को चुनाव आयोग का नोटिस

कोरबा/चिरमिरी, 28 अप्रैल (हि. स.)। कोरबा लोकसभा में आचार संहिता का उल्लंघन पर पहली बड़ी कार्रवाई सामने आई है। भाजपा प्रत्याशी सरोज पांडेय को कथा की आड़ में राजनीतिक प्रचार-प्रसार के मामले में सहायक रिटर्निंग ऑफिसर 26 अप्रैल को नोटिस जारी किया गया है। छत्तीसगढ़ राज्य के कोरबा लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत चिरमिरी में श्री बागेश्वर धाम सरकार धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री की श्री राम कथा का आयोजन 26 अप्रैल 2024 को लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम, गोदरीपारा चिरमिरी में आयोजित किये जाने हेतु सशर्त अनुमति दी गई थी। इसके पूर्व अशोक श्रीवास्तव अध्यक्ष, जिला कांग्रेस कमेटी एम.सी.बी. (छग) द्वारा सहायक रिटर्निंग अधिकारी, कोरबा लोकसभा क्रमांक-4 से शिकायत कर अवगत कराया गया था कि उक्त कार्यक्रम का प्रचार-प्रसार कोरबा लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी सरोज पांडे एवं छ.ग. सरकार के मंत्रियों के फोटो फ्लेक्सी लगाकर किया जा रहा है।




## रायपुर : कांग्रेस स्टार प्रचारक पायलट की आमसभा आज दोपहर कोरबा के रजगामार में



**रायपुर।** कांग्रेस के स्टार प्रचारक व छत्तीसगढ़ कांग्रेस के प्रभारी सचिन पायलट आज रविवार को कोरबा जिले के प्रवास पर रहेंगे। सचिन पायलट के द्वारा कोरबा लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी ज्योत्सना चरणदास महंत के लिए रामपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत रजगामार में आमसभा को संबोधित किया जाएगा। रजगामार के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मैदान में आज दोपहर 3.30 बजे स्टार प्रचारक सचिन पायलट की सभा होगी। सचिन पायलट के प्रवास व आमसभा के मद्देनजर तैयारियां पूरी हो गई है। इस आमसभा में सचिन पायलट के साथ पीसीसी चीफ दीपक बैज, छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, सांसद व प्रत्याशी ज्योत्सना चरणदास महंत, पूर्व मंत्री धनेन्द्र साहू, पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल, पूर्व विधायक बोधराम कंवर, रामपुर विधायक फूल सिंह राठिया, पूर्व विधायक श्यामलाल कंवर, मोहित केरकेट्टा, पुरूषोत्तम कंवर सहित प्रदेश कांग्रेस के दिग्गज नेता प्रमुख रूप से उपस्थिति रहेंगे।

## सब कुछ राख करने के बाद बुझी नैनीताल के आसपास की आग

**नैनीताल।** नैनीताल जनपद मुख्यालय में कमोवेश जंगलों को पूरी तरह से राख करने के बाद आग कमोवेश बुझा दी गयी है। इसके साथ हेलीकॉप्टर से आग बुझाने का अभियान भी थम गया है। दूसरी ओर आज रविवार को भी नैनीताल जनपद में आग लगने की 43 सूचनाएं सामने आयी हैं। ताजा हालात यह हैं कि जनपद मुख्यालय से लेकर भीमताल तक आसमान में लगातार बांबी बकेट के साथ दौड़ रहे भारतीय सेना के एमआई-17 हेलीकॉप्टर का शोर फिलहाल थम गया है। भीमताल जेल में पूरे एक दिन ठप रही पर्यटन गतिविधियां फिर से शुरू हो गयी हैं। जिला मुख्यालय को जोड़ने वाले हल्द्वानी मार्ग पर एरीज मोड़ के पास से लेकर बल्दियाखान होते हुए नैना गांव तक का सड़क के दोनों ओर का जंगल पूरी तरह से खाक हो गया है। यहां देर रात्रि तक भी पेड़ों के ठूंठों के साथ कई सूखे खड़े पेड़ों पर आग सुलगती रही। वहीं बेलुवाखान के पास का जंगल एक पखवाड़े पूर्व ही जल चुका है और यहां अब दुबारा चीड़ के पत्ते इकट्ठे होने लगे हैं। दोगांव के सामने भवाली रोड पर भी भूमियाधार से लेकर पाइंस और लड़ियाकांठा तक का जंगल एमआई-17 को आग बुझाने के लिये मजबूर करने के और खाक होने के बाद पूरी तरह से काला पड़ गया है। यही हाल खुपार्ताल व बजून क्षेत्र के जंगलों का भी है।

● **आज भी जनपद के जंगलों में 43 जगहों पर आग की सूचनाएं**



### आज यहां जल रहे जंगल

फॉरेस्ट सर्वे ऑफ इंडिया यानी भारतीय वन सर्वेक्षण की वेबसाइट के अनुसार रविवार को नैनीताल जनपद में वनाग्नि की 43 घटनाओं की सूचना मिली हैं। इनमें नैनीताल जनपद की नैना रेंज में दाबका बीट, कोसी रेंज की सूका बीट, भवाली रेंज की कुलेटी व सरना बीट, के मनोरा रेंज में, दक्षिणी गौला रेंज की देवथल व पतलोट बीट, बढ़ौन रेंज, छखाता रेंज की सिमलिया बीट, बड़ौन रेंज की पूर्वी ओखलढूंगा रेंज के साथ रामनगर वन प्रभाग के कोटा रेंज की चोपड़ा, परेवा बीट, फतेहपुर रेंज की उनियाली बीट, च्यूरागांजा बीट, नंधौर रेंज की बलौज पटरानी व बलौट ककोड़ बीट तथा रतराव आम बीट, हल्द्वानी वन प्रभाग के अंतर्गत डांडा रेंज की अलीगढ़ बीट, जौलासाल रेंज की लबार बीट में जल रहे जंगलों की सूचना भी शामिल हैं।

## किसानों के लिए हमारी सरकार ने कई लाभकारी योजनाएं चलाई : नायब सिंह

- **रादौर की विजय संकल्प रैली को मुख्यमंत्री ने किया संबोधित**
- **70 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गों का बनेगा पांच लाख का आयुष्मान कार्ड**




**यमुनानगर।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि आज पूरे देश और अन्य राज्यों में प्रधानमंत्री मोदी को लेकर जनता में भारी उत्साह देखा जा रहा है। लोगों में एक ही बात है कि अब की बार 400 पार। 10 वर्ष में प्रधानमंत्री मोदी ने जो कहा वह किया और जो नहीं कहा वह भी किया है। प्रधानमंत्री ने लाभकारी योजनाओं का लाभ हर वर्ग के लोगों को सीधा पहुंचाया है। भाजपा सरकार ने महिला, युवा, किसान, मजदूर हर वर्ग का ख्याल रखा है। मुख्यमंत्री सैनी रविवार को रादौर में भाजपा की विजय संकल्प रैली को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले यहां पहुंचने पर भाजपा कार्यकताओं ने मुख्यमंत्री सैनी का गर्मजोशी से स्वागत किया। कुरुक्षेत्र से भाजपा के लोकसभा उम्मीदवार नवीन जिंदल भी इस मौके पर मौजूद रहे। इस मौके पर कुरुक्षेत्र से भाजपा के लोकसभा उम्मीदवार नवीन जिंदल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत का पूरी दुनिया में डंका बज रहा है। देश में भाजपा के 10 वर्ष में बेमिसाल विकास कार्य हुए है। उन्होंने वोट की अपील करते हुए कि प्रधानमंत्री के 400 पार के लक्ष्य को सार्थक करके दिखाना है। इस मौके पर बड़ी संख्या में भाजपा के मंत्री, विधायक, नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मोदी के सशक्त नेतृत्व में हम पुनः विश्व गुरु बनने का वैभव पाएंगे : विजय अग्रवाल

रायगढ़। लोकसभा चुनाव के सहसंयोजक रायगढ़ के पूर्व विधायक लोकसभा प्रत्याशी राधेश्याम राठिया को प्रचंड मतों से जिताने के लिए संकल्पित भाव से पूरी ऊर्जा के साथ लगे हुए है। कार्यकताओं को बड़े ही नजदीक से समझने वाले विजय अग्रवाल को कई चुनावों का अनुभव है। आज रविवार को सरिया के नौघटा में आयोजित नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए विजय अग्रवाल ने कहा कि मोदी की योजनाएं गांव, गरीब , किसान , युवा और महिलाओं और वंचितों के लिए है। उन्होंने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ में जनता के आशीर्वाद से भाजपा की सरकार बनी और विष्णुदेव साय सरकार ने तीन माह में महतारी वंदन योजना, किसानों को दो वर्षों का बकाया बोनस, धान की खरीद प्रति एकड़ 21 क्विटल 3,100 से, 18 लाख प्रधानमंत्री आवास पर स्वीकृति दी। मुझे विश्वास है छत्तीसगढ़ की जनता 11 की 11 लोकसभा सीटें भारतीय जनता पार्टी को जीताकर मोदी को भेंट करेगी। देश में पहली बार एक गरीब मां का बेटा प्रधानमंत्री बना जो गांव, गरीब किसान, युवा और महिलाओं के लिए योजनाएं बनाकर काम कर रहे हैं। आज देश का हर व्यक्ति मोदी के साथ खड़ा हैं।

## आनलाइन इंजीनियरिंग परीक्षा में नकल कराने वाले गिरोह का भंडाफोड़

**देहरादून।** उत्तराखंड पुलिस ने इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा में नकल कराने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। ऑनलाइन होने वाली इस परीक्षा के रायपुर स्थित केंद्र पर छापेमारी कर गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों के पास से एक लैपटॉप, तीन मोबाइल फोन और प्रवेश पत्र व अन्य प्रमाण मिले हैं। एसओजी देहरादून और एसटीएफ मेरठ की संयुक्त टीम ने नकल माफिया पर यह बड़ी कार्रवाई की है। एसएसपी देहरादून अजय सिंह ने बताया कि इस अभियान में जितेश कुमार पुत्र रामबाबू और राहुल कुमार पुत्र अंजनी ठाकुर हिरासत में लिए गए हैं जबकि हरियाणा के कुलवीर और बिजनौर के गौरव यादव प्रकरण में वांछित हैं। कुछ संस्थानों में नकल माफिया ने विभिन्न आनलाइन प्रतियोगी परीक्षाओं में परीक्षार्थियों को नकल कराये जाने के सम्बन्ध में एसटीएफ मेरठ की टीम से देहरादून पुलिस को गोपनीय जानकारी प्राप्त हुई। देहरादून पुलिस ने एसटीएफ मेरठ की टीम से समन्वय स्थापित करते हुए एसओजी देहरादून और एसटीएफ मेरठ उत्तर प्रदेश की संयुक्त टीम द्वारा प्राप्त सूचना के आधार पर सहस्त्रधारा रोड स्थित एडू च्वॉइस कंसलटेंसी नाम के कन्सल्टेंसी लैब में छापा मार गया। वहां 20 अप्रैल से 25 अप्रैल के बीच वैलोर इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी तमिलनाडु की ऑनलाइन एंट्रेंस परीक्षा भी आयोजित की गई थी। इस सम्बन्ध में सख्ती से पूछताछ करने पर अभियुक्तों ने उक्त परीक्षा में अभ्यर्थियों के सिस्टम का सर्वर रूम से एक्सेस प्राप्त कर आनलाइन पेपर साल्व करवाने की बात स्वीकार की है।

**दो गिरफ्तार**

# दो इनामी महिला समेत पांच नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावति सुकमा जिले में पूना नर्कोम-नई सुबह, नई शुरूआत अभियान चलाई जा रही है। इस अभियान से प्रभावित होकर रविवार को पांच नक्सलियों ने नक्सल ऑपरेशन कार्यालय सुकमा में आत्मसमर्पण किया है। सुकमा पुलिस से प्राप्त जानकारी के मुताबिक जिले में पूना नर्कोम-नई सुबह, नई शुरूआत अभियान चलाई जा रही है। इसी कड़ी में 5 नक्सलियों ने सीआरपीएफ और उच्च पुलिस अधिकारियों की उपस्थिति में नक्सल ऑपरेशन कार्यालय सुकमा में आत्मसमर्पण किया है। आत्मसमर्पण करने वालों में माड़वी आयते (सिंघनमडगु आरपीसी अंतर्गत सीएनएम अध्यक्ष, ईनामी 01 लाख रुपये) , वेट्टी लाली (अरलमपल्ली पंचायत सीएनएम अध्यक्षा, ईनामी 01 लाख) , मडकम भीमा (पालाचलमा आरपीसी अंतर्गत मिलिशिया सदस्य), पदाम कमलेश (कोंटा एरिया कमेटी अंतर्गत जनताना सरकार स्कूल अध्यक्ष) और सोड़ी मासा (साकलेर आरपीसी मेडिकल टीम अध्यक्ष) शामिल हैं। आत्मसमर्पित नक्सलियों को शासन की छत्तीसगढ़ नक्सलवाद उन्मूलन नीति के तहत सहायता राशि व अन्य सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी।



## नक्सलियों की सूचना देने वाले को मिलेगा पांच लाख का ईनाम साथ में सरकारी नौकरी : एसपी

**सुकमा।** जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत नक्सल पीड़ित ग्रामीणों को बस्तर आई जी सुन्दरराज पी., कमलोचन कश्यप उप महानिरीक्षक रेंज दन्तेवाड़ा, अरविंद राय, उप महानिरीक्षक (परि.) सीआरपीएफ रेंज सुकमा, के मार्गदर्शन एवं किरण चव्हाण, पुलिस अधीक्षक जिला सुकमा के निर्देशन में जागरुक किया जा रहा है। सुकमा एसपी किरण चव्हाण ने बताया कि, नक्सलियों की सूचना दो ईनाम पाओ का अभियान भी चलाया जा रहा है, जिसमें किसी भी व्यक्ति के द्वारा नक्सलियों की सूचना देकर उन्हें गिरफ्तार करवाने अथवा नक्सलियों के विरुद्व नक्सल अभियान को सफल बनाने हेतु सूचना देकर सहयोग करने पर उस व्यक्ति को सुकमा पुलिस द्वारा 5 लाख रुपये नगद इनाम साथ में शासकीय नौकरी भी दी जायेगी और नक्सलियों के आत्मसमर्पण करवाने पर भी नगद ईनाम दिया जायेगा।

